Follow us on: @TheDailyPioneer facebook.com/dailypioneer instagram.com/dailypioneer/

# पायनियर

Established 1865

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

www.dailypioneer.com

RNI NO. CHHHIN/2016/70655
वर्ष-09, अंक-195
रायपुर, शुक्रवार 07 मार्च 2025
पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 3.00







# ट्रक और कार आमने-सामने टकराए हादसे में 5 लोगों की दर्दनाक मौत

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



मंदिर हसौद थाना क्षेत्र के तहत नेशनल हाइवे 53 पर गुरुवार को ट्रक और कार के बीच आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इस दर्दनाक सड़क हादसे में कुल पांच लोगों की मौत हो गई है। यह घटना उमरिया के मयूर कॉलेज के पास घटित हुई। घटना क्षेत्र मंदिर हसौद थाना अंतर्गत का है। सड़क दुर्घटना में महिलाएं भी शामिल हैं, जिनकी हादसे के बाद दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर मंदिर हसौद पुलिस पहुंची। जहां क्रेन की सहायता से शवों को बाहर निकाला गया। इस भीषण सड़क हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए। मृत शरीर की हालत पहचानने योग्य नहीं बचा। बताया जा रहा है कि कार के टायर फटने से यह घटना घटी। हादसे के बाद हाइवे पर लम्बा जाम लगा रहा। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति पर नियंत्रण पाया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच में जुटी हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टायर फटने पर तेज रफ्तार कार डिवाइडर तोड़कर सामने से आ रहे ट्रक से जा भिड़ी। बहरहाल पुलिस मामले की पड़ताल में जुट गई है।

घटना की विस्तृत जानकारी देते हुए मंदिर हसौद थाना प्रभारी ने पायनियर संवाददाता रणजीत पाण्डेय को बताया कि वाहन एक्सयूवी क्रमांक सी.जी. 04 एन.क्यू. 5063 और ट्रक क्रमांक एम.एच. 40 सी.एम. 9637 में आमने-सामने टक्कर हुआ। एक्सयूवी गाड़ी रायपुर से आरंग की ओर जा रही थी। वहीं ट्रक रायपुर की ओर आ रहा था। दुर्घटना के दौरान कार में सवार 5 व्यक्तियों की मौके पर ही मौत हो गई। सभी मृतक रायपुर के रहने वाले हैं, जिसमें से मोहम्मद फिरोज पिता मोहम्मद इस्माईल, मोहम्मद हसनेन पिता मोहम्मद इमाम, मोहम्मद मिराज खान पिता मोहम्मद वकील, मोहम्मद किताबुद्दीन पिता अजमुल्ला खान, सोनम खान पिता कबीर खान के नाम शामिल हैं । मरने वाले सभी व्यक्ति के उम्र 30 से 40 वर्ष है।

## क्विक न्यूज़

### सुप्रीम कोर्ट ने उदयनिधि स्टालिन के खिलाफ नए मुकदमे पर रोक लगाई



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कहा कि सनातन धर्म पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणियां करने को लेकर विवादों में घिरे तमिलनाडु के मंत्री एवं द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) नेता उदयनिधि स्टालिन के खिलाफ बिना इस अदालत की अनुमति नए आपराधिक मामले दर्ज नहीं किये जाये। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार तथा न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने स्टालिन के खिलाफ विभिन्न राज्यों में शुरू की गई सभी आपराधिक कार्यवाहियों (टिप्पणियों को लेकर) को एक साथ करने की उनकी याचिका पर यह अंतरिम निर्देश पारित किया। पीठ ने कहा, अप्रैल में सूचीबद्ध करें। अंतरिम आदेश प्रभावी रहेगा और किसी भी नए जोड़े गए मामलों पर लागू होगा। हम निर्देश देते हैं कि इसी मुद्दे पर कोई और मुकदमा दर्ज न किया जाए।

### आरबीआई के तरलता बढ़ाने की घोषणा से बाजार ने लगाई छलांग

**मुंबई।** एशियाई बाजारों की तेजी के बीच भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के बैंकिंग तंत्र में तरलता बढ़ाने के लिए इस महीने एक लाख करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूति खरीदने की घोषणा से उत्साहित निवेशकों की चौतरफा लिवाली की बदौलत शेयर बाजार ने लगातार दूसरे दिन छलांग लगाई। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 609.86 अंक अर्थात 0.83 प्रतिशत उछलकर करीब दो सप्ताह बाद 74 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 74,340.09 अंक पर पहुंच गया। पिछले लगातार दो दिनों में सेंसेक्स में 1350.16 अंक की बढ़ोतरी हुई है। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 207.40 अंक यानी 0.93 प्रतिशत की तेजी के साथ 22,544.70 अंक पर बंद हुआ। दिग्गज कंपनियों की तरह निवेशकों की बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में निवेश धारणा मजबूत रही। इससे मिडकैप 0.65 प्रतिशत की मजबूती के साथ 40,009.30 अंक और स्मॉलकैप 1.63 प्रतिशत की छलांग लगाकर 45,265.29 अंक पर पहुंच गया।

## ट्रम्प प्रशासन वेटरन्स अफेयर्स विभाग से 70 हजार से अधिक कर्मचारियों की करेगा छंटनी

एजेंसी ‹ वाशिंगटन
www.dailypioneer.com



अमेरिका में ट्रम्प प्रशासन वेटरन्स अफेयर्स विभाग (वीए) में 70 हजार से अधिक कर्मचारियों की छंटनी करने की योजना बना रहा है। वीए चीफ ऑफ स्टाफ क्रिस्टोफर सिरेक ने कहा कि विभाग सरकारी दक्षता विभाग या डीओजीई के साथ साझेदारी में, पूरे विभाग में वीए को पुनर्गठित करने और कार्यबल का आकार बदलने के लिये आक्रामक तरीके से आगे बढ़ेगा। विभाग का लक्ष्य अपने कार्यबल को 2019 के स्तर पर वापस लाना है, जो कि लगभग चार लाख कर्मचारी हैं, जिसका अर्थ है कि 70 हजार से अधिक कर्मचारियों को नौकरी से निकाला जा सकता है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, जनवरी के अंत में अरबपति एलन मस्क के नेतृत्व में डीओजीई अपना काम शुरू किया था। उस समय से अब तक देश भर में 30 हज़ार से ज़्यादा संघीय कर्मचारियों को नौकरी से निकाला जा चुका है। व्हाइट हाउस ने पहले कहा था कि लगभग 75 हजार संघीय कर्मचारियों ने बायआउट योजना को स्वीकार कर लिया है, जिसके तहत उन्हें 'स्थगित इस्तीफ़ा' देने पर आठ महीने का वेतन दिया जाएगा। इसका अर्थ है कि एक लाख से ज़्यादा संघीय कर्मचारियों के पदों में कटौती की गई है, जो 23 लाख संघीय कर्मचारियों का लगभग 4.5 प्रतिशत है। यह व्हाइट हाउस के कर्मचारियों की संख्या को पांच से 10 प्रतिशत कम करने के लक्ष्य के करीब है।

## आरबीआई 12 मार्च को करेगा 50 हजार करोड़ की सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद

पायनियर संवाददाता ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने आर्थिक स्थिरता बनाए रखने और ब्याज दरों को नियंत्रित करने के उद्देश्य से तंत्र में नकदी का प्रवाह बढ़ाने के लिए 50 हजार करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियों को ओपन मार्केट ऑपरेशन (ओएमओ) के तहत खरीदने की घोषणा की। आरबीआई ने बताया कि यह नीलामी 12 मार्च 2025 को आयोजित की जाएगी, जिसकी जानकारी 05 मार्च 2025 को दी गई थी। इस नीलामी में रिजर्व बैंक बहु-मूल्य पद्धति का उपयोग करेगा, जिसके तहत अलग-अलग प्रतिभूतियों के लिए अलग-अलग बोलियां ली जाएंगी और उनके आधार पर कीमत तय की जाएगी। इससे बाजार में पारदर्शिता बनी रहेगी और प्रतिभागियों को उचित मूल्य पर सरकारी प्रतिभूतियां खरीदने का अवसर मिलेगा। रिजर्व बैंक ने स्पष्ट किया है कि उसके पास व्यक्तिगत प्रतिभूतियों की खरीद की मात्रा तय करने, कुल 50 हजार करोड़ रुपये से कम राशि की बोलियों को स्वीकार करने, पूर्णांकन के कारण थोड़ा अधिक या कम खरीदने और बिना कोई कारण बताए किसी भी बोली को आंशिक या पूर्ण रूप से अस्वीकार करने का अधिकार रहेगा।

## महंगाई भत्ता 53 प्रतिशत किए जाने का आदेश जारी

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

सुशासन वाली विष्णु सरकार ने राज्य के शासकीय सेवकों के महंगाई भत्ते को 53 प्रतिशत किए जाने की अपनी घोषणा को पूरा करके राज्य के लाखों शासकीय सेवकों को होली पर्व से पूर्व सौगात दी है। यह उल्लेखनीय है कि वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने 3 मार्च को विधानसभा में वर्ष 2025-26 के वार्षिक बजट में शासकीय सेवकों को 53 प्रतिशत डीए किए जाने की घोषणा की थी। उक्त घोषणा के परिपालन में शासकीय सेवकों के महंगाई भत्ते में वृद्धि किए जाने का आदेश वित्त विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है। जारी आदेश के अनुसार राज्य के शासकीय सेवकों के महंगाई भत्ते में 3 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी करके 53 प्रतिशत किए जाने का आदेश जारी कर दिया गया है। सातवें वेतनमान में कार्यरत कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 3 प्रतिशत की वृद्धि की गई है, अब उन्हें 53 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिलेगा। जबकि छठवें वेतनमान के कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 7 प्रतिशत की वृद्धि की गई है, अब उन्हें 246 प्रतिशत महंगाई भत्ता प्राप्त होगा। यह वृद्धि 1 मार्च 2025 से प्रभावी होगी और इसका भुगतान मार्च 2025 के वेतन के साथ अप्रैल माह में किया जाएगा।

## महिला दिवस पर राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगी मुर्मु

पायनियर संवाददाता ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नारी शक्ति से विकसित भारत विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगी। सम्मेलन का आयोजन महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा यहां विज्ञान भवन में किया जा रहा है। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी और राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर के साथ-साथ वरिष्ठ अधिकारी और विशिष्ट अतिथि भी शामिल होंगे। महिला दिवस के अवसर पर वह भारत का निर्माण कर रही है हैशटैग से सोशल मीडिया पर एक मेगा अभियान भी चलाया जा रहा है। कार्यक्रम में सशस्त्र बलों, अर्धसैनिक बलों और दिल्ली पुलिस की महिला अधिकारियों के साथ-साथ मेरा युवा भारत पोर्टल के स्वयंसेवक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता और स्वयं सहायता समूह की सदस्य भाग लेंगी। इसके अलावा विभिन्न मंत्रालयों, विभागों की महिला अधिकारियों को भी कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। इस कार्यक्रम में विश्व बैंक, यूनिसेफ, यूएन महिला, यूएनडीपी, यूएनएफपीए आदि जैसे अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। उद्घाटन सत्र के बाद महिलाओं से जुड़े विभिन्न विषयों पर एक उच्च स्तरीय पैनल चर्चा की जायेगी। इस दौरान विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, गणित, व्यवसाय, खेल, मीडिया और शासन क्षेत्रों से जुड़ी प्रसिद्ध महिला हस्तियों को एक साथ लाने के लिए तीन तकनीकी सत्र आयोजित किए जाएंगे। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की 50वीं वर्षगांठ पर ये हस्तियां अपने अनुभव साझा करेंगी और भावी पीढ़ियों को प्रेरित करेंगी। साथ ही वित्तीय समावेशन, उद्यमिता और अर्थव्यवस्था में महिलाओं को सशक्त बनाने पर केंद्रित सत्र का आयोजन किया जायेगा। राजनीतिक नेतृत्व के माध्यम से लैंगिक समानता में तेजी लाने के लिए नीतियों और रूपरेखाओं पर भी चर्चा होगी।

## रामानुजगंज विधानसभा के कांग्रेसी नेता को पुलिस ने भेजा जेल

### मंत्री रामविचार नेताम एवं पीठासीन अधिकारी से जुड़ा है मामला



पायनियर संवाददाता ‹ बलरामपुर
www.dailypioneer.com

कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम को मंच से अपशब्द कहने वाले कांग्रेस नेता और जनपद पंचायत रामचंद्रपुर के नवनिर्वाचित जनपद सदस्य मो. बक्स अंसारी को गिरफ्तार कर पुलिस ने जुलूस निकाला। मंत्री नेताम को अपशब्द कहने वाले बक्स पर रामचंद्रपुर थाने में 5 मार्च को एक और एफआईआर दर्ज की गई थी। बक्स पर चुनाव के दिन 23 फरवरी 2025 को मतदान सामग्री लूटने की कोशिश और मतदानकर्मियों से गालीगलौज करने का आरोप है। इन्हीं दोनों मामले में मो. बक्स अंसारी को पुलिस ने गिरफ्तार कर रामानुजगंज उपजेल भेजा है। पुलिस ने कांग्रेस के जनपद सदस्य का सड़क से पैदल मार्च निकाला।

### मंत्री रामविचार नेताम कहा था अपशब्द

जानकारी के अनुसार रामचंद्रपुर ब्लॉक के जनपद क्षेत्र क्रमांक-12 से चुनाव जीतने वाले जनपद सदस्य मो.बक्स अंसारी ने 26 फरवरी को रामचंद्रपुर में विजय जुलूस निकाला था। विजय जुलूस के बाद आमसभा में रामचंद्रपुर का परीक्षा सेंटर बदले जाने को लेकर अंसारी ने मंत्री रामविचार नेताम को लेकर कहा था कि ये लोगों को बेवकूफ समझता है। कार्यक्रम का वीडियो वायरल होने के बाद मामले की शिकायत भाजपा और भाजयुमो नेताओं ने 4 मार्च को रामानुजगंज थाने में की थी। जिसके बाद एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तारी हुई।

### अगर शीत काल के समय आएं तो उत्तराखंड की सही अनुभूति होती है

## उत्तराखंड को विकसित राज्य बनाना हमारा लक्ष्य : मोदी

वार्ता ‹ हर्षिल
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार का लक्ष्य उत्तराखंड को विकसित राज्य बनाना है, जिसके लिए केंद्र और राज्य की डबल इंजन सरकार मिलकर काम कर रही है तथा इस दिशा में कई बड़े फैसले किये गये हैं। उत्तराखंड में भारत तिब्बत अंतरराष्ट्रीय सीमा पर स्थित उत्तरकाशी जिले के हर्षिल में शीतकालीन पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए यहां पहुंचे मोदी ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, मां गंगा ने मुझे बुलाया है। मुझे लगता है कि मां गंगा ने मुझे गोद ले लिया है। ये दशक उत्तराखंड का बन रहा है। उत्तराखंड की प्रगति के लिए नए रास्ते खुले हैं। प्रधानमंत्री ने गढ़वाली बोली में संबोधन शुरू कर, पिछले सप्ताह माणा गांव में हुए हादसे पर दुःख व्यक्त किया। उन्होंने कहा, यहां आप सब अपने परिवारजनों से मिलकर मैं धन्य हो गया। गंगा के आशीर्वाद से काशी तक पहुंचा हूं। उन्होंने कहा कि जब केदारनाथ गए तो मैं बोल पड़ा था, यह उत्तराखंड का दशक होगा। यह शक्ति बाबा केदार ने दी है। वह भाव सच्चाई में बदल रहा है। जिन संकल्पना को लेकर उत्तराखंड बना था, वह संकल्प पूरे हो रहे हैं। मोदी ने कहा कि अपने टूरिज्म सेक्टर को बारहमासी बनाना बहुत जरूरी है। अब कोई सीजन ऑफ सीजन नहीं होगा। ऑन सीजन होगा। सर्दियों में होटल, होमस्टे खाली पड़े रहते हैं, इससे आर्थिक असंतुलन हो जाता है। अगर शीत काल के समय आएं तो उत्तराखंड की सही अनुभूति होती है। प्रधानमंत्री ने यूट्यूबर्स इंफ्लूएंसर और सोशल मीडिया पर काम करने वालों की उत्तराखंड के अन्य रमणीक स्थानों की पांच मिनट की फिल्म बनाकर, सबसे अच्छी फिल्म को बड़ा पुरस्कार देने का राज्य सरकार को सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि ऐसी फिल्म बनाने का अवसर देशभर के लोगों को देना चाहिए, ताकि यहां का शीतकालीन पर्यटन और विकसित हो सके। प्रधानमंत्री के उद्बोधन से पहले मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी जनसभा को संबोधित किया।

## भारत पूरे ध्यान से अपने डिजिटल भविष्य को आकार दे रहा है : मोदी

वार्ता ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना (डीपीआई), कृत्रिम मेधा (एआई), सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण पर विशेष ध्यान देते हुए अपने डिजिटल भविष्य को आकार दे रहा है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में इस विषय में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा लिखे गए लेख को जोड़ कर कहा, केंद्रीय मंत्री अश्विनी ने विस्तार से बताया कि कैसे भारत डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई), एआई, सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग पर ज़ोर देकर अपने डिजिटल भविष्य को आकार दे रहा है। प्रधानमंत्री ने लोगों ने अंग्रेजी में प्रकाशित वैष्णव के इस लेख को पढ़ने की अपील की है। इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी, सूचना प्रसारण तथा रेलवे मंत्री ने अपने लेख में डीपीआई, एआई, सेमीकंडक्टर तथा इलेक्ट्रानिक्स के क्षेत्र में प्रगति का विवरण दिया है। उन्होंने महाराष्ट्र में किसानों द्वारा खेती में एआई के प्रयोग, हाल में सम्पन्न प्रयाग महाकुंभ में डीपीआई के प्रयोग से व्यवस्था संभालने में सफलता जैसे कुछ उदाहरणों का उल्लेख भी किया है।

## जम्मू-कश्मीर मसले का एकमात्र हल पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले हिस्से की वापसी : जयशंकर



**लंदन (वार्ता)।** विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कहा है कि जम्मू-कश्मीर मसले का एकमात्र बाकी हल पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले हिस्से की वापसी है। डॉ. जयशंकर ने चैथम हॉल में संवाद कार्यक्रम में एक पाकिस्तानी पत्रकार के जम्मू-कश्मीर के मसले के समाधान के बारे में एक सवाल के जवाब में कहा, हमने इसमें से अधिकांश को हल करने के लिए अच्छा काम किया है। अनुच्छेद 370 को हटाना, विकास और समृद्धि को बहाल करना, चुनाव आयोजित करना जिसमें अभूतपूर्व मतदान दर्ज किया गया है। विदेश मंत्री ने कहा, हम जिस चीज़ का इंतजार कर रहे हैं, वह कश्मीर के चोरी हुए हिस्से की वापसी है, जो अवैध पाकिस्तानी कब्जे में है। जब ऐसा किया जाएगा, तो मैं आपको विश्वास दिलाता हूं, कश्मीर मसला हल हो जाएगा। पाकिस्तानी पत्रकार ने पूछा था कि अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प शांति एवं बातचीत से विवादों के समाधान के पक्षधर हैं तो क्या प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कश्मीर के मसले के समाधान के लिए बात करेंगे। अमेरिका में ट्रंप प्रशासन की नीतियों के भारत पर प्रभाव से संबंधित एक सवाल के जवाब में कहा, पिछले कुछ हफ्तों में हमने जो कुछ भी देखा है, वह वैसा ही है जैसी हमें पहले से उम्मीद थी। मुझे तो इस बात का आश्चर्य है, लोग आश्चर्यचकित हो रहे हैं।

## खरगे का आरोप : गंगा सफाई गारंटी पर अपना वादा भूल गये मोदी

पायनियर संवाददाता ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 11 साल पहले मां गंगा की सफाई के लिए 'नमामि गंगा योजना' शुरू कर वादा किया था कि वह गंगा को निर्मल बना देंगे लेकिन सच यह है कि इस अभियान के लिए आवंटित आधी राशि खर्च ही नहीं हुई और जो पैसा खर्च हुआ उससे गंगा साफ नहीं हुई। खरगे ने प्रधानमंत्री की गंगा के उद्गम स्थल गंगोत्री की यात्रा पर कटाक्ष करते हुए कहा, मोदी जी ने कहा था कि उनको 'माँ गंगा ने बुलाया है' पर सच ये है कि उन्होंने गंगा सफ़ाई की अपनी गारंटी को 'भुलाया' है। क़रीब 11 वर्ष पहले, 2014 में, नमामि गंगे योजना शुरू की गई थी। योजना में मार्च 2026 तक 42,500 करोड़ रुपए की राशि इस्तेमाल की जानी थी, पर संसद में गंगा से संबंधित सवालों के जवाब से पता चलता है कि दिसंबर 2024 तक केवल 19,271 करोड़ रुपये ख़र्च हुए हैं। यानी मोदी सरकार ने नमामि गंगे योजना के लिए आवंटित 55 प्रतिशत राशि ख़र्च ही नहीं की। आखिर माँ गंगा के प्रति इतनी गहरी उदासीनता क्यों। उन्होंने कहा, मोदी जी ने 2015 में हमारे एनआरआई साथियों से स्वच्छ गंगा निधि में योगदान देने का आग्रह किया था और मार्च 2024 तक इस फंड में 876 करोड़ रुपए दान दिए गए लेकिन इसका 56.7 प्रतिशत अब तक इस्तेमाल नहीं हुआ है।

# प्रदेश में 10 लाख नए युवा उद्यमी तैयार करेगी सरकार : योगी

वार्ता ‹ गोरखपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भाजपा सरकार ने प्रदेश के अंदर 10 लाख नए युवा उद्यमी को तैयार करने के अभियान को अपने हाथ में लिया है। बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम युवा) के तहत गोरखपुर व बस्ती मंडल के 2500 लाभार्थियों को 100 करोड़ रुपये का ऋण तथा ओडीओपी के अंतर्गत दोनों मंडलों के 2100 प्रशिक्षणार्थियों को टूलकिट वितरण कार्यक्रम में योगी ने कहा कि होली के पहले प्रदेश के युवाओं को दिए जा रहे सौगात का लाभ नए युवा उद्यमी बनने में मदद करेगा। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना 24 जनवरी 2025 को प्रारंभ की। अभी लगभग सवा महीने हुए हैं। इससे पूरे वर्ष भर में एक लाख नए उद्यमियों को जोड़ना था, लेकिन अभी तक ही 2लाख 54 हजार 794 आवेदन आ चुके हैं।



यही स्कीम की लोकप्रियता है। इसमें से एक लाख आवेदन बैंकों को भेज दिए गए हैं। 24 हजार लाभार्थियों को 931 करोड़ रुपये का ऋण स्वीकृत हो गया है और 10,500 लाभार्थियों को 410 करोड़ रुपये वितरण भी किया जा चुका है। गोरखपुर व बस्ती मंडल के 1440 लाभार्थियों को 67.14 करोड़ रुपये का ऋण स्वीकृत करते हुए 575 लाभार्थियों को 25.80 करोड़ का ऋण पहले वितरित किया जा चुका है। आज 2500 लाभार्थियों को 100 करोड़ ऋण वितरण की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत नई दिशा में चला है। पिछले 10 वर्ष में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नए भारत का दर्शन किया जा रहा है। नया भारत ऊर्जा व सामर्थ्य से दुनिया को अपना अनुगामी बनाता है। इस ऊर्जा के प्रतीक हैं युवा, जिन्होंने पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत को दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बनाया। अगले दो वर्ष में भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। अर्थव्यवस्था को तेजी से आगे बढ़ाने में सबसे बड़ी भूमिका नए युवा उद्यमियों की होगी। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप, स्टैंडअप, मेक इन इंडिया की संस्कृति को आगे बढ़ाया गया, जो युवाओं को बढ़ाकर आत्मनिर्भर भारत की कल्पना को साकार कर रहा है। उन्होंने कहा कि आज गोरखपुर व बस्ती के सातों जिलों गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर, महराजगंज, बस्ती, संतकबीरनगर व सिद्धार्थनगर के युवाओं को ऋण वितरित किया गया। जब हम यह स्कीम बना रहे थे, तभी आपकी ऊर्जा पर विश्वास था। हमें पता था कि आपके पास विजन है, उसे धरातल पर उतारने के लिए पूंजी की आवश्यकता है। कई नौजवान स्टार्टअप-कारोबार प्रारंभ करना चाहते, लेकिन पूंजी का अभाव होता है। हमने तय किया कि उसकी मजबूरी को मजबूरी नहीं रहने देंगे, बल्कि उसके विजन को धरातल पर उतारेंगे। योगी ने कहा कि उपराष्ट्रपति के हाथों मुख्यमंत्री युवा उद्यमी स्कीम का पोर्टल प्रारंभ कराया। इसमें हमने व्यवस्था दी कि एक वर्ष में एक लाख नए उद्यमी, पांच लाख रुपये का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराएंगे।

## राजस्थान में भजनलाल के अथक प्रयासों से धरातल पर उतर रही हैं जल परियोजनाएं : रावत

**जयपुर।** राजस्थान के जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने प्रदेश में जल सुरक्षा स्थापित करना राज्य सरकार का लक्ष्य बताते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के अथक प्रयासों से जल परियोजनाएं धरातल पर उतर रही हैं । रावत बुधवार रात विधानसभा में जल संसाधन एवं इन्दिरा गांधी नहर परियोजना (मांग संख्या-42) की अनुदान मांग पर हुई बहस का जवाब दे रहे थे। चर्चा के बाद सदन ने जल संसाधन एवं इन्दिरा गांधी नहर परियोजना की 73 अरब 82 करोड़ 72 लाख 73 हजार रुपए की अनुदान मांगें ध्वनिमत से पारित कर दीं। इससे पहले उन्होंने कहा कि सिंचाई परियोजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। 'विकास भी-विरासत भी' के अनुरूप प्रदेश को जल सुरक्षित राज्य बनाने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस वित्तीय वर्ष में कुल 10 हजार 20 करोड़ रुपए का बजट आवंटित हुआ है। इसमें जल संसाधन के लिए 8 हजार 147.78 करोड़ और इन्दिरा गांधी नहर के लिए 1 हजार 872.20 करोड़ रुपए का आवंटन है। उन्होंने कहा कि राज्य में कृषि योग्य सिंचित भूमि 272.11 लाख हैक्टेयर है। इसमें से वर्तमान में सतही जल परियोजनाओं द्वारा सिंचित क्षेत्र लगभग 39.36 लाख हैक्टेयर है।

# धान उपार्जन घोटाले के मामले में ईओडब्ल्यू की प्रदेशव्यापी छापेमार कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ‹ भोपाल
www.dailypioneer.com

आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) ने धान उपार्जन घोटाले के संबंध में मध्यप्रदेश में आज 12 जिलों की 150 उपार्जन समितियों और 140 वेयरहॉउस पर छापे की कार्रवाई की। ईओडब्ल्यू के महानिदेशक उपेंद्र जैन ने छापों की पुष्टि करते हुए कहा कि अब तक की कार्रवाई में 19,910.53 क्विंटल धान की हेराफेरी के सबूत मिले है। इस धान की कीमत लगभग 5 करोड़ रुपये है। सतना के एक वेयरहाउस में धान के स्थान पर 535 क्विंटल भूसी पाई गई। ईओडब्ल्यू के अनुसार विभिन्न उपार्जन समितियों के 79 से अधिक पदाधिकारियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। प्रकोष्ठ की 25 टीमों द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है एवं और भी कई समितियों में घोटाला पाए जाने की आशंका है। ईओडब्ल्यू ने बताया कि प्रदेश में कई स्थानों पर धान उपार्जन में हेराफेरी की लगातार सूचनाएं प्राप्त हो रही थीं। कई धान उपार्जन समितियों द्वारा किसानों का फर्जी रजिस्ट्रेशन कर लिया जाता है तथा बिना धान लिए ही ई-उपार्जन पोर्टल पर उपार्जन की फर्जी प्रविष्टि कर दी जाती है। इसके उपरांत ट्रांसपोर्ट एवं वेयरहाउस का भी रिकॉर्ड तैयार कर लिया जाता है। समिति द्वारा प्रविष्ट की गई मात्रा के आधार पर भुगतान कर दिया जाता है। इस फर्जीवाड़े से हर साल शासन को करोड़ों रुपयों की आर्थिक क्षति पहुंचती है। इस फर्जीवाड़े में उपार्जन समिति के पदाधिकारियों के अलावा कुछ ट्रांसपोर्टर, वेयरहाउस तथा राइस मिलें भी शामिल हो सकती हैं। ईओडब्ल्यू के अनुसार मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने इस कथित घोटाले संबंधी शिकायतों पर प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश ईओडब्ल्यू को निर्देश दिए हैं। इसके बाद प्रकोष्ठ ने 25 टीम बनाकर प्रदेशव्यापी कार्रवाई की। बालाघाट, जबलपुर, डिंडोरी, रीवा, सतना, मैहर, सागर, पन्ना, ग्वालियर, नर्मदापुरम, नरसिंहपुर, श्योपुर इत्यादि 12 जिलों की 150 उपार्जन समितियों और 140 वेयर हाउस को चेक किया गया। अभी तक की कार्रवाई में 19,910.53 क्विंटल धान की हेराफेरी पाई गई। सतना जिले के कनक वेयर हाउस में 535 क्विंटल धान के स्थान पर भूसी पाई गई। वेयरहाउस में सेवा सहकारी समिति पिंडरा एवं सेवा सहकारी समिति हिरौंदी जिला सतना द्वारा धान का भण्डारण किया गया है। अभी और भी कई समितियों में घोटाला पाया जाना संभावित है। प्रकोष्ठ द्वारा ट्रांसपोटर्स, वेयरहाउसेस तथा राइसमिलों की भूमिका के संबंध में जांच की जा रही है। प्रकोष्ठ के अनुसार कार्रवाई में प्रकोष्ठ के पुलिस अधीक्षक भोपाल अरुण मिश्रा, पुलिस अधीक्षक जबलपुर सुनील पाटीदार, पुलिस अधीक्षक सागर देवेन्द्र यादव, पुलिस अधीक्षक रीवा डॉ अरविन्द सिंह ठाकुर, पुलिस अधीक्षक ग्वालियर दिलीप सिंह तोमर और उनकी टीमों ने सराहनीय कार्य किया है।

## बागडे ने सरकार की योजनाओं की समीक्षा कर अधिक से अधिक लोगों को लाभांवित करने का किया आह्वान

एजेंसी ‹ जोधपुर
www.dailypioneer.com

राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने क्षेत्रीय विकास एवं सामुदायिक उत्थान की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करने के निर्देश देते हुये केंद्र एवं राज्य सरकार के कल्याणकारी कार्यक्रमों को जरूरतमन्दों तक पहुंचाकर खुशहाली लाने के लिए समर्पित होकर प्रयास करने का आह्वान किया है। बागडे ने जोधपुर में मारवाड़ इंटरनेशनल सेंटर में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह आह्वान किया। बैठक में पीपीटी के माध्यम से जिले में संचालित केंद्र एवं राज्य प्रायोजित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की जानकारी दी गयी। उन्होंने बैठक में केन्द्र और राज्य प्रायोजित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की अद्यतन प्रगति एवं प्राप्त उपलब्धियों, भौगोलिक परिस्थितियों एवं संसाधनों की कमी से प्रभावित क्षेत्र में सामाजिक आर्थिक स्तर में सुधार के लिए योजना एवं कार्यक्रम, स्थानीय नागारिकों के पलायन को रोके जाने के लिए किये जा रहे प्रयास तथा हिन्दू विस्थापितों की स्थिति एवं सुरक्षा पर्यवेक्षण सहित विभिन्न गतिविधियों की समीक्षा की और सम सामयिक हालातों पर जानकारी ली। बागडे ने इस दौरान विशेषकर मनरेगा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास कार्यक्रम, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, स्वामित्व योजना ग्रामीण, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (जल ग्रहण घटक), पुनरुत्थान वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस) आदि की समीक्षा करते इनसे अधिकाधिक लोगों को लाभांवित किए जाने पर जोर दिया। उन्होंने सॉयल हेल्थ कार्ड योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, उद्यान विभाग की योजनाओं नेशनल हेल्थ मिशन, यूनिसर्वल इम्यूनाइजेशन प्रोग्राम (यूआईपी), बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, प्रधानमंत्री उवला योजना, प्रधानमंत्री खनन क्षेत्र कल्याण योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना.जीवन ज्योति बीमा योजना, ई-नाम परियोजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना सहित विभिन्न केन्द्र एवं राज्य प्रायोजित योजनाओं की बिन्दुवार विस्तार से समीक्षा की और इनमें लक्ष्यों की समय पर प्राप्ति के निर्देश दिये।

# आर्थिक असमानता में सौ वर्षों का रिकॉर्ड टूटा : संजय सिंह

एजेंसी ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता संजय सिंह ने कहा कि देश में आर्थिक असमानता ने 100 वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ दिया और करीब एक सौ करोड़ लोगों के पास अपने जरूरत के अलावा कुछ भी खरीदने के लिए पैसा नहीं है। सिंह ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि देश में आर्थिक असमानता ने 100 वर्षों का रिकार्ड तोड़ दिया है। इसका मतलब सौ साल पहले जितनी असमानता थी वह आज है। उन्होंने कहा कि एक सौ करोड़ लोगों के पास अपने जरूरत के अलावा कुछ भी खरीदने के लिए पैसा नहीं है। देश की अर्थव्यवस्था इस हालत में है, लेकिन सरकार की तरफ से कोई भी एक शब्द बोलने को तैयार नहीं है। सरकार ने लोगों को उनकी बदहाली में छोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बातों पर देश के लोगों ने अपना पैसा शेयर बाजार में लगाया और देशवासियों का 94 लाख करोड़ रुपया शेयर बाजार में डूब गया। लोगों की जिंदगी की गाढी कमाई का पैसा डूब गया, लेकिन प्रधानमंत्री कुछ नहीं बोल रहे हैं। प्रधानमंत्री ने अपने चंद मित्रों का सोलह लाख करोड़ रुपया माफ किया। यह देश के लोगों का पैसा था। उन्होंने कहा कि सरकार अनाप शनाप टैक्स लगाकार लोगों से पैसा वसूलती है और अपने मित्रों का कर्ज माफ कर देती है। आप नेता ने कहा कि वक्त है इस देश बचाने का। वक्त है डूबती हुई अर्थव्यवस्था पर सवाल उठाने का है। उन्होंने कहा कि सब्जियों के दाम में पिछले बारह महीने में 26.5 प्रतिशत की बढोतरी हुई है। पिछले बारह महीने में टमाटर के दाम में 247 प्रतिशत बढोतरी हुई। आलू के दाम में 180 प्रतिशत की बढोतरी हुई है। प्रधानमंत्री को सामने आकर जवाब देना चाहिए। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी के शासन में लगातार रुपये की कीमत गिरती गई और अब एक डालर 87 रुपये पहुंच गया जबकि जब उनको देश की सत्ता मिली थी तब एक डालर साठ रुपये के बराबर था।

# भाजपा ने कांग्रेस पर एससी-एसटी फंड के दुरुपयोग का लगाया आरोप

एजेंसी ‹ बेंगलुरू
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने यहां फ्रीडम पार्क में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा ने आरोप लगाया गया कि कर्नाटक कांग्रेस सरकार ने अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के कल्याण के लिए विशेष घटक योजना (एससीपी) और आदिवासी उप-योजना (टीएसपी) के तहत आवंटित धन का दुरुपयोग किया है। विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुये भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विजयेंद्र येदियुरप्पा ने मुख्यमंत्री सिद्दारमैया पर तीखा हमला किया और उनकी सरकार पर 'भ्रष्ट और दुष्ट' होने का आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस प्रशासन ने अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति कल्याण कोष का उपयोग अपनी चुनावी गारंटियों को पूरा करने के लिए की है, जिससे दलित समुदाय के साथ विश्वासघात हुआ है। येदियुरप्पा ने हालांकि कहा कि भाजपा सरकारों ने कभी भी एससी/एसटी विकास निधि का दुरुपयोग नहीं किया है और दलित कल्याण के लिए पार्टी की प्रतिबद्धता को दोहराया। कर्नाटक विधानसभा में विपक्ष के नेता आर अशोक ने भी कांग्रेस सरकार की आलोचना की और सिद्दारमैया पर वित्तीय कुप्रबंधन का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि अत्यधिक उधारी और धन के गलत आवंटन के कारण राज्य दिवालियापन के कगार पर है, तथा उन्होंने मुख्यमंत्री को सिद्दान्ना लूट की गारंटी वाला अन्ना करार दिया। विधान परिषद में विपक्ष के नेता चालावादी नारायणस्वामी ने दलितों के कल्याण के लिए भाजपा की प्रतिबद्धता की पुष्टि की और पार्टी कार्यकर्ताओं से कांग्रेस सरकार के कथित फंड कुप्रबंधन के खिलाफ जनता का समर्थन जुटाने का आग्रह किया। अपनी रणनीति के तहत भाजपा ने कथित अनियमितताओं को उजागर करने के लिए राज्यव्यापी आंदोलन की अगुआई करने के लिए 14 टीमें बनाई हैं।

# भाजपा ने तमिलनाडु में 3-भाषा नीति के समर्थन में शुरू किया हस्ताक्षर अभियान



एजेंसी ‹ चेन्नई
www.dailypioneer.com

तमिलनाडु में तीन-भाषा फार्मूले को लागू करने के लिए एनईपी-2020 को स्वीकार करने के केंद्र के आग्रह पर बढ़ते विवाद और राज्य में लगभग सभी राजनीतिक दलों द्वारा इसका कड़ा विरोध करने और अपनी मौजूदा 2-भाषा नीति पर कायम रहने की मांग के बीच, भाजपा की राज्य इकाई ने 3 भाषा नीति के समर्थन में जनता की राय जानने के लिए 90-दिवसीय हस्ताक्षर अभियान शुरू किया। इस अभियान का उद्देश्य राज्य भर में हर घर तक पहुंचकर एक करोड़ हस्ताक्षर प्राप्त करना है, जिसकी शुरुआत भाजपा की राज्य इकाई के अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने की और इसे 'समकलवी येंगल उरीमाई' (समान शिक्षा हमारा अधिकार है) नाम दिया गया। वरिष्ठ भाजपा नेता और तेलंगाना और पुडुचेरी की पूर्व उपराज्यपाल सुतमिलिसाई सुंदरराजन ने इसे भौतिक रूप से शुरू किया, जबकि केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन ने डिजिटल अभियान के हिस्से के रूप में एक वेबसाइट शुरूआत की। घर-घर जाकर हस्ताक्षर अभियान चलाने का उद्देश्य राज्य के सभी छात्रों के लिए तीन-भाषा नीति के लाभों का संदेश फैलाना था, जैसा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी)-2020 में सिफारिश की गई है, जिसमें राज्य में 3 भाषा फॉर्मूले के कार्यान्वयन की परिकल्पना की गई है।

## खट्टर ने किशनगढ़-वसंत कुंज स्टेशन के बीच बने मेट्रो की भूमिगत सुरंग का किया उद्घाटन



वार्ता ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य तथा ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने तुगलकाबाद-एरोसिटी गलियारे पर किशनगढ़ और वसंत कुंज स्टेशन के बीच बनी भूमिगत सुरंग का उद्घाटन किया। खट्टर ने इस मौके पर कहा, दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) की एक और परियोजना पर काम काफी तेजी से चल रहा है। यह परियोजना एरोसिटी से तुगलकाबाद गोल्डन लाइन है। मैं डीएमआरसी के अधिकारियों और इससे जुड़े सभी अधिकारियों को धन्यवाद देना चाहता हूं, जिनकी मेहनत और लगन की वजह से दिल्ली मेट्रो ने यह उपलब्धि हासिल की है।

# मैंने नीतीश कुमार को दो बार मुख्यमंत्री बनाया : तेजस्वी

एजेंसी ‹ पटना
www.dailypioneer.com



बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने लालू प्रसाद यादव को मुख्यमंत्री बनाने के नीतीश कुमार के दावों को हास्यास्पद और आश्चर्यजनक बताया और कहा कि वर्ष 2015 और 2022 में उन्होंने खुद उनकी पार्टी को बचाते हुए कुमार को मुख्यमंत्री बनाया था। यादव ने बुधवार को मुख्यमंत्री कुमार के लालू यादव को 1990 में मुख्यमंत्री बनाने के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि यह दावा पूरी तरह गलत है। उन्होंने कहा, मेरे पिता लालू प्रसाद यादव, नीतीश कुमार के संसदीय जीवन शुरू करने से पहले ही सांसद और दो बार विधायक बन चुके थे। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन में कई प्रधानमंत्रियों को भी बनाया लेकिन अब नीतीश कुमार 1990 में लालू यादव को मुख्यमंत्री बनाने का श्रेय ले रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष ने मुख्यमंत्री पर कटाक्ष करते हुए कहा कि नीतीश कुमार थक चुके हैं और अब खुद से फैसले लेने की स्थिति में नहीं हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री अब सेवानिवृत्त अधिकारियों की मदद से सरकार चला रहे हैं और जनता की समस्याओं पर ध्यान देने में असमर्थ हैं। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को विधानमंडल के संयुक्त सत्र में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान स्पष्ट किया था कि लालू प्रसाद यादव की जाति के ही कुछ नेता उन्हें मुख्यमंत्री बनाने के खिलाफ थे, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने यादव को पूरा समर्थन दिया और उन्हें मुख्यमंत्री बनाया था।

## फडणवीस ने बीएमसी को मुंबई इंफ्रा परियोजनाओं को तेजी से पूरा करने के लिए दिये निर्देश



**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) को मुंबई में बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को तेजी से पूरा करने का निर्देश दिये हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। विधान भवन सचिवालय में आयेजित बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को पूरा करने में देरी के लिए नगर निगम के अधिकारियों को फटकार लगाई और सवाल किया कि नगर निगम को परियोजनाओं को पूरा करने में सालों क्यों लगते हैं, जबकि केंद्र सरकार दो से तीन साल में समान कार्य पूरा करती है। उन्होंने गोरेगांव-मुलुंड लिंक रोड और वर्सोवा-भायंदर कोस्टल रोड जैसी प्रमुख परियोजनाओं में तेजी लाने के लिए नगर निगम को निर्देश दिया। बीएमसी ने विशिष्ट समयसीमा के बारे में मुख्यमंत्री को आश्वासन दिया कि अंधेरी का गोखले ब्रिज 30 अप्रैल तक, विक्रोली ईस्ट-वेस्ट ब्रिज 31 मई तक, कार्नेक ब्रिज 10 जून तक और विद्याविहार ईस्ट-वेस्ट ब्रिज 31 दिसंबर तक पूरा हो जायेगा। बैठक में बीएमसी आयुक्त भूषण गगरानी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहे।

# पीडीपी ने भाजपा नेता की 'देशद्रोही' वाली टिप्पणी पर की माफी की मांग

एजेंसी ‹ श्रीनगर
www.dailypioneer.com

जम्मू-कश्मीर में पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता एवं विधानसभा में विपक्ष के नेता सुनील शर्मा के खिलाफ श्रीनगर में विरोध प्रदर्शन किया और उनसे 1931 के 'शहीदों' को 'देशद्रोही' बताने वाली टिप्पणी पर माफी मांगने की मांग की। शर्मा ने बुधवार को विधानसभा सत्र के दौरान 1931 के 'शहीदों' को 'देशद्रोही' कहकर बड़ा विवाद खड़ा कर दिया। विवाद तब शुरू हुआ जब पीडीपी के वहीद पारा ने 13 जुलाई और पांच दिसंबर को नेशनल कॉन्फ्रेंस के संस्थापक शेख मोहम्मद अब्दुल्ला की जयंती पर सार्वजनिक अवकाश बहाल करने की मांग की। स्पीकर ने विपक्ष के नेता की अपमानजनक टिप्पणी को सदन की कार्यवाही से हटा दिया। पीडीपी नेता इल्तिजा मुफ्ती के नेतृत्व में पीडीपी कार्यकर्ताओं ने श्रीनगर के केंद्र में अपने कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने भाजपा के खिलाफ नारेबाजी की। इल्तिजा ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि उनकी पार्टी किसी को भी 1931 के शहीदों की स्मृति, गरिमा और सम्मान को धूमिल नहीं करने देगी। पीडीपी नेता ने पूछा, आप उस व्यक्ति से क्या उम्मीद कर सकते हैं जो साध्वी प्रज्ञा जैसे आतंकवादी का समर्थन कर रहा है और राम रहीम जैसे बलात्कारी को प्रचार के लिए भेज रहा है? उन्होंने कहा, जहां तक ??जम्मू-कश्मीर का सवाल है, हमारा अपना इतिहास है, हमारा अपना सामूहिक इतिहास है, हमारे अपने नायक हैं। और हम किसी को भी उन 22 शहीदों की स्मृति, गरिमा और सम्मान को धूमिल नहीं करने देंगे, जिन्होंने लोकतंत्र की स्थापना और लोगों को लोकतंत्र के उनके मौलिक अधिकार दिलाने के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। इल्तिजा ने कहा कि यह 1931 के 'शहीदों' की वजह से था, जिसने न केवल कश्मीर, बल्कि पूरे जम्मू-कश्मीर क्षेत्र में हर किसी की राजनीतिक चेतना को जगाया। उन्होंने कहा, इसने हमारे अधिकारों के लिए लड़ने, शांति के लिए लड़ने, लोकतंत्र के लिए लड़ने और निरंकुश शासन के खिलाफ लड़ने के लिए एक आंदोलन, एक सकारात्मक आंदोलन को भी प्रज्वलित किया। गौरतलब है कि 13 जुलाई, 1931 को श्रीनगर की सेंट्रल जेल के बाहर कश्मीर के डोगरा शासक के सैनिकों ने 22 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

## परनायक के अभिभाषण के साथ अरुणाचल विधानसभा का बजट सत्र शुरू

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) के.टी. परनायक के संबोधन के साथ शुरू हुआ। परनायक ने आठवीं विधानसभा के बजट सत्र के सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 का बजट न केवल अगले वर्ष के लिए प्रदेश के विकास की रणनीतिक दिशा निर्धारित करेगा, बल्कि 2047 तक विकसित अरुणाचल के निर्माण के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एक खाका और कार्य योजना के तौर पर भी काम करेगा। उन्होंने कहा, रणनीतिक आवंटन के माध्यम से सरकार का लक्ष्य राज्य की बहुमुखी जरूरतों को पूरा करना, समावेशी विकास और सतत विकास को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा, सरकार महत्वपूर्ण क्षेत्रों को प्राथमिकता देकर अरुणाचल प्रदेश में परिवर्तनकारी युग के लिए मंच तैयार करेगी, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि विकास का लाभ हमारे समाज के सभी लोगों तक पहुंचे। यह बजट एक समृद्ध और प्रगतिशील अरुणाचल के निर्माण के लिए हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करेगा, जहां हर नागरिक फल-फूल सके।

# यादव ने वित्त आयोग के साथ की बैठक



पायनियर संवाददाता ‹ भोपाल
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज 16वें वित्त आयोग के सदस्यों के साथ बैठक की। आधिकारिक जानकारी के अनुसार डॉ यादव ने स्थानीय कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में 16वें वित्त आयोग के सदस्यों के साथ बैठक की। इस दौरान उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, राजेंद्र शुक्ल समेत कई अन्य वरिष्ठ मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ अरविंद पनगढ़िया और अन्य सदस्य इन दिनों प्रदेश के दौरे पर हैं। कल देर शाम मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री निवास में अध्यक्ष डॉ. पनगढ़िया एवं अन्य पदाधिकारियों से भेंट की। मुख्यमंत्री ने आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यगण का आत्मीयतापूर्वक स्वागत किया। मुख्यमंत्री से आयोग के अध्यक्ष डॉ. पनगढ़िया, सदस्य अजय नारायण झा, एनी जॉर्ज मैथ्यू, डॉ. मनोज पांडा, डॉ. सौम्या कांति घोष, सचिव ऋत्विक पांडे और संयुक्त सचिव केके मिश्रा की भेंट एवं चर्चा हुई।

## मणिपुर में दो उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर में पुलिस ने पिछले 24 घंटों के दौरान अलग-अलग घटनाओं में दो कथित उग्रवादियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि पिछले 24 घंटों के दौरान चुराचांदपुर, इंफाल ईस्ट और कांगपोकपी जिलों के अधिकारियों और पुलिस के समक्ष लोगों ने स्वेच्छा से कुल 32 प्रकार के हथियार, विभिन्न गोला-बारूद और अन्य विविध वस्तुएं जमा करायी। एक अन्य अभियान में पुलिस ने इंफाल-ईस्ट जिले में एक संगठन के दो सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया।

# कोंडागांव वन विभाग की विवादास्पद तालाब निर्माण ने ग्रामीणों का रोजगार छीन लिया

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



जिले के ग्राम पंचायत बम्हनी में वन विभाग द्वारा जंगल के बीच एक तालाब का निर्माण करवाया गया है, जिसमें स्थानीय मजदूरों की जगह मशीनों का प्रयोग किया गया। इस कदम से ग्रामीण रोजगार के अवसर छीनने के साथ-साथ ठेकेदारों को अनुचित लाभ प्राप्त हो रहा है। मामले पर स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्हें कभी भी तालाब निर्माण की कोई जानकारी नहीं दी गई। जब निर्माण कार्य पूरा हुआ, तब ही गाँव वालों को इसकी सूचना मिली। ग्रामीणों के अनुसार, यदि मजदूरों का रोजगार कराया जाता तो उनके परिवारों की आर्थिक स्थिति मजबूत होती, लेकिन अब ठेकेदारों के माध्यम से परियोजना को अंजाम देने से बेरोजगारी में इजाफा हो रहा है। इस परियोजना में तालाब की लागत राशि को सार्वजनिक नहीं किया गया है और न ही सूचना पटल स्थापित किया गया, जिससे पारदर्शिता की कमी पर सवाल उठते हैं। अधिकारीयों पर आरोप लगे हैं कि वे ठेकेदारों के साथ साठगाठ करके सरकारी योजनाओं का गलत उपयोग कर रहे हैं। ऐसे में ग्रामीणों का मानना है कि प्रशासन रोजगार सृजन के बजाय ठेकेदारों को मालामाल बनाने में सहायक सिद्ध हो रहा है। स्थानीय समाज के कुछ नेता इस मुद्दे पर कड़ा प्रदर्शन और प्रशासन से जांच की मांग करने की बात कह रहे हैं उनका कहना है कि यदि ऐसे अनुचित कदम उठाए जाते रहे तो गाँव के युवा नौकरी की तलाश में पलायन करने को मजबूर हो जाएंगे। प्रशासन से अपील की जा रही है कि इस मामले की गहन जांच करते हुए परियोजना में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए और भविष्य में ग्रामीणों के हितों का ध्यान रखा जाए।

## पीएम इंटर्नशिप स्कीम में हिस्सा लेने का सुनहरा अवसर

**कांकेर।** जिले के युवाओं के लिए पीएम इंटर्नशिप स्कीम में हिस्सा लेने का सुनहरा अवसर है। शासकीय पॉलीटेक्निक के प्राचार्य ने जानकारी दी है कि पीएम इंटर्नशिप स्कीम के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया चल रही है। इच्छुक उम्मीदवार पीएम इंटर्नशिप स्कीम की आधिकारिक वेबसाइट www.pmintern-ship.mca.gov.in में 12 मार्च तक अपना पंजीयन कर सकते हैं। इस स्कीम के तहत दसवीं, बारहवीं, आईटीआई, डिप्लोमा और स्नातक उत्तीर्ण अभ्यर्थी जिनकी आयु 21 से 24 वर्ष है वे इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि स्कीम के तहत चयनित उम्मीदवारों को 6000 रूपए का एक मुस्त ग्रांट तथा 12 महीने तक इंटर्नशिप के लिए प्रतिमाह 5000 रुपए का स्टाइपेंड दिया जाएगा। योजना का उद्देश्य युवाओं के कैरियर को शुरुआती दौर पर आगे बढ़ाना है, ऐसे में इंटर्नशिप के साथ उम्मीदवार अपने कौशल और ज्ञान को बढ़ा सकते हैं। इस योजना के माध्यम से सरकार का लक्ष्य युवाओं को रोजगार के लिए तैयार करना और उन्हें देश के आर्थिक विकास में योगदान करने के लिए सशक्त बनाना है। स्कीम संबंधी अधिक जानकारी के लिए शासकीय पॉलिटेक्निक कांकेर से संपर्क किया जा सकता है।

# डीएमएफ मद से होने वाली भर्तियों में स्थानीय बेरोजगारों को प्राथमिकता देने की मांग



पायनियर संवाददाता < बीजापुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रतिनिधिमंडल ने जिला कलेक्टर सांबित मिश्रा एवं भाजपा जिलाध्यक्ष घासीराम नाग से मिलकर स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत संचालित स्वास्थ्य संस्थानों के सुचारू संचालन हेतु स्वीकृत रिक्त पदों के विरुद्ध यदि निकट भविष्य में कलेक्टर दर पर या डीएमएफ मद से भर्ती की जाती है तो उक्त भर्ती प्रक्रिया में बीजापुर जिले के स्थानीय योग्यताधारी बेरोजगारों को प्राथमिकता देते हुए मानव संसाधनों की पूर्ति किए जाने की मांग की। ज्ञात हो कि कुछ दिनों पूर्व जिला चिकित्सालय में कार्यरत लगभग दस स्टॉफ नर्सों को बिना किसी पूर्व सूचना के सेवा समाप्त कर उनके स्थान पर एनएचएम की भर्ती में से प्रतीक्षा सूची से बाहरी जिले के अभ्यर्थियों सहित कुल 10 नर्सों की सीधे डीएमएफ मद से भर्ती कर ली गई। जिसका कि एनएचएम की भर्ती नियमावली में जिक्र भी नही किया गया था। बीजापुर के पड़ोसी जिला दंतेवाड़ा में भी जिले के कलेक्टर के अनुमोदन उपरांत डीएमएफ मद से की गई भर्ती प्रक्रिया में केवल दंतेवाड़ा जिले की यही स्थानीय बेरोजगारों को प्राथमिकता देते हुए भर्ती प्रक्रिया पूर्ण की जा चुकी है। दंतेवाडा जिले की तर्ज पर बीजापुर जिले में भी स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत होने वाली तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की भर्ती प्रक्रिया में जिले के स्थानीय योग्यताधारी बेरोजगारों को प्राथमिकता देते हुए भर्ती करने की माँग संघ द्वारा की गई। उक्त अवसर पर जिलाध्यक्ष सदाशिव दुर्गम सहित, स्टॉफ नर्स प्रकोष्ठ के जिला संयोजक ब्रिजेश गावड़ी, मुकेश पटेल, पी शरद, राजेश यालम, शरण कोड़े, प्रभा कावटी, ओमप्रकाश आदि उपस्थित रहे।

# दण्डाधिकारी जांच हेतु 15 मार्च के पूर्व तक साक्ष्य प्रस्तुत करने की अपील

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

पूर्ववर्ती मध्यप्रदेश राज्य के बालाघाट जिले अंतर्गत अनुविभागीय दण्डाधिकारी बैहर द्वारा थाना गढी क्षेत्रांतर्गत रौंदा फॉरेस्ट कैम्प जंगल क्षेत्र में 19 फरवरी को प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी माओवादी संगठन के कान्हा-भोरमदेव डिवीजन के सक्रिय सशस्त्र नक्सलियों एवं पुलिस बल के बीच मुठभेड़ हुई थी। मुठभेड़ उपरांत घटना स्थल का सर्च करने पर 04 सशस्त्र वर्दीधारी महिला माओवादी के शव पाए गए, जिनके पास एक इंसास रायफल मय मैगजीन, एक एसएलआर रायफल मय मैगजीन, एक 303 रायफल एवं एक 315 बोर रायफल सहित माओवादी विचार धारा संबंधित साहित्य और वायरलेस सेट व अन्य दैनिक उपयोगी सामग्री बरामद की गई। घटना स्थल पर मृत पाए गए चारों महिला माओवादी की पहचान प्रथम दृष्टया कान्हा-भोरमदेव डिवीजन के भोरमदेव एरिया कमेटी की कमाण्डर आशा निवासी जिला सुकमा छत्तीसगढ़ एवं एरिया कमेटी सदस्य शीला उर्फ पदम उर्फ सरिता निवासी पेन्टा थाना जगरगुंडा जिला सुकमा छत्तीसगढ़ तथा एरिया कमेटी सदस्य रंजीता निवासी ग्राम तुमड़िवाल तहसील मर्दापाल जिला कोंडागांव छत्तीसगढ़ एवं एरिया कमेटी सदस्य लक्खे मरावी निवासी जिला सुकमा छत्तीसगढ़ के रूप में की गई है। उक्त घटना पर थाना गढ़ी में भारतीय न्याय संहिता 2023 एवं अन्य सुसंगत अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। इस घटना के मजिस्ट्रियल जांच अधिकारी एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी बैहर द्वारा जनसाधारण से अपील किया गया है कि उक्त घटना के संबंध में किसी भी व्यक्ति के पास किसी भी प्रकार की जानकारी हो तो लिखित या अन्य किसी भी तरह के साक्ष्य या जानकारी प्रस्तुत कराना चाहें तो वे कार्यालयीन समय में अनुविभागीय दण्डाधिकारी बैहर के समक्ष 15 मार्च के पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं।

## सपोर्ट पर्सन के इम्पैनलमेंट के लिए साक्षात्कार 10 मार्च को

**कोंडागांव।** सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के अनुक्रम में लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 एवं नियम 2020 की धारा - 39 के अधीन जिलों में सपोर्ट पर्सन का इम्पैनलमेंट तैयार किया जाना है। सपोर्ट पर्सन का इम्पैनलमेंट हेतु प्राप्त आवेदनों की स्कूटनी उपरांत जिला स्तरीय चयन समिति की अनुशंसा अनुसार पात्र-अपात्र अभ्यर्थियों से दावा आपत्ति आमंत्रित की गयी थी। समिति द्वारा प्राप्त दावा आपत्ति का निराकरण उपरांत पात्र अभ्यर्थियों का 10 मार्च को स्थान प्रबंधन कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला कोंडागांव में समय प्रातः 9.30 बजे से व्यक्ति गत साक्षात्कार लिया जाएगा।

## सीईओ जिला पंचायत ने किया कुआंकोण्डा ब्लॉक अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा

**दंतेवाड़ा।** जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा द्वारा विकासखण्ड कुआंकोंडा अन्तर्गत में प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आवास निर्माण कार्यों में तेजी लाई जाए और उन्हें निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए।

# बीजापुर नगर पालिका अध्यक्ष और पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह सांस्कृतिक भवन मैदान में आयोजित

पायनियर संवाददाता < बीजापुर
www.dailypioneer.com




पूर्व मंत्री महेश गागड़ा बीजापुर नगर पालिका के नवनिर्वाचित अध्यक्ष और पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। बीजापुर के सांस्कृतिक भवन मैदान में आयोजित समारोह में एसडीएम बीजापुर जागेश्वर कौशल ने नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष गीता सोम पुजारी एवं पार्षदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। पूर्वमंत्री महेश गागड़ा ने कार्यक्रम में नवनिर्वाचित अध्यक्ष और पार्षदों को बधाई तथा शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप लोगों को बीजापुर की जनता ने भरपूर स्नेह व आशीर्वाद दिया है। नगरवासियों की आकांक्षाओं के मुताबिक शहर को सुंदर, स्वच्छ और सुविधापूर्ण बनाकर संवारना है। बीजापुर में विकास कार्यों को आगे बढ़ाने सरकार हर तरह से सहयोग देगी। महेश गागड़ा ने शहर के विकास को गति देने नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष और सभी पार्षद मिलकर काम करने के लिए प्रोत्साहित किया। शपथ समारोह में उपस्थित विशिष्ट अतिथि चित्रकोट के पूर्व विधायक लच्छूराम कश्यप ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं समस्त पार्षदगणों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए जनता के हित में निरंतर सक्रिय रूप से अपनी कर्तव्यों का निर्वहन करने को कहा। नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा सहित वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों ने कार्यक्रम को संबोधित कर नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कलेक्टर संबित मिश्रा ने नवनिर्वाचित सभी जनप्रतिनिधियों को नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं दी।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला खेल प्रतियोगिता का आयोजन

**कोंडागांव।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च को जिले में महिला खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए बैडमिंटन, टेबल टेनिस, कबड्डी, दौड़, जूडो, तीरंदाजी, रस्साकसी, हॉकी और वॉलीबॉल जैसी प्रतियोगिताएं होंगी। इस आयोजन में 08 वर्ष से अधिक आयु की खिलाड़ी भाग ले सकती हैं। इच्छुक प्रतिभागी खेल एवं युवा कल्याण विभाग, जिला कोंडागांव में अपना पंजीयन करा सकते हैं। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करना और उनके कौशल को निखारने के लिए एक मंच प्रदान करना है।

## उपजेल नारायणपुर का मजिस्ट्रेट द्वारा निरीक्षण एवं विधिक जागरूकता कार्यक्रम

**नारायणपुर।** प्रधान जिला न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव श्रीमान उत्तरा कुमार कश्यप के आदेशानुसार उपजेल नारायणपुर में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। कुमारी प्रतीभा मरकाम' मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नारायणपुर के द्वारा बंदियों को अपने प्रकरण की सुनवायी की प्रक्रिया की जानकारी ऑनलाइन किस प्रकार किया जाए इस संबंध में जानकारी एवं सलाह दिया गया। 60 वर्ष से अधिक बंदियों का जांच किया गया एवं स्वास्थ्य का भी पूछताछ किया गया निरीक्षण के दौरान बंदियों के बैरक पाकशाला स्नान गृह शौचालय को स्वच्छ एवं सुविधा पूर्वक रखने का आदेश दिया गया। चन्द्र प्रकाश कश्यप रिटेनर अधिवक्ता नारायणपुर के द्वारा निशुल्क अधिवक्ता अपने प्रकरण में नियुक्त करने का सलाह दिया गया, प्रकरण में लंबित दिनांक में अनुपस्थित होने पर न्यायालय द्वारा वॉरेंट जारी किया जाना है वॉरेंट व जमानत वॉरेंट के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया, इस अवसर पर संजय नायक उप अधीक्षक उपजेल नारायणपुर एवं कर्मचारीगण कुमारी गीता बघेल प्रतिमा दोदी, घासीराम नेताम अधिकार मित्र उपस्थित रहें।

# 29वीं वाहिनी द्वारा नेलवाड सीओबी मे किया गया सिविक एक्शन कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता < नारायणपुर
www.dailypioneer.com

29वीं वाहिनी भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल द्वारा नेलवाड क्षेत्र के ग्रामवासियों के लिए भारत सरकार के प्रयोजन अनुसार सिविक एक्शन कार्यक्रम का आयोजन 06 मार्च को कमांडेट 29वी वाहिनी भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल दुष्यत राज जायसवाल के निर्देशन में नारायणपुर जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्र नेलवाड सीओबी में किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 400 गामवासियों को लाभांवित किया गया। कार्यक्रम के तहत पाँच ग्रामों गोहड़ा, चिंगनार, फुटन, चंदगाँव, कस्तूरवाड़ एवं मैनपुर के 400 ग्रामवासियों एवं जरूरतमंद ग्रामवासियों को रोजगार को बढ़ावा तथा रोजाना उपयोग में आने वाले सामान जैसे साईकिल (जेंटस, लेडिज एवं बच्चों), दिव्यांगजनों हेतु ट्राईसाईकिल खेलकुद साम्रगी (बैट, वॉल, किक्रेट स्टंप) बॉलीवॉल, बॉलीवॉल नेट, फुटवॉल, फुटवॉल नेट, बैडमिटन रैकेट एवं बैडमिटन नेट, मच्छरदानी एवं माताओं-बहनों हेतु (सेनेटरी पैड) का वितरण किया गया साथ ही निःशुक्ल में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। सिविक एक्शन कैंप में आये स्थानीय ग्रामीणों की मेडिकल जाँच एवं दवाईयों भी वितरण की गई। इस कार्यक्रम के दौरान विभिन्न संस्थाओं के स्कूली बच्चों जैसे नेलवाड माध्यमिक पाठशाला. नेलवाड प्राईमरी पाठशाला एवं कन्या आश्रमशाला एवं अन्य विभिन्न ग्रामिणवासियों के द्वारा सास्कृतिक कार्यक्रम को प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम में दुष्यंत राज जायसवाल, कमांडेट, 29वी वाहिनी ने संबोधित करते हुए बताया की भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल इस क्षेत्र में आप सब की सेवा व सुरक्षा के लिये तैनात है। किसी भी ग्रामीण की कोई समस्या होती है, तो हमसे मिल सकते है। भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल हमेशा आप लोगो की सेवा के लिये तत्पर है। ग्रामीणों को वाहिनी द्वारा छात्रों एवं युवाओं के लिए चलाए जा रहें भर्ती परीक्षा जैसे भारतीय सेना में अग्निवीर, सीएपीएफ, बस्तर फाईटर एवं एसएससी (जीडी) आदि की तैयारी शारीरिक दक्षता व लिखित परीक्षा का निःशुल्क कोचिग सीओबी नेलवाड के द्वारा आयोजन किया जा रहा है के बारे में बताते हुए अभिभावकों को अपने बच्चों को अधिक से अधिक संख्या में शामिल करने के लिए प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम के समाप्ति के उपरान्त उपस्थित सभी स्थानीय ग्रामीणों हेतु जलपान एवं खाने का आयोजन एवं सभी को उपहार भी दिये गये।

## पीएम जनमन और नियद नेल्लानार योजनांतर्गत अबुझमाड़ के अंदरूनी क्षेत्रों तक पहुंचाई जा रही है विद्युत कनेक्शन

पायनियर संवाददाता < नारायणपुर
www.dailypioneer.com

जिले में नियद नेल्लानार योजनांतर्गत अबुझमाड़ के पहुंचविहीन एवं अंदरूनी ग्रामों में विद्युतीकरण का कार्य शीघ्र पूर्ण किया जा रहा है। विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता ने जानकारी देते हुए बताया है कि जिला प्रशासन के निर्देशन में नियद नेल्लानार योजना को प्रभावी रूप से गांवो में विद्युतीकरण कार्य शतप्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश का पालन करते हुए जिले के अंदरूनी गांव कस्तुरमेटा, कच्चापाल, ताड़ोबेड़ा, ताडीकुर और कटुलनार में विद्युतीकरण कार्य पूर्ण हो गया है। ग्रामीणों के द्वारा घरों में विद्युत लगने से मोबाईल चार्जिंग, टीवी देखने के साथ साथ बच्चों को रात्रि में पढ़ाई करने में सुविधा मिलने से ग्रामीणों में खुशी की लहर है। ग्राम ताड़ोबेड़ा की धनु सोमा, लालू नुरेटी और मस्सु मोतीराम बताते हैं कि पहले विद्युत नहीं होने के कारण कठिनाईयों का सामना करना पड़ता था। हमे मोबाईल चार्जिंग करने हेतु दूसरे गांव जाना पड़ता था। शादि विवाह में भी बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता था, अब विद्युतीकरण हो जाने से गांव में रात को रोशनी की जगमगाहट देखने को मिलती है। नियद नेल्लानार और प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत् अंदरूनी ग्रामों में सड़क, पुल पुलिया, नल कनेक्शन, आंगनबाड़ी केन्द्र, उप स्वास्थ्य केन्द्र, खेल ग्राउंड, स्कूल, सोलर लाईट, तालाब निर्माण जैसे अनेक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाई जा रही है, जिसके अंतर्गत विद्युतीकरण कार्य भी पूर्ण किया गया है, जिससे ग्रामीणों के जीवन में बदलाव आने लगा है।

## टेसु जिसका होली पर रंग बनाने में इस्तेमाल होता था

# फागुन में खिलते है फरसा फूल, अचंभित कर देंगे इसके स्वास्थ्य लाभ

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



कोंडागांव जिला अंतर्गत इन दिनों टेसु के पेड़ पूरी तरह से फूलों से लद गए हैं। टेसू को ही पलाश व बस्तर में फरसा फूल भी कहा जाता है। पारंपरिक टेसू जिसका होली पर रंग बनाने में इस्तेमाल होता था वह सिर्फ रंगत में ही नहीं स्वास्थ्य के लिए भी बहुत लाभदायक है। यह फागुन का महीना चल रहा है। इन दिनों कई तरह के टेसू की कई किस्में नर्सरी में नजर आती हैं। आइए जानते हैं कि क्या हैं इस चटख, मनमोहक फूल के लाभ।

**इस पेड़ में फूल फरवरी से अप्रैल तक होते हैं** – टेसू को पलाश भी कहा जाता है। पलाश का वैज्ञानिक नाम ब्यूटिया मोनोस्पर्मा है। आयुर्वेद के अनुसार पलाश के फूल से मधुमेह, आंख से संबंधित बीमारियों जैसे मोतियाबिंद, एनीमिया, गुर्दे की पथरी, मूत्र संबंधी विकार और मूत्राशय में दर्द का इलाज करने में लाभ मिलता है। अन्य क्षेत्रीय बोलियों में पलाश को ढाक, पलाह, जंगल की लौ, आदि नामों से भी जाना जाता है। इस पेड़ में फूल फरवरी से अप्रैल तक होते हैं और फल मई से जुलाई के महीने तक दिखाई देते हैं।

### औषधीय प्रयोजनों के लिए उपयोगी : डॉ त्रिपाठी

माँ दंतेश्वरी हर्बल फार्म के संचालक डॉ राजाराम त्रिपाठी ने बताया कि भारतीय इतिहास में पलाश का पेड़ प्रमुख स्थान रखता है। इस पेड़ के लगभग सभी हिस्से औषधीय प्रयोजनों के लिए उपयोग किये जाते हैं। भारत में यज्ञ करने में पलाश की लकड़ी का उपयोग किया जाता है। इससे प्राप्त होने वाली गोंद बहुत से रोगों के उपचार में उपयोग की जाती है। साथ ही इस पेड़ से लाख भी प्राप्त होती जिसका उपयोग पलाश के फायदे को और अधिक बढ़ा देते हैं। इस पेड़ में फूल फरवरी से अप्रैल तक होते हैं और फल मई से जुलाई के महीने तक दिखाई देते हैं। इस पेड़ से प्राप्त गोंद को गम कीनों कहते हैं।

### पलाश फूल में पाए जाने वाले पोषक तत्व : डॉ वर्मा

आयुर्वेदिक डॉक्टर सीबी वर्मा ने बताया आयुर्वेद में इस पेड़ का उपयोग कृमिनाशक और टॉनिक के रूप में किया जाता है। पलाश की पत्तियों में ग्लूकोसाइड, लिनोलिक एसिड, ओलिक एसिड और लिन्गोसेरिक एसिड बहुत अच्छी मात्रा में होते हैं। पलाश की छाल में गैलिक एसिड, सायनाइडिंग, लुपेनोन, पैलेसिट्रीन, ब्यूटिन, ब्यूटारिक एसिड, और पैलेससिमाइड शामिल होते हैं। पलाश की गोंद में टैनिन, पायरोटेक चिन और श्लेष्मा असंतुलित सामग्री होती है। इस पेड़ के फूलों में फ्लेवोनॉयड्स, ट्राइटर पेन, आइसोबुट्रिन, कोरोप्सिन, आइसोकोरोप्सिन और सल्फरिन भी अच्छी मात्रा में उपस्थित होते हैं। आयुर्वेद के अनुसार पलाश के पेड़ वात और पित्त को संतुलित करता है। इसका उपयोग आयुर्वेदिक, यूनानी और होम्योपैथिक दवा में बड़े पैमाने पर उपयोग किया जाता है।

### पेट के संक्रमण की समस्याओं को करे दूर

डॉ वर्मा ने आगे बताया यदि आप किसी भी तरह की पेट की समस्याओं जैसे कि आंतरिक घावों, अल्सर आदि से परेशान हैं तो आप पलाश फूल का उपयोग कर सकते हैं। यह आपके पेट और आंत से संबंधित सभी प्रकार की समस्याओं को दूर करने में मदद करता है। पेट की समस्याओं को दूर करने के लिए आप 2-3 ग्राम पलाश फूल के पाउड़र का उपभोग करें।

# अब जिले के महिलाओं को फैशन डिजाइन, बुनाई पावरलूम के माध्यम से स्वरोजगार का मिलेगा नया अवसर

पायनियर संवाददाता < दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

जिला प्रशासन द्वारा महिलाओं को स्वावलंबन की दिशा में बढ़ावा देने के उद्देश्य से लाईवलीहुड कॉलेज कारली में राष्ट्रीय हथकरघा एवं हस्तशिल्प विकास परिषद दिल्ली के द्वारा जिले में निःशुल्क सर्टिफिकेट कोर्स फैशन डिजाइन, बुनाई, पावरलूम प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस कड़ी में मुख्य अतिथि नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, उपाध्यक्ष अरविन्द कुंजाम, कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, पुलिस अधीक्षक गौरव राय, जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा सहित अन्य अधिकारियों के द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी ने कहा कि जिला प्रशासन की यह सराहनीय पहल है जो महिलाओं को सशक्त बना रही है। जिससे महिलाओं आत्मनिर्भर बन सकेगी। यहां पहल महिलाओं के लिए रोजगार का एक अच्छा अवसर उपलब्ध कराने की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। इस तरह की योजनाओं से महिलाओं को नई ऊंचाइयों तक पहुंचने का मौका मिलेगा। महिलाओं को इस अवसर का पूरा लाभ उठाने के लिए आगे आना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने ने सभी महिलाओं को बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने इस अवसर पर बताया कि राष्ट्रीय हथकरघा एवं हस्तशिल्प विकास परिषद दिल्ली के संस्थान से जिला प्रशासन का अनुबंध किया गया है। जिसके तहत वर्तमान में 90 महिलाओं को 800 घंटे का प्रशिक्षण सत्र प्रारंभ किया गया है और 500 महिलाओं को रोजगार देने का लक्ष्य भी रखा गया है। इस तरह की योजनाएं न केवल स्थानीय स्तर पर आजीविका के अवसर प्रदान करती हैं, बल्कि समुदाय के विकास में भी योगदान देते हैं। सिलाई का यह कौशल विभिन्न संस्थानों जैसे स्कूल, आश्रम, पोटाकेबिन और आंगनवाड़ी में भी उपयोगी साबित होगा। जिला प्रशासन महिलाओं द्वारा निर्मित परिधानों के लिए मार्केटिंग की भी व्यवस्था करायेगा। इस मौके पर कलेक्टर ने महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए उनसे आग्रह किया कि वे पूरे मेहनत और लगन से अपना प्रशिक्षण को पूरा कर अपने को परिधान निर्माण में हुनरमंद बनाए। उल्लेखनीय है कि देश की प्रतिष्ठित संस्था राष्ट्रीय हथकरघा एवं हस्तशिल्प विकास परिषद दिल्ली द्वारा जिले की महिलाओं को फैशन डिजाइन, बुनाई, पावरलूम प्रशिक्षण में निशुल्क सर्टिफिकेट कोर्स उपलब्ध कराने के साथ-साथ प्रशिक्षण के उपरांत प्रशिक्षणार्थियों को रोजगार अथवा स्वरोजगार स्थापित करने में मदद करेगा।

# कौशिल्या देवांगन बनी निगम में सभापति

पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com



निगम चुनाव में भाजपा की शहरी सरकार स्थापित हो चुकी है। महापौर पद पर धमतरी की जनता ने रामू रोहरा को नगर का प्रथम नागरिक बनाने में पूर्ण समर्थन दिया। सभापति के निर्वाचन को लेकर गुरूवार को भाजपा पार्षदों की बैठक के समक्ष पार्टी के द्वारा घोषित सभापति पद का लिफाफा खोला गया जिसमें सोरिद वार्ड की पार्षद कौशिल्या देवांगन का नाम था। उसके अनुसार सभापति पद पर महिला को स्थान दिया गया है। इसके पूर्व **पायनियर** ने अपने ओपिनियन पोल को प्रमुखता से प्रकाशित कर सभापति के अनेक दावेदारों के मध्य महिलाओं के बीच चल रही भीतरी बैठकों को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुए 27 फरवरी को एक समाचार प्रकाशित कर संभावना जताई थी कि सभापति पद पर महिला को ही पदस्थ किया जा सकता है और **पायनियर** की यह खबर सच साबित हुई। जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पीड़ित, शोषित एवं जनहित के मुद्दों को **पायनियर** द्वारा प्रमुखता से प्रकाशित किया जाता रहा है। साथ ही साथ चुनाव समीकरण के भी समाचार प्रकाशित होते रहे जो अक्षरशः सच साबित हुए और पीड़ित, शोषित लोगों ने **पायनियर** द्वारा प्रकाशित समाचारों के संज्ञान लेकर अधिकारियों द्वारा इस पर फौरी कार्यवाही किये जाने पर प्रशंसा व्यक्त की। इसी तरह नगर निगम में सभापति पद को लेकर चल रही कवायद के चलते निगम चुनाव में 2-3 बार लगातार विजयी होने वाले पार्षदों के द्वारा सभापति पद को लेकर अपने अपने स्तर पर एप्रोच लगाई जा रही थी। जबकि पायनियर को विश्वसनीय सूत्रानुसार पता चला था कि महिला पार्षदों के द्वारा भी सभापति पद को लेकर भीतरी बैठकें जारी हैं। खबर में यह भी दर्शाया गया था कि पूर्व में भी जब नगर निगम, नगर पालिका परिषद था, उस समय भी महिला अध्यक्ष एवं पुरूष उपाध्यक्ष के पद पर कार्य कर चुके हैं जिसकी संभावना वर्तमान चुनाव के बाद बलवती हो रही है और यह खबर अक्षरशः सत्य साबित हुई और सोरिद वार्ड की पार्षद कौशिल्या देवांगन को सभापति बनाया गया।

**पायनियर — खबर का असर**

# समाज प्रमुखों ने की महापौर रामू रोहरा से मुलाकात, बताई अपनी समस्याएं

पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com

नव निर्वाचित महापौर से निगम कार्यालय में विभिन्न समाज के प्रमुखों ने भेंट कर उनका स्वागत व सम्मान किया। साथ ही उन्हें अपनी समस्या भी बताये। इस पर रोहरा ने उन्हें आश्वासन दिया कि वे बहुत जल्द ही उनकी समस्याओं का यथोचित हल निकालेंगे। उनसे मिलने वालों में यादव समाज, पटेल समाज व जैन समाज के प्रतिष्ठित लोग उपस्थित थे। कोसरिया मरार पटेल समाज धमतरी राज धमतरी द्वारा महापौर जगदीश रामू रोहरा का शपथ ग्रहण कर पदभार लेने के बाद निगम कार्यालय में सम्म्मान कर बधाई दिया गया। साथ ही धमतरी के इतवारी बाजार को कोसरिया मरार पटेल समाज द्वारा माँ शाकम्भरी समृद्धि हाट बाजार नामकरण करने की मांग की गई है। उक्त अवसर पर महापौर जगदीश रामू रोहरा के द्वारा समाजजन की बातो के सुनकर समाज के लिए हर प्रकार के सहयोग करने की बात कही। इस अवसर पर कोसरिया मरार पटेल समाज के संरक्षक बिशेषर पटेल, धमतरी राज अध्यक्ष सगुन पटेल, नील पटेल, मनीष पटेल, दिलीप पटेल, चन्द्रकला पटेल, बिमला पटेल, गजेंद्र पटेल, पदुम पटेल आदि उपस्थित रहे।



# नपा. अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने की अपनी ही होर्डिंग हटाकर अभिनव पहल

## मिशन क्लीन सिटी को लेकर अधिकारी-कर्मचारियों से की चर्चा, वाटर फिल्टर प्लांट का लिया जायज़ा

पायनियर संवाददाता ‹ भाटापारा
www.dailypioneer.com



### खुद ही हटाई अपनी होर्डिंग

नगर पालिका अध्यक्ष शर्मा ने बताया कि शहर के मार्गो पर बने डिवाइडर में नए पौधे लगाए जा रहे हैं। इन पौधों की सुरक्षा, शहर की सुंदरता और यातायात में बाधक स्ट्रीट लाइट पोल पर लगे होर्डिंग हटाना जरूरी है। इसकी अभिनव पहल की शुरुआत पालिका अध्यक्ष शर्मा ने स्ट्रीट लाइट पोल पर उनके समर्थकों द्वारा लगाए गए होर्डिंग को निकालकर की। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि शहर में अब अनाधिकृत रूप से कहीं भी होर्डिंग, बैनर, पोस्टर नहीं लगाए जाएंगे।

नगर पालिका परिषद भाटापारा में पदभार ग्रहण करने के साथ ही नवनिर्वाचित नगर पालिका परिषद भाटापारा के अध्यक्ष अश्वनी शर्मा मिशन मोड पर काम में जुट गए हैं। इस कड़ी में पालिका अध्यक्ष शर्मा ने पेयजल विभाग और स्वच्छता विभाग की बैठक ली। इसके साथ ही शर्मा ने नगर में स्वच्छता और यातायात सुचारू करने की दिशा में अभिनव पहल की। इसके लिए उन्होंने शहर की स्वच्छता और यातायात में बाधक बन रहे होर्डिंग, बैनर को निकालने की शुरुआत अपनी ही होर्डिंग से की। गौरतलब है कि बीते दिनों हुए नगरीय निकाय चुनाव में भाटापारा नगर पालिका से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के रूप में अश्वनी शर्मा ने नगर में स्वच्छता और विकास को मुख्य मुद्दा बनाया था। चुनाव में बड़े बहुमत से जीतकर आने के बाद अब नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष शर्मा ने नगरवासियों से किए वायदों को पूरा करने मिशन मोड पर काम शुरू कर दिया है। ऐसे में नगर में वर्तमान में पेयजल की समस्या को देखते हुए उन्होंने 5 मार्च को जहाँ जलसंसाधन विभाग की समीक्षा की तो वाटर फिल्टर प्लांट में पार्षदों के साथ पालिका अधिकारियों व सफाई सुपरवाइजर की बैठक ली। उक्त बैठक में नगर में सफाई व्यवस्था को लेकर आ रही समस्याओं पर चर्चा करते हुए व्यवस्था दुरुस्त करने संबंधी आवश्यक निर्देश दिए। दूसरी ओर उन्होंने माना कि शहर में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति के लिए सर्वप्रथम वॉटर फिल्टर प्लांट की अधोसंरचना को दुरुस्त करने, वॉटर फिल्टर प्लांट के पूरे क्षेत्र में सफाई, कबाड़ का समुचित निपटारा, कंडम हो चुके शासकीय वाहनों और उपकरणों को टेंडर के जरिए निराकृत करने के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) को निर्देशित किया। नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने नगर में सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने में सफाई कर्मचारियों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए उन्हें कहा कि नियमित रूप से हर घर, हर व्यापारिक प्रतिष्ठान तक पहुंचकर कचरा एकत्र करें। इसके साथ ही उन्होंने शहर में स्वच्छता अभियान को जनजागरूकता अभियान बनाने पर जोर देते हुए सफाई के संबंध में नगरवासियों से फीडबैक फॉर्म भरवाने के लिए कहा साथ मे उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़िया पार्षदगण योगेश अनंत, देवेंद्र साहू, भुवन सिंह ठाकुर, बंटी टंडन, कुंजराम कोशले, सतीश तलरेजा, सतीश साहू, मोंटू ध्रुव, गोवेर्धन डहरिया मौजूद रहे।

# खेलो इंडिया अस्मिता सिटी लीग इंडोर स्टेडियम में 9 मार्च को

## अंडर-19 बालिका कुश्ती की स्पर्धा, 8 मार्च तक होगा पंजीयन

पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com

धमतरी के आमातालाब स्थित बाबू पंढरीराव कृदत्त इंडोर स्टेडियम में 9 मार्च को अस्मिता सिटी लीग का आयोजन होने जा रहा है। खेलो इंडिया योजना के तहत आयोजित इस लीग में अंडर.19 बालिका वर्ग कुश्ती प्रतियोगिता होंगी। इसके लिए टीमों का पंजीयन 8 मार्च 2025 तक कराया जा सकेगा। जिले के खेल अधिकारी ने बताया कि महिलाओं के बीच खेलों को बढ़ावा देने के लिए खेलो इंडिया के तहत अस्मिता सिटी लीग की शुरूआत की गई है। इस लीग में धमतरी में अंडर 19 बालिका वर्ग में 50 किलोग्राम और 53 किलोग्राम श्रेणी में कुश्ती की प्रतियोगिताएं इंडोर स्टेडियम में होंगी। खेल अधिकारी ने बताया कि इन प्रतियोगिताओं के लिए टीमों का पंजीयन 8 मार्च तक किया जाएगा। पंजीयन के लिए खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, रूद्री कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है। इसके साथ ही खेल इंडिया लघु केन्द्र इंडोर स्टेडियम, आमातालाब धमतरी में भी निःशुल्क पंजीयन कराया जा सकता है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए जे पी देव से मोबाईल नंबर 63010.07368, लीना यादव से 73896.34552 और विकास सिंह ठाकुर से मोबाईल नंबर 91316.01455 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

# बाईपास अब होगा पूरा रिंग रोड सहित बलौदाबाजार हेतु बजट में करोड़ों की सौगात

पायनियर संवाददाता ‹ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com






जिला मुख्यालय में ओव्हरलोड अंतर्गत यातायात के बढ़ते दबाव, प्रदूषण की गंभीरता को देखते हुए बीते वर्ष 2024-25 के बजट में कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा की पहल पर व्हाया लटुवा, पनगांव बाईपास सड़क निर्माण हेतु बजट में स्वीकृति थी, वर्तमान में उक्त कार्य हेतु नए बजट 2025-26 में भूमि अर्जन हेतु स्वीकृति प्रदान हो गई है जिससे की नगर में खुशी की लहर दौड़ रही है। विदित हो कि पूर्व में स्वीकृत बाईपास को रिंग रोड बनना प्रस्तावित था जिसमें आधा राउंड नगर के उत्तर-पश्चिम दिशा के ग्राम- लटुवा, शुक्लाभाटा, सोनपुरी, छुईहा, भरसेली एवं आधा राउंड नगर के दक्षिण-पूर्व दिशा के ग्राम- परसाभदेर (कुकुरदी), कोकड़ी, रिसदा की ओर बनकर सम्पूर्ण रिंग रोड बनना प्रस्तावित हुआ था किन्तु स्वीकृत राशि की कमी के चलते पूर्व में केवल दक्षिण-पूर्व दिशा की ओर का आधा बाईपास बन पाया था जिसमें ओव्हरलोड यातायात में पूरी तरह से निजात नहीं मिल पा रहे थे, उसका मुख्य कारण यह था कि लवन-कसडोल की ओर जाने वाले भारी वाहन भी मजबूरन रिसदा, रायपुर रोड बाईपास के लंबे रास्ते को तय करना और जैसे ही नो इंट्री समाप्त होती तो लवन-कसडोल की ओर जाने वाली गाड़ियां शहर के अंदर से गुजरने लगी थी जिससे आये दिन दुर्घटना, प्रदूषण बढ़ने लगे थे। वर्तमान बजट में स्वीकृति मिलने से शेष बचे आधे राउंड के पूरा होने से अब बाईपास रिंग रोड में तब्दील हो जायेगा जिससे नगर को भारीवाहन प्रवेश से छुटकारा मिलेगा साथ ही आसपास के ग्रामवासियों को भी सुगम मार्ग मिलेंगे और यातायात में दबाव समाप्त होगा। लोकनिर्माण अधिकारी से मौखिक रूप से प्राप्त जानकारी अनुसार उक्त स्वीकृत बाईपास सड़क नगर निवेश के प्रस्तावित मार्ग एम.आर. 16 ग्राम भरसेली, प्रतिष्ठा कॉलोनी, सोनपुरी मार्ग, व्हाया लटुवा मार्ग होते हुए पनगांव बाईपास सड़क में मिलकर सम्पूर्ण रिंग रोड में तब्दिल होगा । उक्त स्वीकृत हुए ऐतिहासिक कार्य पर नगर के प्रबुध्दजनों सहित नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जैन, अधिवक्ता सतीश चंद्र श्रीवास्तव, भाजपा नेता विजय केशरवानी, योगेश अग्रवाल ने मुख्यमंत्री एवं कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा के प्रति आभार प्रकट कर बधाईयां दी है ।

# अंधे कत्ल का मामला सुलझा, 24 घंटे के भीतर आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ‹ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



4 मार्च को सूचना मिली कि ग्राम परसाभदेर में एक युवक ज्ञानेश मिश्रा गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़ा हुआ है, जिसे उसके परिजनों द्वारा उचित इलाज हेतु जिला अस्पताल बलौदाबाजार में भर्ती कराया गया, जहां पर उसकी मृत्यु हो गई। मृतक के शरीर में किसी धारदार हथियार से वार करने के निशान पाए गए। कि रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्र. 210/2025 धारा 103,3(5) बीएनएस एवं 25,27 आर्म्स एक्ट का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। कि प्रकरण में पुलिस द्वारा घटनास्थल का सूक्ष्म निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाया गया। साथ ही स्नस्रु की टीम द्वारा भी घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही साइबर सेल की टेक्निकल टीम द्वारा भी महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्रित किया गया। इसी बीच पुलिस के जांच क्रम में आरोपी साहिल गेण्डरे एवं अमोन के बारे में पता चला, जो उस समय घटनास्थल के आसपास मौजूद थे। उक्त संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर संपूर्ण घटना का खुलासा हो गया। आरोपियों से पूछताछ पर यह बात सामने आई कि- आरोपी साहिल गेण्डरे 03-04.03.2025 की दरम्यानी रात्रि ग्राम परसाभदेर में शहीद चौक के पास खड़ा था। साथ ही उसके पास ही अमोन मारिस पीटर भी खड़ा हुआ था। इसी बीच मृतक ज्ञानेश मिश्रा वहां पर आया एवं आरोपियों को यहां सुनसान जगह पर क्यों खड़े हो, क्यों आए हो यहां, इस प्रकार की बातें कह कर एवं कारण आदि पूछ कर विवाद करने लगा। इस बात से नाराज होकर आरोपियों द्वारा अपने पास रखे चाकू से मृतक के उपर ताबड़तोड़ वार कर दिया गया, जिससे मृतक लहूलुहान होकर वहीं पर गिर पड़ा। घटना कारित करने के पश्चात दोनों आरोपी वहां से भाग गये। प्रकरण में गिरफ्तार आरोपी साहिल गेण्डरे के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली मे पूर्व मे भी अपराधिक रिकॉर्ड दर्ज है। आरोपी साहिल के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में पूर्व में कुल 05 अपराध दर्ज है एवं सभी अपराध मारपीट एवं हत्या का प्रयास जैसी गंभीर धाराओं से संबंधित है। घटना में प्रयुक्त चाकू को आरोपी साहिल द्वारा आनलाईन फ्लिपकार्ट से 02 साल पहले मंगाया गया था। प्रकरण की संपूर्ण विवेचना में स्नस्रु टीम की रिपोर्ट एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मिले महत्वपूर्ण साक्ष्यों से दोनों आरोपियों के संबंध में सुराग मिला। कि प्रकरण में दोनों आरोपियों को 05 मार्च को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपियों के नाम साहिल गेण्डरे उम्र 22 साल निवासी वार्ड नंबर 13 मिशन परसाभदेर थाना सिटी कोतवाली, अमोन मारिस पीटर उम्र 25 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 13 मिशन परसाभदेर थाना सिटी कोतवाली।

# साय सरकार के कथित सुशासन काल में लगातार बढ़ रहा भ्रष्टाचार : विशु देवांगन

## अंडरग्राउंड पाइपलाइन एवं पेवर ब्लॉक कार्य मे अनियमितता

पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com



बालक चौक से मकई तालाब तक अंडरग्राउंड पाइपलाइन एवं पेवर ब्लॉक कार्य मे गुणवत्ताहीन मटेरियल के उपयोग किए जाने एवं निर्माण कार्यों में अनियमितता बरते जाने की खबर सामने आने के बाद पार्षद विशु देवांगन ने कहा कि प्रदेश में भाजपा के साय सरकार के नेतृत्व मे भ्रष्टाचार लगातार बड़ रहा है। विधानसभा के बजट सत्र में इनके ही दल के वरिष्ठ नेताओं के द्वारा भ्रष्टाचार के मामलों का खुलासा किया जा रहा है। प्रधानमंत्री का ना खाऊंगा ना खाने दूंगा और मुख्यमंत्री का सुशासन का नारा मात्र चुनावी जुमले है। देवांगन ने आगे कहा कि नगर निगम में रोहरा के महापौर निर्वाचित होने के बाद बालक चौक से मकई तालाब तक अंडरग्राउंड पाइपलाइन का कार्य प्रारम्भ हुआ जिसमे गुणवत्ताहीन मटेरियल का उपयोग किया जा रहा है। दानीटोला वार्ड मे गुणवत्ताहींन पेवर ब्लॉक लगाया जा रहा है। एक ओर तो महापौर लगातार सुशासन की बातें कर रहे हैं और दूसरी ओर उनकी आंखों के नीचे भ्रष्टाचार का बड़ा खेल खेला जा रहा है। कार्यों में अनियमितता सामने आने के बाद महापौर के द्वारा लीपा.पोती की कार्रवाई प्रारंभ हो गई है और जांच कराये जाने की बात कही जा रही है। आखिर ऐसी स्थिति निर्मित क्यों हो रही है। स्पष्ट है ना खाऊंगा ना खाने दूंगा, विष्णु का सुशासन के बाद महापौर के द्वारा दिए गए धमतरी विकास का नारा मात्र एक जुमला साबित हो रहा है।

# ठेकेदार निगम व आम जनमानस के बीच सेतु का काम करते हैं : रामू रोहरा

## ठेकेदार एसोशियन ने किया महापौर का सम्मान



पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com

नव निर्वाचित महापौर रामू रोहरा से निगम कार्यालय में आकर ठेकेदार एसोसियेशन ने उन्हें पुष्प गुच्छ देकर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर रोहरा ने कहा कि निगम में कार्य करने वाले निविदाकार के सहयोग के बिना वे शहर के विकास की परिकल्पना नहीं कर सकते। निविदाकार निगम व आम जनमानस के बीच पुल का काम करते हैं। उन्होंने उपस्थित ठेकेदारों को आश्वस्त किया कि उनके हितों से कोई समझौता नहीं होगा। साथ ही उन्होंने उनसे शहर विकास में होने वाले कार्यों में खासकर समय व गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखने का आग्रह किया। उन्होंने ठेकेदारों की होने वाली व्यवहारिक दिक्कतों को भी जल्द से जल्द दूर करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर आलोक जाधव, लोकेश जगताप, सुशांत ठाकुर, पिंटू अग्रवाल, मोहित जैन, राजू कुरैशी, भूनेश चक्रधारी, मनसा साहू, राकेश तिवारी, षार्षद कुलेश सोनी, राकेश चंदवानी सहित बड़ी संख्या में ठेकेदार उपस्थित थे।

# शिवरतन शर्मा के कुशल प्रबंधन में निर्विरोध चुने गए सविता अनंत जनपद अध्यक्ष और भोला वर्मा उपाध्यक्ष

पायनियर संवाददाता ‹ भाटापारा
www.dailypioneer.com



प्रदेश की सबसे बड़ी नगर पालिका में अध्यक्ष के ऐतिहासिक जीत के बाद उपाध्यक्ष पद में निर्विरोध होने के बाद गुरुवार को जनपद पंचायत भाटापारा में जनपद अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद के लिए भी उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़, कुशल नेतृत्व, रणनीतिकर्ता शिवरतन शर्मा के प्रबंधन से दोनों पद में भी निर्विरोध जीत प्राप्त हुई। इसमें भाजपा की सविता प्रदीप अनंत अध्यक्ष व भोला वर्मा उपाध्यक्ष बने है। 25 जनपद सदस्यों वाली जनपद में कांग्रेस को एक भी उम्मीदवार नहीं मिला। जिसमें भाजपा प्रत्याशी सविता अनंत ने एवं उपाध्यक्ष के लिए भोला वर्मा ने बस नामांकन दाखिल किया, जिसके उपरान्त निर्वाचन अधिकारी अभिषेक गुप्ता एवं हिमांशु वर्मा ने निर्विरोध अध्यक्ष, उपाध्यक्ष की घोषणा कर प्रमाण पत्र दिया। उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा, चुनाव पर्वेक्षक सुरेन्द्र टिकरिहा, पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने जनपद पंचायत पहुंचकर भाजपा कार्यकर्ताओं तथा प्रत्याशियों का उत्साहवर्धन किया एवं अध्यक्ष उपाध्यक्ष सहित सभी कार्यकर्त्ताओ को निर्विरोध जीत पर बधाई शुभकामनाएं दी।

### विकास के लिए भाजपा सरकार प्रतिबद्ध

शिवरतन शर्मा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए भाजपा सरकार प्रतिबद्ध है व बजट 2025-26 में भी हमारे ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं, अधोसंरचनाओं के निर्माण, सुगम आवागमन, सड़क, बिजली, स्वच्छ पेयजल, किसानों को आर्थिक संबल, महिलाओं को महतारी वंदन योजना से आर्थिक सशक्तिकरण जैसे महत्वपूर्ण प्रावधान किए हैं। इससे निश्चित ही हमारे ग्रामीण क्षेत्रों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होगा। बता दें कि शिवरतन शर्मा ने इस बार नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में अग्रणी भूमिका निभाते हुए सभी क्षेत्रों में चुनाव प्रचार-प्रसार किया है जिसका परिणाम है की आज नगर पालिका भाटापारा में ऐतिहासिक अध्यक्ष प्रत्याशी की जीत होने के बाद उपाध्यक्ष निर्विरोध हुआ और भाटापारा जनपद में भी अध्यक्ष उपाध्यक्ष का चयन निर्विरोध हुआ। जीत के बाद सविता अनंत, भोला वर्मा ने कहा कि यह जीत भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत, हमारे नेता शिवरतन शर्मा के आशीर्वाद और क्षेत्र में कराए गए उनके करोड़ों के विकास कार्यों का परिणाम है।

# श्री बालाजी हॉस्पिटल रायपुर ने किया जिला स्तरीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, 34 बच्चों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण, 10 बच्चे ऑपरेशन के लिए चिन्हित






पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जिला स्तरीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन एमसीएच विंग, जिला चिकित्सालय बेमेतरा में किया गया। इस शिविर का संचालन श्री बालाजी सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल रायपुर द्वारा किया गया, जिसमें 0-18 वर्ष की आयु के आंगनबाड़ी और शासकीय स्कूलों में अध्ययनरत बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस शिविर में चिरायु दल द्वारा जन्मजात हृदय रोग (सीएचडी) से पीड़ित बच्चों की पहचान की गई। कुल 34 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण और ईसीएचओ जांच की गई, जिनमें से 10 बच्चों को ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। इसके अतिरिक्त, 11 बच्चों को चिकित्सकीय परामर्श के अंतर्गत एक वर्ष तक निगरानी में रखा गया, जबकि एक गंभीर रूप से पीड़ित बच्चे को राज्य से बाहर इलाज कराने की सलाह दी गई। शेष बच्चों को स्वस्थ पाया गया। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने इस अवसर पर बच्चों के माता-पिता को प्रोत्साहित करते हुए ऑपरेशन के लिए परामर्श दिया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ. वाय. के. ध्रुव ने बताया कि जन्मजात हृदय रोग बच्चों के हृदय की संरचना में असामान्यताओं के कारण होता है, जिससे सांस लेने में कठिनाई, शरीर का नीला पड़ना और शारीरिक कमजोरी जैसी समस्याएं होती हैं। उन्होंने कहा कि इस रोग से पीड़ित बच्चों की उम्र सामान्य बच्चों से कम होती है, जिससे असमय मृत्यु का खतरा रहता है। चिरायु योजना के तहत चिन्हित बच्चों का निःशुल्क इलाज और जांच की जाती है, और जो बच्चे राज्य में उपचार के योग्य नहीं होते, उन्हें राज्य के बाहर भी इलाज के लिए भेजा जाता है। जिला स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ. ए. के. बसोड ने बताया कि जन्मजात हृदय रोग का ऑपरेशन पूरी तरह सफल और सुरक्षित होता है। इस शिविर में जिला नोडल अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला सलाहकार, समस्त चिरायु दल और कार्यालयीन स्टाफ की उपस्थिति रही।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह की तैयारी शुरू

## 17 परियोजनाओं में मंगल ध्वनि के साथ कन्याओं का हल्दी, मेहंदी और संगीत का किया जा रहा कार्यक्रम



पायनियर संवाददाता जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आगामी 8 मार्च को कुनकुरी विकासखंड के सलियाटोली मिनी स्टेडियम में महिला बाल विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत लगभग 365 हिन्दू जोड़ों के वर वधू को अपना आशीर्वाद देंगें जशपुर में विवाह की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही है। आज जिला प्रशासन और महिला बाल विकास विभाग के संयुक्त प्रयास से जिले के 17 परियोजनाओं में विवाह के पूर्व कन्याओं का हल्दी, मेहंदी, संगीत का कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह के लिए चयनित वधु और उनके परिवार के परिजन भी संगीत और हल्दी कार्यक्रम में उत्साह से शामिल हो रहे हैं। छत्तीसगढ़ शासन के अंतर्गत संचालित मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना गरीब परिवारों और आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के बेटियों का विवाह कराया जा रहा है। और माता पिता के चिन्ता की लकीरें को दूर कर रहा है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना है, जिसका उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की कन्याओं के विवाह में सहायता प्रदान करना है। योजना की प्रमुख विशेषताएं विवाह के लिए एक जोड़े को 50 हजार रुपए तक खर्च शासन करता है। परियोजना जशपुर नगर और लोदाम का हल्दी मेंहदी और संगीत कार्यक्रम रौतिया भवन जशपुर में आयोजित किया गया है। परियोजना पत्थलगांव का हल्दी मेहंदी और संगीत कार्यक्रम पत्थलगांव के संस्कृति भवन में किया गया है केराडीह और कुनकुरी का हल्दी मेहंदी और संगीत कार्यक्रम सभा कक्ष में आयोजित किया गया है परियोजना बागबहार का हल्दी मेहंदी और संगीत कार्यक्रम शिव मंदिर बागबहार में आयोजित किया गया है परियोजना कांसाबेल और दोकडा का हल्दी मेहंदी और संगीत कार्यक्रम समरसता भवन कांसाबेल में किया गया है।

# आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग पद्धति से रोगियों को मिली परामर्श व निःशुल्क औषधियां

पायनियर संवाददाता कवर्धा
www.dailypioneer.com



स्वस्थ जीवनशैली और प्राकृतिक चिकित्सा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कवर्धा स्थित शासकीय आयुष पॉलीक्लिनिक में एक दिवसीय जिला स्तरीय आयुष चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस विशेष शिविर में आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग विज्ञान के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने 629 मरीजों का उपचार किया और उन्हें निःशुल्क औषधियां उपलब्ध कराई गईं। शिविर प्रभारी डॉ. कमलेश कुमार वर्मा ने बताया कि शिविर में 352 मरीजों को आयुर्वेदिक पद्धति से, 155 मरीजों को होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति से तथा 122 लाभार्थियों को योग और प्राणायाम के माध्यम से उपचार दिया गया। इसके अलावा, 52 मरीजों का रक्त शर्करा परीक्षण और 44 मरीजों का हीमोग्लोबिन परीक्षण किया गया। शिविर में वात-व्याधि, चर्म रोग, पाचन तंत्र की बीमारियां, मधुमेह, सर्दी-खांसी, बुखार, महिलाओं से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याएं, मूत्र रोग और रक्ताल्पता से पीड़ित मरीजों का उपचार किया गया। स्वस्थ जीवनशैली के लिए जागरूकता अभियान-जिला आयुष अधिकारी डॉ. संजय कुमार वास्तव ने शिविर के दौरान उपस्थित नागरिकों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि तेजी से बदलती जीवनशैली और मिलावटी खानपान से कई बीमारियां बढ़ रही हैं, लेकिन भोजन के सही नियमों और नियमित परिश्रम से इनसे बचाव संभव है। इसी उद्देश्य से शिविर में जागरूकता संबंधी फ्लेक्स, पंपलेट आदि के माध्यम से भी लोगों को जानकारी दी गई। विशेषज्ञ चिकित्सकों और कर्मचारियों की रही महत्वपूर्ण भूमिका-शिविर में विभिन्न चिकित्सा पद्धतियों से विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दीं, जिनमें आयुर्वेद विशेषज्ञः डॉ. सुदेश तिवारी, डॉ. प्रियंशु मेहता, डॉ. ऋतु सिंह, डॉ. दिव्या धुरंधर, होम्योपैथिक चिकित्साः डॉ. कमलेश वर्मा, योग चिकित्साः डॉ. प्रेमलाल खुरशयाम इसके अलावा, फार्मासिस्ट धर शुक्ला, चुनकेश्वर मरकाम, मती रश्मि दुरुगकर, धनेश कौशिक, काउंसलर मती अभिलाषा गुप्ता, लैब टेक्नीशियन उज्जैन साहू, सहायक विकास साहू, राजकुमार मरकाम, जाकिर खान, संजू नाथ योगी और जय चौहान सहित अन्य कर्मचारियों ने शिविर को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# ईश्वर को साक्षी मानकर रवि सिंगौर ने लिया सरपंच पद की शपथ, बिना भेद भाव के लोगो की करेंगे सेवा

पायनियर संवाददाता अमलेश्वर
www.dailypioneer.com




जनपद पंचायत पाटन अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत सांकरा में नवनिर्वाचित सरपंच रवि सिंगौर ने अपने 20 पंचों के साथ आज शपत ग्रहण किया। सरपंच पद का भार लिया। सिंगौर और पंचों ने ईश्वर को साक्षी मानकर शपथ लिया। छत्तीसगढ़ पंचायती राज अधिनियमों के प्रावधानो का निष्ठा पूर्वक पालन करने का शपथ लिया। तत्पश्चात सरपंच रेमन यशवंत जांगड़े ने नवनिर्वाचित सरपंच रवि सिंगौर को पंचायत का सील पैड देकर कार्य भार सौंपा। इस अवसर पर सचिव ईश्वर निषाद, खुमान सिंगौर, कोटवार संजय डहरिया सहित अन्य लोग मौजूद रहे। उक्त जानकारी मीडिया को कामता सिंगौर ने शेयर किया। ग्राम पंचायत सांकरा सरपंच रवि सिंगौर के साथ पंचगण वार्ड अनुसार वार्ड क्र .1 महेंद्र कुमार पारधी वार्ड क्र.2 अंजू बंजारेवार्ड क्र. 3 रोशन चन्द्राकर वार्ड क्र. 4 शुभम बंजारे वार्ड क्र. 5 रामशरण बंधे वार्ड क्र. 6 दिलेश्वरी तुरकाने वार्ड क्र. 7 श्यामू बंजारे वार्ड क्र. 8 सविता गायकवाड़ वार्ड क्र. 9 झामीन ध्रुव वार्ड क्र. 10 लक्ष्मी सिंगौर वार्ड क्र. 11 कविता सिंगौर वार्ड क्र. 12 ईश्वरीबाई सिंगौर वार्ड क्र. 13 हेमा यादव वार्ड क्र. 14 तुलाराम सिंगौर वार्ड क्र. 15 दीपक सिंगौर वार्ड क्र. 16 संजय क्रमार सिंगौर वार्ड क्र. 17 वीरेन्द यदु वार्ड क्र. 18 सम्पति सिंगौर वार्ड क्र.19 पिंकी वैष्णव वार्ड क्र. 20 चन्दन सिंगौर।

# संकल्प जशपुर, कुनकुरी एवं पत्थलगांव में कक्षा 9 वीं में प्रवेश हेतु आवेदन 3 अप्रैल तक आमंत्रित

पायनियर संवाददाता जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर, कुनकुरी एवं पत्थलगांव में कक्षा 9 वीं में हिन्दी माध्यम की कुल 120 सीटों में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 3 अप्रैल 2025 निर्धारित की गई है। चयन परीक्षा 13 अप्रैल को जिला मुख्यालय में 6 केंद्रों में आयोजित होगी। इस बारे में जानकारी देते हुए संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर के प्राचार्य विनोद कुमार गुप्ता ने बताया कि नवीन शैक्षणिक सत्र में संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर में कक्षा 9 वीं में 20 छात्र एवं 20 छात्राओं जिसमें 02 बालक एवं 03 बालिका पहाडी कोरवा / बिरहोर जनजाति के होगें। संकल्प शिक्षण संस्थान कुनकुरी में कक्षा 9 वीं में 20 छात्र एवं 20 छात्राओं, संकल्प शिक्षण संस्थान पत्थलगांव में कक्षा 9 वीं में 20 छात्र एवं 20 छात्राओं को प्रवेश दिया जायेगा। संकल्प शिक्षण संस्थान में कक्षा 9 वीं में प्रवेश लेने वाले सभी विद्यार्थियों को आईआईटी/नीट परीक्षा की तैयारी कराई जाती है। प्रवेशित सभी छात्र-छात्राओं को निःशुल्क आवास, भोजन, गणवेश एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री प्रदान की जाती है। संकल्प में में प्रवेश हेतु आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 3 अप्रैल निर्धारित की गई है। प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थी आवेदन अपने विकासखंड के विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में एवं संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर, कुनकुरी एवं पत्थलगांव में जमा कर सकते है। आवेदन पत्र की पावती आवेदक को दी जाएगी जिसका परीक्षा हेतु रोल नम्बर एवं परीक्षा केंद्र का नाम उल्लेखित होगा ।

# मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय की पहल पर ग्राम पंचायत हेटघींचा के मुड़ीझरिया में बदला गया ट्रांसफार्मर

पायनियर संवाददाता जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



लो वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे ग्राम पंचायत हेटघींचा के मुड़ीझरिया के ग्रामीणों को मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय की पहल पर बड़ी राहत मिली है। ट्रांसफार्मर के बदले जाने से इस समस्या का सामाधान हो गया है। जिससे प्रसन्न ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है। विकासखंड फरसाबहार अंतर्गत ग्राम पंचायत हेटघींचा के मुड़ीझरिया के ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में इस संबंध में आवेदन देकर बताया कि वर्तमान में जिस ट्रांसफार्मर से बिजली की सप्लाई हो रही है, उसकी पर्याप्त क्षमता नहीं होने की वजह से लो-वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। जिससे ग्रामीणों को काफी पेरशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने इसे जल्द सुधारने की मांग की। कैंप कार्यालय की पहल पर विद्युत विभाग ने ट्रांसफार्मर को बदल दिया है। जिससे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के द्वारा बगिया में खोले गए मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय के द्वारा जनसमस्या को प्राथमिकता में रखकर इसका समाधान किया जा रहा है। विद्युत आपूर्ति से संबंधित समस्या आने पर इसके तत्काल निराकरण की कार्यवाही शुरू कर दी जाती है।

# विकासखंड सहसपुर लोहारा के परीक्षा केन्द्रों का जिला उड़नदस्ता दल द्वारा निरीक्षण



पायनियर संवाददाता कवर्धा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हायर सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2025 के तहत कक्षा बारहवीं के वाणिज्य संकाय के व्यवसाय अध्ययन, कृषि संकाय के कृषि के तत्व और गणित विषय की परीक्षा के निरीक्षण हेतु कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी उड़नदस्ता दल क्रमांक 02 द्वारा सहायक संचालक यू.आर. चन्द्राकर और दल के अन्य सदस्यों, सतीश यदु (एम.आई.एस. प्रशासक) एवं व्याख्याता भगवती हठीले द्वारा बोडला विकासखंड के परीक्षा केन्द्र शास. उ.मा.वि. महराजपुर और स.लोहारा विकासखंड के शास. उ.मा.वि. गोछिया, शास. उ.मा.वि. बाजार चारभाठा, शास. उ.मा.वि. विरेन्द्रनगर एवं शास. उ.मा.वि. रणवीरपुर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में पाया गया कि परीक्षा सुचारू रूप से, सुव्यवस्थित और शांतिपूर्वक संचालित हो रही थी। परीक्षा केन्द्रों में पर्याप्त पेयजल, प्रकाश, प्रसाधन व पर्याप्त फर्नीचर की व्यवस्था थी। परीक्षा कक्षों में पर्यवेक्षकों ने सूचना पंजी में अपना कार्य सही ढंग से दर्ज किया और निर्देश दिए गए कि परीक्षा दिवस को संचालित परीक्षा पर्चे से संबंधित विषय-शिक्षक से पर्यवेक्षण कार्य न लिया जाए, और पर्यवेक्षक के विषय/संकाय को अनिवार्य रूप से अंकित किया जाए। निरीक्षण के दौरान किसी भी प्रकार के अनुचित साधन के उपयोग करने वाले परीक्षार्थियों का कोई मामला सामने नहीं आया। केन्द्रों में ग्लूकोज और प्राथमिक उपचार सामग्रियों की उपलब्धता के लिए सुझाव दिया गया। साथ ही, यह सुनिश्चित किया गया कि बोर्ड द्वारा निर्धारित सभी प्रपत्रों और पंजियों का समुचित संधारण किया जा रहा है।

# लाईनमैन दिवस पर उत्कृष्ट कर्मचारियों का हुआ सम्मान

## अधिकारियों ने कहा: लाईनमैन विद्युत व्यवस्था की रीढ़ होते हैं

पायनियर संवाददाता कवर्धा
www.dailypioneer.com




कवर्धा वृत्त के अंतर्गत कवर्धा जोन कार्यालय परिसर में आज लाईनमैन दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में घोष, अधीक्षण अभियंता की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में फ्लोरा, विष्णु देवांगन, उइके, आर्या सहित कवर्धा संभाग के समस्त कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता एवं लाईन कर्मचारी उपस्थित रहे। लाईनमैन दिवस के इस विशेष आयोजन में विद्युत व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले लाईन कर्मचारियों के समर्पण, मेहनत और उत्कृष्ट कार्यों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि लाईनमैन विद्युत व्यवस्था की रीढ़ होते हैं, जो कठिन परिस्थितियों में भी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हैं। मुख्य अतिथि घोष ने अपने संबोधन में कहा कि लाईन कर्मचारियों का कार्य अत्यंत चुनौतीपूर्ण और जोखिम भरा होता है, फिर भी वे अपनी निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ आमजन को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने में सदैव तत्पर रहते हैं। उन्होंने सभी सम्मानित कर्मचारियों को बधाई दी और भविष्य में भी इसी लगन के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर कार्यपालन अभियंता फ्लोरा, विष्णु देवांगन, उइके, आर्या ने भी अपने विचार व्यक्त किए और कर्मचारियों की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में सम्मानित कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। लाईनमैन दिवस का यह आयोजन कर्मचारियों के मनोबल को बढ़ाने तथा उनके महत्वपूर्ण योगदान को पहचानने की दिशा में एक सराहनीय पहल रही। इस अवसर पर रंजीत घोष अधीक्षण अभियंता (वृत्त) कवर्धा, जी.एस. फ्लोरा कार्यपालन अभियंता कवर्धा संभाग, के.एल. उइके कार्यपालन अभियंता परियोजना संभाग, विष्णु देवांगन कार्यपालन अभियंता सतर्कता संभाग कवर्धा, एम.के. आर्या कार्यपालन अभियंता एस.टी. एम.संभाग कवर्धा उपस्थित थे।

## नवनिर्वाचित जिपं अध्यक्ष कल्पना तिवारी व उपाध्यक्ष खुशबू वर्मा का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

# जनहित हितैषी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने व क्षेत्र के विकास के लिए करेंगे प्रयास: कल्पना योगेश तिवारी

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जिला पंचायत अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का चुनाव बुधवार को प्रभारी भारत वर्मा के नेतृत्व में किया गया। जिला पंचायत की नव निर्वाचित अध्यक्ष भाजपा के कल्पना तिवारी व उपाध्यक्ष भाजपा के खुशबू वर्मा को बनाया गया। जिला पंचायत के अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद कल्पना योगेश तिवारी और उपाध्यक्ष खुशबू गोविंद वर्मा सबसे पहले जिला भाजपा कार्यालय पहुंचकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी और भारत माता की छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलित कर किया। भाजपा के कार्यकर्ताओं को कल्पना तिवारी ने संबोधित किया और कहा कि मेरी जीत कार्यकर्ताओं और जनता जनार्दन के आशीर्वाद के फलस्वरूप हुआ और अध्यक्ष पद के लिए जिम्मेदारी देने पर सभी जिला पंचायत के सदस्यों और प्रदेश नेतृत्व के आभारी रहूंगी, साथ ही जिले के सभी कार्यकर्ताओं को माननीय मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के जनहितैषी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने के लिए जिले के मंत्री दयाल दास बघेल, सांसद विजय बघेल, बेमेतरा विधायक दीपेश साहू, साजा विधायक ईश्वर साहू के साथ मिलकर हमेशा क्षेत्र के विकास के लिए भरपूर प्रयास करेंगे। साथ ही संगठन के सभी पदाधिकारी जनप्रतिनिधि कार्यकर्ताओं का हृदय से धन्यवाद देती हूं। भाजपा कार्यालय में संचालन जिला महामंत्री नरेंद्र वर्मा ने किया। भाजपा जिला अध्यक्ष अजय साहू, डोमेन्द्र सिंह राजपूत, केशव पटेल, मोंटी साहू, परमेश्वर वर्मा, प्रहलाद वर्मा, यशवंत वर्मा, हिमांशु वर्मा, बुलाक साहू, राजेन्द्र सिंह राजपूत, नथमल सिंह कोठारी, योगेश वर्मा, मनोज वर्मा, पीयूष शर्मा, मनोज सिन्हा, नरेश, बेरला नगर पंचायत अध्यक्ष विशाल देशलहरा ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का स्वागत किया।

### बाजे-गाजे के साथ निकली रैली, और अतिशबाजी करके कार्यकर्ताओं ने खुब जीत का जश्न मनाया प्रभारी भरत वर्मा व सांसद बघेल रहे मौजूद

अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद कल्पना योगेश तिवारी और उपाध्यक्ष खुशबू गोविंद वर्मा निर्वाचित होने पर जिला पंचायत के प्रदेश महामंत्री व प्रभारी भरत वर्मा व सांसद विजय बघेल के नेतृत्व में भाजपा कार्यालय से घड़ी चौक होते हुए विधायक निवास पर पर कार्यकर्ताओं ने बाजे-गाजे के साथ स्वागत किया। बाजे गाजे के साथ रैली निकाली। जगह-जगह नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना तिवारी का आरती उतार कर स्वागत किया गया। इस दौरान विधायक दीपेश साहू, जिलाध्यक्ष अजय साहू, महामंत्री नरेंद्र वर्मा, नगरपालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, विजय सुखवानी, विकास तंबोली, नथमल कोठारी ने बधाई एवं शुभकामनाएं दिए।

### भाजपा नेता योगेश तिवारी ने निभाई महत्वपूर्ण भूमिका रही

नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना तिवारी के पति योगेश तिवारी ने जिला पंचायत अध्यक्ष चुनाव में अपनी कामयाबी हासिल की। लिहाजा मालूम हो कि भाजपा नेता योगेश तिवारी की बेमेतरा जिला में कद बढ़ते जा रहा है। साथ ही उनके समर्थकों की संख्या में भी इजाफा होगा और योगेश तिवारी ने ईस चुनाव में सर्वाधिक वोटों से जीत कर एक नया ईतहास बनाया है।

## संपादकीय

# आकाश की सुरक्षा 'आत्मनिर्भर भारत पहल'

**भारत** को अपने आकाश की सुरक्षा के लिए पूरी तरह तैयार रहना चाहिए क्योंकि विपक्षी तेजी से अगली पीढ़ी के विमानों का उच्चीकरण कर रहे हैं। भारतीय वायुसेना महत्वपूर्ण मोड़ पर है। वह 'आत्मनिर्भर भारत पहल' के अंतर्गत तेजी से आधुनिकीकरण और आत्मनिर्भरता के बीच संतुलन स्थापित कर रही है। भारतीय वायुसेना की क्षमता संवर्धन हेतु उच्चाधिकार समिति की हालिया रिपोर्ट में प्रमुख प्रगति क्षेत्रों की पहचान के साथ बलों की क्षमता बढ़ाने व उसकी कमियों को संबोधित करने के सुझाव दिए गए हैं। भारतीय वायुसेना वर्तमान समय में 31 लड़ाकू स्क्वार्डनों का संचालन कर रही है जो उसकी 42 स्क्वार्डन की स्वीकृत क्षमता से बहुत कम है। हल्के लड़ाकू विमान-एलसीए एमके1ए प्राप्त करने में विलंब तथा धीरे-धीरे पुराने पड़ रहे जगुआर, मिग-29यूपीजी और मिराज-2000 को हटाने से नए अधिग्रहणों की आवश्यकता सामने आती है। हाल ही में एलएसीए एमके1ए, एलसीए एमके2 और पांचवीं पीढ़ी के एडवांस्ड मीडियम एयरक्राफ्ट-एमसीए का उत्पादन तेज किया गया है। इसके साथ ही आपरेशनल क्षमताओं के लिए महत्वपूर्ण अतिरिक्त हवाई शीघ्र चेतावनी व नियंत्रण-एईडब्लूएंडसी विमानों, उड़ान के दौरान ईंधन भरने वाले तथा उत्कृष्ट मिसाइल सिस्टमों की आवश्यकता बताई गई है। कमेटी ने रक्षा पीएसयू व डीआरडीओ के प्रयासों में योगदान के लिए निजी क्षेत्र की भूमिका पर जोर दिया है ताकि एयरोस्पेस विनिर्माण में उत्पादन क्षमता बढ़ा कर उसे बेहतर बनाया जा सके। घरेलू लड़ाकू विमान उत्पादन की



धीमी गति के कारण लड़ाकू क्षमता में कमियां पैदा हुई हैं क्योंकि विरोधी, खासकर चीन और पाकिस्तान तेजी से अपनी वायुसेनाओं के उच्चीकरण के लिए पांचवीं पीढ़ी और यहां तक कि छठी पीढ़ी के विमान भी प्राप्त कर रहे हैं।

जटिल खरीद प्रक्रिया तथा निर्णय लेने की त्वरित गति की कमी के कारण महत्वपूर्ण अधिग्रहणों में देर होती है जिससे वायुसेना की शक्ति प्रभावित होती है। हालांकि, स्वदेशी उत्पादन क्षमताओं में प्रगति की गई है, पर अब भी उच्चस्तरीय तकनीकों, जैसे जेट इंजनों, उत्कृष्ट वैमानिकी तथा स्टील्थ क्षमताओं के विकास में कमियां बनी हुई हैं। रक्षा आवश्यकताओं के लिए वित्तीय आबंटन आधुनिकीकरण लक्ष्यों के अनुसार होना चाहिए ताकि स्वदेशी परियोजनाओं के साथ तत्काल अधिग्रहण के लिए उपयुक्त फंडिंग सुनिश्चित की जा सके। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने निर्देश दिए हैं कि समिति की संस्तुतियों को सुव्यवस्थित और समयबद्ध तरीके से क्रियान्वित किया जाए ताकि और विलंब से बचा जा सके। सरकार को यह अवश्य सुनिश्चित करना चाहिए कि एएमसीए कार्यक्रम का समयबद्ध क्रियान्वयन हो तथा एचएएल की उत्पादन क्षमताओं में वृद्धि कर उसे हर साल आवश्यक लड़ाकू विमान प्राप्त करने में सक्षम बनाया जाए। इसके साथ ही एक सुधरी खरीद प्रक्रिया की भी जरूरत है ताकि नौकरशाही के कारण होने वाले विलंब को समाप्त किया जा सके जो तेजी से अनुमतियों एवं अधिग्रहणों के लिए जरूरी है। विश्व की प्रमुख विमान निर्माता कंपनियों से सहयोग मजबूत करने से उत्कृष्ट तकनीक प्राप्त की जा सकती है तथा स्वदेशी विनिर्माण केन्द्रों की स्थापना हो सकती है। इनसे आधुनिकीकरण तेज करने में सहायता मिलेगी। नीतिगत सुधारों, प्रोत्साहनों तथा ढांचागत समर्थन से निजी रक्षा विनिर्माताओं को प्रोत्साहित करने से विमान क्षेत्र के उत्पादनों में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलेगा। उच्चाधिकार समिति की संस्तुतियों से तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता रेखांकित होती है। इसके साथ ही व्यवस्थागत चुनौतियों से निपटना तथा निजी क्षेत्र के सहयोग से खोजन को बढ़ावा देना भी जरूरी है। वास्तव में भारत को एक युद्ध के लिए तैयार तथा आत्मनिर्भर वायुसेना की आवश्यकता है जो वैश्विक स्तर पर उभरती चुनौतियों का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार हो। आज पहले के किसी भी समय की तुलना में आधुनिक एवं अत्यधिक सक्षम वायुसेना सर्वाधिक आवश्यक है।

# म्यांमार में सैनिक शासन को चुनौती

म्यांमार के गृहयुद्ध में प्रतिरोधी बलों ने बड़ी उपलब्धियां प्राप्त की हैं। लेकिन इसके बावजूद चीन और रूस के समर्थन से सैनिक शासन का प्रमुख शहरों और आर्थिक केन्द्रों पर कब्जा बना हुआ है।



**अशोक के. मेहता**
(लेखक, सेवानिवृत्त मेजर जनरल हैं)



पिछले सप्ताह केन्द्रीय गृह मंत्री राष्ट्रपति शासन के अंतर्गत मणिपुर की स्थितियों पर एक समीक्षा बैठक की। इसके साथ ही उन्होंने म्यांमार और सीमावर्ती क्षेत्रों के उन व्यापार मार्गों पर भी चर्चा की जिन पर अब म्यांमार के सैनिक शासक का नियंत्रण नहीं है। अतीत पर गौर करें तो स्पष्ट होगा कि 1962 तक म्यांमार पर सेना के जनरलों का एकछत्र शासन था। हालांकि, फरवरी, 2021 में हुआ चौथा सैनिक विद्रोह सबसे लंबा था, पर उसे पहली बार बहुत बड़े प्रतिरोध का सामना भी करना पड़ा। बर्मी लोग-'बीमार' विपक्षी बलों में शामिल हो गए हैं जिनमें नस्ली सशस्त्र संगठन-ईएओ, राष्ट्रीय एकीकृत सरकार-एनयूजी के अंतर्गत पीपुल्स डिफेंस फोर्स-पीडीएफ स्थानीय मिलिशिया तथा विद्रोही समूह शामिल हैं। ये सभी समूह सैनिक शासक को पराजित करने के लिए एकजुट हो गए हैं। म्यांमार में सैनिक शासन के अंतर्गत संगठित अपराध तेजी से बढ़ा है और वह उसका लाभ उठा रहा है। संगठित अपराध के कारण 2 बिलियन डालर के साइबर घोटाले व अन्य धोखाधड़ी वाले अपराध हुए हैं। अनेक निरपराध भारतीय इन अपराधों में अनजाने सहयोगी या इनके शिकार बन चुके हैं।

इसके पहले म्यांमार में सैनिक शासन के खिलाफ विरोध इतना संगठित नहीं था। उसकी यह सफलता इस तथ्य के बावजूद है कि कोई एकीकृत कमांड नहीं है तथा उनके आपरेशनों के बीच समन्वय की कार्रवाई 'थ्री ब्रदरहुड एलायंस' जैसे संगठनों द्वारा की जा रही है जिसके चलते आपरेशन 1027 तीन ईएओ-टीएनएलए, एमएनडीएए तथा एए द्वारा शुरू किए गए हैं। म्यांमार में सैनिक शासन का विरोध करने वाले इन सशस्त्र संगठनों में सैनिक रूप से अराकान आर्मी-एए सबसे मजबूत है। वह दक्षिण के राखीन प्रांत में सक्रिय है, जबकि अन्य दो ईएओ उत्तरी शान राज्य में सक्रिय हैं। विद्रोही बलों के आपरेशन कोडनेम 1027 का संबंध उत्तर में व्यापक अभियान शुरू करने की तारीख् 27 अक्टूबर, 2023 से है।

चीन म्यांमार में दोमुंही भूमिका निभा रहा है। वह सैनिक शासक का समर्थन करने के साथ ही कुछ ईएओ का समर्थन भी कर रहा है। हालांकि, निकट अतीत में उसने नीतिगत बदलाव करते हुए सैनिक शासन को पूर्ण समर्थन देने की बात कही है। लेकिन चीन की घोषणायें भ्रामक और धोखाधड़ी से भरी हैं, इसलिए चीन की घोषणाओं के बजाय उसके कामों पर ध्यान देना ज्यादा जरूरी है। जमीनी स्तर पर गौर करें तो म्यांमार में गृहयुद्ध का चौथा साल चल रहा है। सैनिक शासन की काफी जमीन छिन गई है, लेकिन वह किसी प्रकार भी हार के करीब नहीं है।

यदि सैनिक टकराव का व्यापक आंकलन किया जाए तो स्पष्ट होगा कि सैनिक शासन का म्यांमार के 21 प्रतिशत क्षेत्र पर कब्जा है जिसमें 'बीमार' का महत्वपूर्ण केन्द्रीय क्षेत्र इरावडी शामिल है। इसके साथ ही सैनिक शासन के नियंत्रण में नई राजधानी नैपीडा, यंगून और मांडले शामिल हैं जो दो सबसे बड़े शहर हैं। इसके साथ ही उसका सभी समुद्री बंदरगाहों और हवाईअड्डों पर भी कब्जा है। केवल एक भारत-संचालित सिटवे बंदरगाह पर ही खतरा है जिसे अराकान आर्मी ने घेर लिया है। उत्तर और दक्षिण के दो हवाईअड्डों और दो सैनिक कमांड मुख्यालयों पर प्रतिरोधी बलों ने कब्जा कर लिया है। सैनिक शासन की 350 कस्बों में से 145 में पराजय हुई है। इससे बांग्लादेश, भारत, चीन और थाईलैंड की सीमाओं पर सभी व्यापार मार्ग चौकियों पर उसका नियंत्रण समाप्त हो गया है। केवल एक व्यापार मार्ग मूसा ही सेनिक शासन के नियंत्रण में है। प्रतिरोधी बलों का 42 प्रतिशत क्षेत्र पर कब्जा है, जबकि बाकी 'नोमैन्स लैंड' है। ज्यादा महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि 80 प्रतिशत जनता व खासकर 'बीमार' प्रतिरोधी बलों का समर्थन कर रहे हैं, जबकि केवल 20 प्रतिशत ही सैनिक शासक के साथ हैं। पिछले जन-विद्रोहों में 'बीमार' ने हमेशा सैनिक शासन का समर्थन किया था। म्यांमार में भ्रष्टाचार एक महामारी की तरह ऊपर से नीचे तक फैला है जिससे सैध्नक शासन की सैनिक क्षमतायें नष्ट हो गई हैं। इसके कारण सेना में पलायन तथा बटालियनें छोड़ देने की प्रवृत्ति पैदा हुई है।

बटालियनों में मानक रूप से 600 सैनिक होने चाहिए, पर अब उनमें केवल लगभग 100 सैनिक ही बचे हैं। इसी प्रकार लगभग 167 बटालियनें समाप्त हो गई हैं तथा उनके हथियार बेच डाले गए हैं। सैनिकों में इस प्रकार के हतोत्साह और नैतिकता की कमी से उनकी युद्धक क्षमता प्रभावित हुई है। सरकारी सेनाओं में हताहतों की संख्या बहुत अधिक है, पर उनके कोई आंकड़े जारी नहीं किए जाते हैं। सैनिक शासक जमीनी स्तर पर नियंत्रण के झूठे दावे करते हैं और वे कुछ फर्जी इकाइयों की उपस्थिति बताते रहते हैं। सेना की अधिकांश सप्लाई लाइनें नष्ट हो चुकी हैं जिसके कारण उसे भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। म्यांमार में सैनिक शासक का सारा आवागमन अब वायुमार्ग तक सीमित है और विमानों से किए जवाबी हमलों में सिविलियन नागरिक बड़ी संख्या में हताहत हुए हैं। भगोड़े सैनिकों के कारण प्रतिरोधी बल मजबूत हुए हैं क्योंकि भगोड़े अपने साथ हथियार और अपना कौशल भी लाते हैं। म्यांमार के विद्रोही समूहों में अब महिलाओं की संख्या लगभग 60 प्रतिशत है, हालांकि वे मुख्यत: सहायक भूमिकाओं में हैं। इसके पहले के जन-विद्रोहों में महिलाओं की संख्या केवल 10 प्रतिशत होती थी। इस बार अनिवासी म्यांमार नागरिकों का जन-विद्रोह को समर्थन अभूतपूर्व है।

यह बहुत महत्वपूर्ण है और ऐसा पहले कभी नहीं रहा है। जनता के लोकतांत्रिक बलों-पीडीएफ में भर्ती बढ़ गई है तथा अनेक विदेशी शक्तियां भी उनका समर्थन कर रही हैं। पीडीएफ को प्रतीक रूप से 'तरबूज' कहा जा रहा है जो बाहर हरा और भीतर लाल होता है। म्यांमार के इस प्रतीक में जहां हरा रंग जन-सैनिकों की वर्दी का है, वहीं लाल रंग नेशनल लीग फार डेमोक्रेसी के झंडे का है। हालांकि, म्यांमार में सैनिक शासन के विरोध में जनता की मुक्ति सेनाओं की संख्या और उनकी लोकप्रियता बढ़ी है, लेकिन अत्यधिक उत्साह तथा सफलता की गति के बावजूद प्रतिरोधी बलों को नई सैनिक रणनीति तथा एक और 'आपरेशन 1027' की आवश्यकता है।

प्रतिरोध से उम्मीद की जाती है कि वह सैनिक शासक की रक्षा आर्डिनेंस फैक्ट्रियों पर हमला करे जो उनके रक्षा-उद्योग का आधार हैं। मांडले के निकट स्थित इन फैक्ट्रियों को प्रतिरोधी बलों द्वारा नष्ट करना या उन पर कब्जा करना सेना के लिए बड़ा धक्का होगा, लेकिन इसके बावजूद यह सैनिक शासक को पराजित करने के लिए काफी नहीं है।

पीडीएफ को स्वयं को बटालियनों-ब्रिगेड संरचनाओं में संगठित करना चाहिए जिनका कमांड ढांचा रणनीतिक रूप से जमीन पर कब्जा कर उसे अपने पास बनाए रखने तथा हवाईअड्डों जैसे रणनीतिक ठिकानों पर कब्जा करने में सक्षम हो। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के दो स्थाई सदस्य चीन और रूस 'असीम साझेदार' होने के बावजूद सैनिक सहयोगी नहीं हैं। ये दोनों म्यांमार में सैनिक शासक का समर्थन कर रहे हैं। रूस अब मुख्य सैनिक सप्लायर है और 2021 से उसने 406 मिलियन डालर के सैनिक उपकरण सप्लाई किए हैं।

सैनिक शासक सुप्रीमो वरिष्ठ जनरल मिन आंग हिलांग ने पिछले साल रूस की यात्रा की थी जिसके लिए चिकित्सकीय जांच का बहाना बनाया गया था। रूस ने 6 एसयू 30 विमान सप्लाई किए जिसके जवाब में 6 बर्मी हाथी मास्को भेजे गए। सुखोई विमानों से सैनिक शासक की क्षमता काफी बढ़ेगी और इससे और ज्यादा सिविलियन हताहत होंगे। चीन म्यांमार में एक प्रमुख पक्ष बना हुआ है, वह सैनिक शासक का समर्थन कर रहा है तथा उसने म्यांमार में बड़ा सैनिक और आर्थिक निवेश किया है। उसकी नजर खनिजों, तेल, गैस और पनबिजली पर है। कायकफू सीट बंदरगाह से उसकी गैस पाइपलाइन अंडमान सागर हो कर यूनान प्रांत के कुनिंग तक जाती है। इससे बीजिंग को हिंद महासागर में प्रवेश मिलता है। गैस पाइपलाइनों के साथ सड़क व रेल लाइनों का जाल भी बिछाया जा रहा है। कोको द्वीप पट्टे पर देने के बाद चीन-म्यांमार आर्थिक गलियारा चीन की मलक्का योजना को वैकल्पिक रास्ता भी देता है।

सैनिक शासक द्वारा 20,000 नए सैनिक भर्ती करने के बाद अब बीजिंग का अनुमान है कि प्रतिरोधी शक्तियां उसे हरा नहीं सकती हैं। इसलिए बीजिंग ने काचिन और शान राज्यों तथा उत्तर में कोकांग क्षेत्र में ईएओ के साथ युद्धविराम के प्रयास कर रहा है। उसने जनवरी, 2025 में एमएनडीएए के साथ शांति प्रयास शुरू किए हैं। बीजिंग सैनिक शासक को म्यांमार में नवंबर, 2025 में चुनाव करवाने में भी सहायता करेगा ताकि उसे आवश्यक वैधता प्राप्त हो सके।

# ड्रोन आतंकवाद: पाकिस्तान की नई चाल

> पाकिस्तान द्वारा छोटे ड्रोन का उपयोग कर हथियारों और नशीली दवाओं की तस्करी, भारत के सामने एक नया और गंभीर खतरा बन चुकी है।

[illegible]
(लेखक, राजनीतिक विश्लेषक हैं)



आधुनिक युद्ध अब सिर्फ भूमिगत लड़ाई तक सीमित नहीं है अब यह आसमान और डिजिटल दुनिया तक भी फैल गया है। पाकिस्तान द्वारा छोटे ड्रोन का उपयोग कर हथियारों और नशीली दवाओं की तस्करी, भारत के सामने एक नया और गंभीर खतरा बन चुकी है। चीन के समर्थन से, पाकिस्तान इन ड्रोन को भारतीय हवाई क्षेत्र में भेजकर अस्थिरता पैदा करने की कोशिश कर रहा है, खासतौर पर पंजाब और जम्मू-कश्मीर जैसे सीमावर्ती एवं सवेंदनशील राज्यों में। रात के अंधेरे में ये ड्रोन अक्सर कम ऊंचाई पर उड़ते हैं, जिससे सामान्य रडार सिस्टम इन्हें आसानी से पकड़ नहीं पाते। यह भारतीय सुरक्षा व्यवस्था के लिए एक महत्वपूर्ण चुनौती बनता जा रहा है। भारतीय सेना ने इस खतरे को समझते हुए अपनी क्षमता को तेजी से बढ़ा रही है। अब सेना कम ऊंचाई पर उड़ने वाले ड्रोन को पकड़ने और नष्ट करने के लिए लो-लेवल लाइटवेट रडार और नवीनतम एंटी-ड्रोन तकनीक हासिल कर रही है।

ड्रोन का प्रयोग बीते समय में केवल निगरानी के लिए किया जाता था, लेकिन आज यह आतंकवाद और संगठित अपराध के लिए एक सस्ता और कारगर हथियार बन चुका है। पाकिस्तान में चलने वाले कमर्शियल क्वाडकॉप्टर ड्रोन से लेकर कस्टम-बिल्ट यूएवी तक, सभी 10 किलोग्राम का भार उठाने में सक्षम हैं। पाकिस्तान इन ड्रोन का अधिकांश उपयोग हथियारों की तस्करी और नशीली दवाओं की तस्करी में करता है। इन ड्रोनों का उपयोग पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठनों, जैसे लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद, कर रहे हैं, जो छोटे हथियार, ग्रेनेड और विस्फोटक सामग्री को भारतीय सीमा पर गिरा देते हैं। इसके अलावा, ये ड्रोन पंजाब जैसे राज्यों में हेरोइन और अन्य मादक पदार्थों की खेप ला रहे हैं, जो नशे की लत को बढ़ावा देते हैं और युवाओं को बर्बाद करते हैं।

भारतीय सेना ने ड्रोन के बढ़ते खतरे को देखते हुए एक बहुस्तरीय सुरक्षा प्रणाली बनाई है, जो शुरुआती चेतावनी प्रणाली, इलेक्ट्रॉनिक काउंटरमेजर्स और ड्रोन को प्रत्यक्ष रूप से गिराने की तकनीक शामिल है। सेना अब लो-लेवल लाइटवेट रडार तैनात करती है, जो कम ऊंचाई पर उड़ने वाले छोटे ड्रोन को पहचान सकते हैं। ये रडार डॉपलर तकनीक का उपयोग करके ड्रोनों को पक्षियों से अलग कर सकते हैं। अब ड्रोन की उड़ान के पैटर्न को भी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित निगरानी प्रणाली पहचान सकती है और खतरों को पहले से भांप सकती है। ड्रोन को मार गिराने के लिए इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली का उपयोग किया जा सकता है।

पुरानी तकनीक से कुछ ड्रोन को रोक पाना मुश्किल है। ऐसे में, भारतीय सेना ड्रोन-ऑन-ड्रोन युद्ध तकनीक बना रही है, जो ड्रोन-ऑन-ड्रोन युद्ध में दुश्मन ड्रोन को हवा में ही मार सकती है। इसके अलावा, ट्रक-माउंटेड एंटी-ड्रोन सिस्टम भी सेना में शामिल किए जा रहे हैं, जो कई ड्रोन को एक साथ मार गिराने की क्षमता रखते हैं। जिससे न केवल सीमा पर बल्कि देश में भी कहीं अगर कोई सुरक्षा व्यस्था में अप्रतयक्ष रूप से सेंध लगाना चाहे तो इस तरह के प्रयासों को पूर्णतया नष्ट किया जा सके। चीन की भूमिका इस ड्रोन युद्ध में पाकिस्तान को मदद देती है और उसके इस मंसूबे के लिए महत्वपूर्ण है। ज्यादातर ड्रोन या तो चीन में बनाए गए हैं या फिर उनमें चीनी पुर्जे लगे हैं। चीन का ड्रोन निर्माता दुनिया में सबसे बड़ा है और उसकी तकनीक गैर-सरकारी संस्थाओं तक पहुंच रही है। पाकिस्तान को भी चीन से ड्रोन तकनीक और प्रशिक्षण मिलने की खबरें आती रहती हैं।

ऐसे में पाकिस्तान के भविष्य में घातक ड्रोन का उपयोग करने की आशंका बढ़ जाती है। भारत ने रक्षात्मक और साथ ही साथ आक्रामक ड्रोन युद्ध नीति भी विकसित की है। डीआरडीओ एक स्वदेशी ड्रोन स्वार्म बना रहा है जो कई लक्ष्यों को एक साथ भेदने में सक्षम होगा। भारत भी अपने स्वदेशी सैन्य ड्रोन, जैसे रुस्तम-2 और आर्कर बना रहा है, जिन्हें मेक इन इंडिया कार्यक्रम के तहत बनाया जा रहा है। इसके अलावा, भारत अमेरिका, इजरायल और अन्य देशों के साथ मिलकर नवीनतम इलेक्ट्रॉनिक युद्ध और निगरानी तंत्र बना रहा है। इन साझेदारियों से भारत ड्रोन युद्ध में तकनीकी क्षमता हासिल करेगा।

भारत को तकनीक के अलावा मजबूत कानूनी ढांचे की भी जरूरत है। राष्ट्रीय ड्रोन निगरानी नेटवर्क को सैन्य और नागरिक डाटाबेस से जोड़कर किसी भी गैरकानूनी ड्रोन गतिविधि को तुरंत ट्रैक किया जा सकेगा। ड्रोन तस्करी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के लिए आतंकवाद निरोधक कानूनों को सख्त बनाना आवश्यक है। साथ ही, पाकिस्तान और उसके समर्थकों की साजिशों को विफल करने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग बढ़ाना आवश्यक है। ड्रोन युद्ध अब भविष्य का सपना नहीं, बल्कि आज की सच्चाई है। भारतीय सेना की सक्रियता और उसके प्रौद्योगिकी का विकास इस लड़ाई में महत्वपूर्ण हो सकता है। लेकिन यह सुनिश्चित करना होगा कि हम अपनी रक्षा रणनीति को विकसित करते रहें और नई तकनीक को अपनाते रहें। यह लड़ाई सिर्फ भारत की सीमा की रक्षा की नहीं है, बल्कि पाकिस्तान और चीन से हमारे समाज और युवा लोगों को बचाने की भी है।

सरकार को राज्यों के साथ मिलकर सामुदायिक सतर्कता कार्यक्रम भी शुरू करने की जरूरत है, इससे स्थानीय लोग सुरक्षा एजेंसियों को संदिग्ध ड्रोन की जानकारी दे सकेंगे। यही कारण है कि सीमा सुरक्षा बलों (ब्रस्त्र) को अधिक बल और संसाधन मिलने की जरूरत है, ताकि वे ड्रोन की तस्करी पर तुरंत रोक लगा सकें। हमें ड्रोन हमलों का मनोवैज्ञानिक पक्ष भी समझना होगा। हमारे नागरिकों और सुरक्षा बलों के लिए बार-बार सीमा पार से ड्रोन घुसपैठ मनोवैज्ञानिक युद्ध बन जाती है। सरकार को इससे निपटने के लिए जागरूकता अभियानों और मीडिया का सहारा लेना चाहिए, ताकि लोग सतर्क रहें और देश में भय का माहौल ना फैले। अंत में, पाकिस्तान की यह नई कार्रवाई सिर्फ सीमा पर आतंकवाद को बढ़ावा नहीं देती, बल्कि भारत को आंतरिक रूप से कमजोर करने की एक लंबी योजना का हिस्सा है। हमें सरकार, सेना और आम जनता को इस चुनौती से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार करना होगा। नई युद्धनीति में सूचनाओं का सही उपयोग और त्वरित कार्रवाई भी महत्वपूर्ण होंगे।

## आप की बात

### बसपा में उठापटक

**उत्तर प्रदेश** की पूर्व मुख्यमंत्री व बसपा नेता मायावती ने पार्टी के संगठनात्मक ढांचे पर ताबड़तोड़ फैसले लेकर पार्टी समर्थकों एवं कार्यकर्ताओं को ही नहीं, बल्कि राजनीतिक विश्लेषकों को भी आश्चर्यचकित कर दिया है। मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर एवं अपने उत्तराधिकारी की भूमिका से हटाने के बाद उनको पार्टी से भी निष्कासित कर दिया है। बहुजन समाज पार्टी-बसपा में कभी मजबूत स्तंभ रहे पूर्व राज्यसभा सांसद अशोक सिद्धार्थ को अनुशासनहीनता के कारण मायावती ने पहले पार्टी से निष्कासित कर दिया था। यह सब घटनाक्रम स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि बसपा में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है और लगातार असफलताओं के कारण पार्टी में विश्वास की भारी कमी पैदा हो गई है। उत्तर प्रदेश की राजनीति में बसपा में मची उठा पटक का प्रदेश की राजनीति में बहुजन राजनीति पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। इसका प्रतिकूल प्रभाव देश भर की दलित राजनीतिक और अस्मिता की लड़ाई लड़ने वाले बुद्धिजीवियों व आंदोलनकारी पर भी पड़ेगा। समय आ गया है कि दलित-बहुजन कल्याण के बारे में चिन्तित सभी राजनीतिक व सामाजिक कार्यकर्ता सार्वजनिक रूप से अपनी राय रख कर आंदोलन को फिर से पटरी पर लाने का काम करें। दलित राजनीति देश और समाज के लिए महत्वपूर्ण है।

– **वीरेंद्र कुमार जाटव**, दिल्ली

### एमएसएमई का महत्व

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी** ने एमएसएमई कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय उद्योगों को अपनी क्षमता का पूरा उपयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बड़े उद्योगपति अनुसंधान करके नई तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को और अधिक कारगर बनाकर उसका उपयोग सभी उद्योगों में आधुनिक तकनीक बनाने के लिए कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमें अनेक चीजें आयात करना पड़ रहा है, जबकि भारत के प्रतिभाशाली युवा ही इन चीजों को विदेश में जाकर बना रहे हैं। सरकार ने एमएसएमई के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। ऋण वितरण के नए तरीके विकसित करने से एमएसएमई को कम लागत और समय पर ऋण मिल सकेगा। देश में एमएसएमई की संख्या बढ़कर 6 करोड़ से भी ज्यादा हो गई हैए जिससे करोड़ों लोगों को रोजगार के अवसर मिले हैं। उन्होंने कहा कि पहली बार उद्योग स्थापित करने वाली महिलाओं, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति समुदायों के पांच लाख उद्यमियों को 2 करोड़ रुपये का ऋण देने की योजना है। सरकार ने एमएसएमई की परिभाषा को विस्तारित किया है। सरकार ने निवेश को बढ़ावा देने के लिए व्यापार करने में आसानी को बढ़ावा देने जैसे कदम उठाए हैं। इससे एमएसएमई का महत्व स्पष्ट होता है जो बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार दे रहे हैं।

– **मधु सुभाष बुडावन वाला**, रतलाम

### जेलेंस्की की जिद

**यूक्रेन** के राष्ट्रपति जेलेंस्की में संयम और दूरदृष्टि की कमी है तभी दुनिया के प्रमुख देशों द्वारा समझाने के बावजूद तीन साल से चल रहा रूस से युद्ध थम नहीं रहा है। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी समस्या का समाधान युद्ध नहीं शान्ति है का मंत्र यूक्रेन और रूस दोनों को दिया। अन्य देश भी शान्ति चाहते हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रम्प ने भी जेलेंस्की को व्हाइट हॉउस इसलिए बुलाया था कि यूक्रेन-रूस के बीच युद्धविराम करा दिया जाए। इसके लिए उन्होंने रूस के राष्ट्रपति पुतिन से भी चर्चा कर ली थी। बावजूद इसके जेलेंस्की की नासमझी कहें या वैचारिक अपरिपक्वता उन्होंने तीखे स्वर में चर्चा करके अमेरिका यात्रा को निरर्थक बना दिया। यूरोप से भी उनको कोई विशेष राहत नहीं मिली। अमरीका ने यूक्रेन को आर्थिक और रक्षात्मक सुविधाओं को रोकना ही शुरू नहीं किया बल्कि रास्ते में भेजी जा रही रक्षा सामग्री भी रोक दी। यूक्रेन शांति की बात करने के बजाय उलटे रूस पर आक्रामक कार्रवाई करने में भी नहीं चूक रहा है। ये सब उसकी नासमझी की ओर ही इशारा कर रहा है। जेलेंस्की की जिद अब न केवल यूक्रेन, बल्कि सारी दुनिया के लिए खतरा बन गई है। ऐसे में यूक्रेन की जनता को उनके स्थान पर कोई ऐसा नेता बनाना चाहिए जो विश्व जनमत का सम्मान करते हुए शांति स्थापना की दिशा में आगे बढ़ते हुए व्यापक सहमति बनाने का प्रयास करे।

– **शकुंतला महेश नेनावा**, इंदौर

### अभिव्यक्ति की सीमा

**सुप्रीम कोर्ट** ने इलाहाबादिया मामले पर सुनवाई करते हुए कहा कि आप पैरेंट्स का अपमान कर रहे हैं। उनके दिमाग में कुछ बहुत गंदा है जो इस तरह कार्यक्रम में उगल दिया है। अदालत को ऐसे व्यक्ति की बात क्यों सुननी चाहिए? आप हमें बताइए कि आपने जो शब्द चुने हैं उनसे माता-पिता शर्मिंदा होंगे, बेटियां-बहनें शर्मिंदा होंगी, आपका छोटा भाई शर्मिंदा होगा और पूरा समाज शर्मिंदा होगा। हालांकि, अदालत ने यह भी कहा कि पुलिस भी कई बार अभिव्यक्ति की आजादी का मर्म नहीं समझ पाती है और छोटी-मोटी टिप्पणी करने वालों को भी गिरफ्तार कर लिया जाता है। सुप्रीम कोर्ट ने अभिव्यक्ति की आजादी के संदर्भ में नागरिकों के अधिकारों व संविधान में वर्णित उनके कर्तव्यों के बीच संतुलन स्थापित करने की ओर भी संकेत किया है। प्राचीन कहावत है कि लोकतंत्र में किसी भी व्यक्ति को अपनी छड़ी नचाने की स्वतंत्रता है, बशर्ते कि उससे किसी दूसरे की नाक पर प्रहार न हो। इलाहाबादिया जैसे विदेशों से अंधी नकल करने वाले लोगों को भारतीय समाज व महिलाओं की संवेदनशीलता पर खासतौर से गौर करना चाहिए।

– **विभूति बुपक्या**, खाचरोद

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# बालोद और दल्लीराजहरा में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह के आमंत्रण कार्ड में विधायकों का नाम नही

## कांग्रेस पार्षदगण नही होंगे कार्यक्रम में शामिल, नपा के सीएमओ बने भाजपाईयों के हाथ की कठपुतली : रतिराम कोसमा


नगर पालिका परिषद, बालोद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती प्रतिभा चौधरी एवं पार्षदगणों का शपथ ग्रहण समारोह
मुख्य अतिथि
श्री अरुण साव
माननीय उपमुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन
अध्यक्षता
श्री भोजराज नाग
माननीय सांसद, कांकेर लोकसभा क्षेत्र
अति विशिष्ट अतिथिगण
दिनांक : 08 मार्च 2025, दिन शनिवार, समय प्रातः 10:00 बजे


आमंत्रण
मान्यवर,
नगर पालिका परिषद दल्ली राजहरा के नव निर्वाचित अध्यक्ष तोरनलाल साहू एवं पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया है, कार्यक्रम के
: मुख्य अतिथि :
माननीय श्री अरूण साव जी
(उप मुख्यमंत्री, छ.ग. शासन, नगरीय निकाय, लोक निर्माण विभाग)
: अध्यक्षता :
माननीय श्री भोजराज नाग जी (सांसद, कांकेर लोकसभा क्षेत्र)
: अतिविशिष्ट अतिथि :
: विशिष्ट अतिथि :
उक्त कार्यक्रम में आपकी गरिमामयी उपस्थिति प्रार्थनीय है।
:: कार्यक्रम ::
दिनांक : 08/03/2025, शनिवार, समय : दोपहर 12 बजे से
स्थान : बी.एस.पी. स्कूल क्र. 06, दल्ली राजहरा
विनीत : मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद दल्ली राजहरा

### नपा के सीएमओ बने भाजपाईयों के हाथ की कठपुतली

जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री रतिराम कोसमा ने बताया कि 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन पूरे देश भर में किया जाता है और इसी 8 मार्च को बालोद जिले के नगर पालिका बालोद एवं दल्लीराजहरा के सीएमओ के द्वारा महिला विधायकों का अपमान किया जा रहा है। जबकि छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा रायपुर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला मड़ई का आयोजन किया जा रहा है। वहीं शासन के नुमाइंदों के द्वारा महिला विधायकों की घोर उपेक्षा शासन की दोगली नीति को दर्शाता है। कांग्रेस पार्टी के जिम्मेदार पदाधिकारियों का मानना है कि इस महत्वपूर्ण आयोजन में जो की पूर्णतया शासकीय आयोजन है, सिर्फ और सिर्फ भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारीगणों को आमंत्रित करना और उन्हें समाज सेवक के रूप में दर्शाकर अतिथि का दर्जा देना और क्षेत्र की लोकप्रिय महिला विधायकों को इस कार्यक्रम में पूरी तरह से अवहेलना करना भाजपाइयों के मानसिकता को दर्शा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे में कांग्रेसजनों का भाजपाई कार्यक्रम में उपस्थित की संभावना कम ही है या आम जनमानस की उपस्थिति होगी ऐसा लगता नहीं है। कुल मिलाकर पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह का महत्वपूर्ण आयोजन पूरी तरह पार्टी का आयोजन बन कर रह गया है और नगर पालिका के मुख्य कार्यपालन अधिकारी भाजपाइयों के हाथ की कठपुतली बनकर रह गए हैं, जो कि शहर के विकास के लिए अवरोधक हो सकता है।

पायनियर संवाददाता बालोद
www.dailypioneer.com

नगरी निकाय चुनाव के संपन्न होने के बाद जीते हुए पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह नगर पालिका के द्वारा आयोजित किया जाना है। यह कार्यक्रम पूर्णतया शासकीय कार्यक्रम होता है। नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों के द्वारा कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर आमंत्रण पत्र छपवाया गया है। आमंत्रण पत्र के मजमून को देखकर परिलक्षित हो रहा है कि यह कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी का है। कार्ड को देखने से कहीं पर भी यह शासकीय आयोजन का आभास नहीं कराता है। आमंत्रण पत्र में छत्तीसगढ़ शासन का लोगो जरूर बना हुआ है, लेकिन आमंत्रण पत्र पूर्णता भारतीय जनता पार्टी का आमंत्रण पत्र लग रहा है। यह आरोप जिला कांग्रेस कमेटी ने लगाया हैं। जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री रतिराम कोसमा ने कहा की ऐसे में इस कार्यक्रम में आम जनता के बजाय सिर्फ भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता ही उपस्थित होंगे ऐसा आभास हो रहा है। उन्होंने कहा कि जिला कांग्रेस कमेटी की तरफसे यह निर्णय लिया गया है कि बालोद एवं दल्लीराजहरा में आयोजित शासकीय/ भाजपाई कार्यक्रम में हमारे पार्षदगण शपथ ग्रहण नहीं करेंगे। कांग्रेस का कोई भी पार्षद इस शपथ ग्रहण समारोह में अपनी उपस्थिति नहीं देगा। और कांग्रेस के समस्त पार्षद नगर पालिका के सभागार में अपना शपथ ग्रहण करेंगे।

# इंस्पायर अवार्ड में भरचटटी स्कूल से लगातार तीसरे वर्ष भी बच्चों का चयन

## दैनिक जीवन के लिए बहुउपयोगी दो मॉडल बनाये

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com



मानक इंस्पायर अवार्ड 2025 के लिए शासकीय पूर्व माध्यमिक स्कूल भरचटटी, विकास खंड बेरला से दो बच्चों का चयन हुआ है। मानक इंस्पायर अवार्ड 2025 में कक्षा छठवीं के दो विद्यार्थियों का चांदनी निषाद एवं विनय निर्मलकर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भरचटटी से चयनित हुआ है। यह विद्यालय परिवार कर लिए बहुत खुशी की बात है। विद्यालय परिवार ने इन बच्चों को बहुत-बहुत बधाई दी है।। यहाँ से लगातार तीसरे वर्ष भी एस्पायर अवार्ड में बच्चे चयनित हुए हैं। इन दोनों बच्चें के मां-बाप बाहर मजदूरी करने जाते हैं तथा बच्चें अपने दादा-दादी के साथ रहकर गांव में ही पढ़ाई करते हैं। इनके द्वारा बनाये हुए बैग लिफ्टिंग डिवाइस एवं ट्रॉली लोडिंग डिवाइस का मॉडल चयनित हुआ है। जो कि हमारे दैनिक जीवन में बहुत ही उपयोगी है। इसके मॉडल बैग लिफ्टिंग डिवाइस इसकी सहायता से भारी वस्तुओं को एक स्थान से दूसरे स्थान तक आसानी से ले जाया जा सकता है एवं ट्रॉली लोडिंग डिवाइस इसकी सहायता से भारी वस्तु को आसानी से एक ही व्यक्ति लोडिंग कर सकता है। चयनित दोनों मॉडल हमारे दैनिक जीवन में बहुत ही उपयोगी है। ऐसे प्रतिभावान बच्चों को शाला परिवार ने बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दिये है। विज्ञान शिक्षिका हिरकनी साहू ने बताया कि ये नन्हें बाल वैज्ञानिक कुशाग्र बुद्धि और खोजी प्रवृति वाले है। अपनी प्रतिभा और शिक्षकों कर मार्गदर्शन से उन्होंने बहु उपयोगी मॉडल बनाया है। इन दोनों प्रतिभावान बच्चों का सम्मान स्कूल के शिक्षकों के द्वारा किया गया। मिडिल स्कूल के प्रधान पाठक शत्रुघ्न ठाकुर, नीलकंठ साहू, आशीष पांडेय, विज्ञान शिक्षिका हीरकनी साहू, तरुण साहू, नीतू परगनिया, शिवकुमार मुक्ति ने दोनों बच्चों को बधाई और शुभकामना दिये है।

# बेमेतरा एवं साजा अधिवक्ता संघ द्वारा नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों में निराकरण करने दिया आश्वासन



पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

आगामी नेशनल लोक अदालत का आयोजन 08 मार्च 2025 को आयोजित होना है। नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन के संबंध में बृजेन्द्र कुमार शास्त्री, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा की अध्यक्षता में व देवेन्द्र कुमार, प्रथम जिला न्यायाधीश, बेमेतरा एवं सचिव, निधि शर्मा की उपस्थिति में जिला अधिवक्ता संघ बेमेतरा में एवं तालुका साजा अधिवक्ता संघ में भी बृजेन्द्र कुमार शास्त्री, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा की अध्यक्षता में व विवेक केरकेट्टा, न्यायाधीश, साजा की उपस्थिति में अधिवक्तागण के साथ बैठक ली। उक्त बैठक में प्रधान जिला न्यायाधीश ने कहा कि लोक अदालत में ना किसी की हार, ना किसी की जीत होती है। सौहाद्रपूर्ण तरीके से पक्षकारों के मध्य आपसी राजीनामा कर प्रकरण का निराकरण करने में अधिवक्ताओं का महत्वपूर्ण योगदान होता है। अधिवक्ताओं से सतत रूप से प्रकरणों का पर्यवेक्षण कर अधिक से अधिक राजीनामा प्रकरणों का निराकरण करने में सहयोग करने कहा गया। प्रधान जिला न्यायाधीश ने यह भी कहा कि लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन प्रकरण में बीएसएनएल, विद्युत विभाग, नगर पालिका, बीमा कंपनी, बैंक से संबंधित प्रकरण निराकरण के साथ-साथ चेक बाउंस के प्रकरण, भरण पोषण एवं राजीनामा योग्य दांडिक प्रकरणों का निराकरण किया जाना है। तहसील न्यायालय में पैरवी करने वाले अधिवक्ताओं से खातेदारों के मध्य आपसी बंटवारे के मामले, वारिसों के मध्य बंटवारे विक्रय पत्र, दान पत्र, वसीयतनामा आदि के आधार पर नामांतरण के मामले आदि का निराकरण नेशनल लोक अदालत में करने पर चर्चा की गई। उक्त नेशनल लोक अदालत वर्ष 2025 की प्रथम लोक अदालत है, जिसे पूरे देश में आयोजित किया जायेगा।

# नवनिर्वाचित अध्यक्ष निवेंद्र टेकाम सहित पार्षदों ने ली शपथ

## दुर्ग विधायक बतौर मुख्य अतिथि हुए शामिल

पायनियर संवाददाता बालोद
www.dailypioneer.com





जिले के डौंडीलोहारा नगर पंचायत में अब भाजपा ने वापसी कर ली है। नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष कुँवर लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम सहित 15 वार्ड के पार्षदों ने शपथ लिया। इन 15 पार्षदों में 8 भाजपाई समर्थित पार्षद हैं। वही इस शपथ के बाद अब शहर के विकास की जिम्मेदारी डौंडीलोहारा राजपरिवार के युवराज कुंवर लाल निवेंद्र टेकाम ने संभाल ली है और शपथ के साथ ही निवेंद्र ने कहा शहर को स्वच्छ सुंदर के साथ प्रदेश के एक मॉडल शहर के रूप में विकसित करने की दिशा में कार्य करेंगे। डौंडी लोहारा नगरपंचायत सीएमओ बंजारे द्वारा नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष कुँवर लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम को हस्ताक्षर करवाया, तो वहीं एसडीएम शिवनाथ बघेल द्वारा अध्यक्ष और सभी पार्षदों को शपथ दिलाया गया। सभी अतिथियों का फूल माला से स्वागत अभिनंदन किया गया। वहीं भाजपा नेताओं की मौजूदगी में अध्यक्ष लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम को उनके केबिन में ले जाकर कुर्सी पर बिठाकर उनका सम्मान किया गया। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष कुँवर लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम ने नगर वासियों सहित मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिस विश्वास के साथ जनता ने इस कुर्सी पर बैठने का मौका दिया है, उस पर वे खरा उतरने का प्रयास करेंगे। वार्डो के विकास को लेकर उनका ध्यान रहेगा। ट्रिपल इंजन की सरकार के जरिए शासन की योजनाओं को नगर की हर वार्ड और गली तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे। ज्ञात हो कि कांग्रेस को इस चुनाव में करारी हार देखने को मिली थी। जहां भाजपा समर्थित प्रत्याशी लाल निवेंद्र सिंह टेकाम चुनाव जीते हैं तो वही कुल 15 वार्डो में से 8 में भाजपा, 3 में निर्दलीय और 4 कांग्रेस के पार्षद विजयी हुए है। बहुमत के साथ भाजपा चुनाव जीतकर नगर पंचायत पर अपनी सीट पाने में कामयाब रही है। यह दूसरा अवसर है जब नगर पंचायत लोहारा के इतिहास में यहां भाजपा का अध्यक्ष बना है। इसके पूर्व सिर्फएक बार यहां भाजपा का अध्यक्ष बना था। उसके बाद कांग्रेस का ही कब्जा बना हुआ था। पिछली बार भी कांग्रेस की ही अध्यक्ष थी। लेकिन इस बार भाजपा ने यहां तख्ता पलट कर दिया है।

### शपथ ग्रहण समारोह के ये रहे अतिथि

राजपरिवार के नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष कुँवर लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम के साथ चाचा कौशल टेकाम, छाया टेकाम समस्त परिवारिक गणों के साथ समस्त पार्षदगणों का शपथ ग्रहण समारोह नगर पंचायत परिसर डौंडीलोहारा नगर पंचायत में हुआ। जिसके मुख्य अतिथि दुर्ग विधायक गजेंद्र यादव, सीएम निजी सहायक तुलसी कौशिक, अध्यक्षता में भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख, विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रदेश मंत्री भाजपा राकेश यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र जायसवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष डौंडीलोहारा कुसुम शर्मा, जयलाल मालकेर जनपद उपाध्यक्ष, सौरभ लूनिया प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य युवा मोर्चा, रूपेश सिन्हा, रेंगाडबरी मंडल अध्यक्ष, उत्तरा धरेन्द्र, संदीप लोढा, माया ठाकुर, सोमेन देशमुख, देव देवांगन प्रीतम साहू, दिलीप भंसाली, टाल साहू, गैदमल भंसाली, पूनम जैन, जनभागीदारी अध्यक्ष जशराज शर्मा, धर्मन्द्र निषाद, इकबाल अरोरा, प्यारेलाल निषाद, हीरा ठाकुर, लता गुप्ता, मनीष राजपूत, रवि जैन, लिलेन्द सिन्हा, धीरेंद्र टाक, पलाश गुप्ता, धीरज जैन, मोती संचेती, दिलीप बाफना, थानेश्वर यादव, शिवचरण सिन्हा, मीनू ठाकुर अशोक सिन्हा, तुकाराम साहू बलदाऊ सेन, गौकरण सिन्हा, मनीराम बघेल, शत्रुधन, तिलक यादव, प्रकाश जैन, अभय साहू रहें एवं विशेष योगदान नगर विकास किसान समिति के समस्त पदाधिकारी व गणमान्य लोगों का रहा, जिसमे नागरिक उपस्थित रहे।

# नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष का विधायक निवास मे आरती उतारकर भव्य स्वागत, विधायक दीपेश साहू ने दी बधाई एवं शुभकामनाएं

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जिला पंचायत बेमेतरा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी एवं उपाध्यक्ष खुशबु वर्मा के निर्वाचित होने पर विधायक कार्यलय मे आरती उतारकर भव्य स्वागत अभिनंदन किया गया। तत्पश्चात विधायक दीपेश साहू ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि दोनों जनप्रतिनिधि अपने कार्यकाल में जिले के विकास को गति देने में अहम भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर विधायक दीपेश साहू ने कहा कि ये जीत हमारे क्षेत्र की जनता की जीत है ये जीत क्षेत्र के युवा किसान और नारी शक्ति की जीत है। विधायक साहू ने कहा की जनता ने जिस विश्वास के साथ इन जनप्रतिनिधियों को चुना है, वे निश्चित रूप से उस पर खरे उतरेंगे। उन्होंने कहा कि जिला पंचायत की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने के बाद अब जनता की अपेक्षाओं को पूरा करने की दिशा में ठोस कार्य किए जाएंगे। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, पानी और कृषि सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए जिला पंचायत की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होगी।उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने और ग्रामीण विकास को मजबूती देने के लिए जिला पंचायत का सशक्त नेतृत्व आवश्यक है। उन्होंने आशा जताई कि नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष अपने दायित्वों का पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष अजय साहू, नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना तिवारी, उपाध्यक्ष जिला पंचायत खुशबु वर्मा, सर्व हिन्दू सनातन के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश तिवारी, नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, महेश साहू, हर्षवर्धन तिवारी, बलराम पटेल, नरेंद्र वर्मा, रेवा राम निषाद, पार्षद पंचू साहू, गौरव साहू, आकिब मलकानी, विकास तम्बोली, युगल देवांगन, राजेश दीवान, प्रमोद साहू सरपंच, नरेश साहू, विकाश घरडे, अजय मिश्रा, दीनानाथ साहू, उमेश्वरी साहू सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पंचायत पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# अकलवारा के नवनिर्वाचित सरपंच विजय कुमार साहू एवं पंचो ने लिए शपथ

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com



ग्राम पंचायत अकलवारा के नवनिर्वाचित सरपंच विजय कुमार साहू एवं समस्त पंचो द्वारा शपथ ग्रहण किया गया। ग्राम पंचायत सचिव छन्नू लाल राजपूत द्वारा समस्त पंचायत प्रतिनिधियों को संविधान के अनुरूप पद एवं गोपनीयता का ध्यान रखते हुए पंचायत का कार्य करने का शपथ दिलाया। नवनिर्वाचित सरपंच विजय कुमार साहू ने ग्रामीणों को शासन प्रशासन द्वारा संचालित समस्त योजनाओं का लाभ दिलाने तथा ग्रामीणों की अपेक्षा के अनुसार ग्राम में विकास कार्य करवाने पूर्ण प्रयास करने का आश्वासन दिया। सभी पंचो के सहयोग से गांव का चहुमुखी विकास करने का भरपूर प्रयास किया जायेगा। ज्ञात हो कि नवनिर्वाचित सरपंच विजय कुमार साहू ग्राम के हर छोटे बड़े कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर भाग लेते रहे हैं। चाहे गणेश उत्सव हो, चाहे दुर्गा उत्सव का कार्यक्रम, नवधा रामायण हो, चाहे मेला मंडई का कार्यक्रम, सत्संग समारोह हो, कर्मा जयंती मनाने का कार्यक्रम हो, सभी कार्यक्रमों में वे सक्रियता के साथ भाग लेते रहे हैं और अपना उल्लेखनीय योगदान देते रहते हैं। इस अवसर पर पंच संगीता बाई साहू, वीरेंद्र कुमार साहू, प्रमिला सिन्हा, कोमल साहू, पवन कुमार साहू, सुरुज बाई साहू, नकुल साहू, गायत्री बाई साहू, धनेश्वरी श्रीवास, मोहित कुमार सिन्हा, दुर्गा बाई सिन्हा, नवनिर्वाचित जनपद सदस्य रामायण निषाद, ग्राम पटेल कमल नारायण साहू, ध्रुव साहू, विश्वनाथ साहू, पन्ना साहू, हिमांक साहू, ओमप्रकाश साहू, पियूष साहू, गोविंद साहू, रामकुमार साहू, संतोष कुमार साहू, हरिराम सिन्हा, सुरेश साहू, ओंकार साहू, अभय कुमार साहू, तुलाराम साहू, सूरज निषाद, एवं सभी ग्रामीण उपस्थित थे और सभी ने उन्हें हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है।

# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस आयोजन में बड़गाँव स्कूल का विज्ञान क्लब विज्ञान कीट में रहा प्रथम

पायनियर संवाददाता बालोद
www.dailypioneer.com






स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम विद्यालय बालोद में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन जिला राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के बैनर तले आयोजित किया गया। रायपुर से मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित डॉक्टर दिनेश मिश्रा, नेत्र विशेषज्ञ थे। तथा विशेष अतिथि के रूप में प्राचार्य अरुण साहू और अभिनय देव बर्मन उपस्थित रहे। जिला के शिक्षकों के लिए बहुत ही बेहतरीन सेमिनार रखा गया था। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के आयोजन पर जिला भर से 103 विद्यार्थियों ने पांच विधाओं क्रमशः विज्ञान प्रश्नोत्तरी, चलित विज्ञान मॉडल, विज्ञान किट, ड्राइंग एंड पोस्टर एवं वीडियो मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लिया। विज्ञान किट में प्रथम बड़गाँव स्कुल विज्ञान क्लब के विद्याथी टिंकल, कोशल्या, जमुना और रघुवीर रहे। शाला के डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम विज्ञान क्लब में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन समय समय पर होता रहता हैं, इस कीट में कक्षा में विषय को आसान कैसे बनाया जा सकता हैं वाले अधिक से अधिक प्रयोग, जिसमे रसायन भौतिक एवं जीवविज्ञान के छोटे छोटे विषय आधारित प्रयोगों का समावेश था, विज्ञान कीट में ऐसे ही प्रयोगों का समावेश किया जाता हैं, जो कक्षा शिक्षण को आसान करें, वहां उपस्थित सभी ने इसकी सराहना की, जो जज को भी काफी पसंद आया। यह किट मार्गदर्शक शिक्षिका कादंबिनी लोकेश पारकर यादव एवं सहायक के रूप में खिलेश्वरी तिवारी के मार्गदर्शन में प्रस्तुत किया गया। विद्यालय से छात्रा सुकृति ने चित्रकला में अपना हुनर दिखाया। प्रतियोगिता में निर्णायक का दायित्व सेजेस गुण्डरदेही के प्राचार्य त्रिनाभ मिश्रा, कॉलेज के सहायक प्राध्यापक डॉक्टर आरडी साहू और डॉक्टर नीरज वर्मा ने किया। इस सफलता हेतु शाला के प्राचार्य जेके उइके, बीएन योगी जिला समन्वयक, वरिष्ठ व्याख्यता, समिति के सदस्य एवं सभी शाला परिवार ने हर्ष वयक्त करते हुए शुभकामनाएं दी है एवं निरंतर आगे बढ़ने हेतु शुभ आशीष दिया है। बता दे कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार तथा छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद रायपुर के सहयोग एवं निर्देशन पर राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विज्ञान के प्रति समाज में जागरूकता लाने और वैज्ञानिक सोच पैदा करने के उद्देश्य से हर वर्ष विद्यालयों में विज्ञान दिवस का आयोजन किया जाता है।

### छात्रा टिंकल ने बढ़ाया है विद्यालय का मान

नवोदय विद्यालय समिति दुधली द्वारा आयोजित परीक्षा में चर्चा 2024 -25 के तहत प्रशानुत्तरीय का आयोजन किया गया था जिसमें क्वीज प्रतियोगिता में 32 में 30 अंक प्राप्त कर टिंकल देशमुख शाउ.मा.वि बड़गाँव को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है। 32 में 30 अंक अर्जित कर 11 बच्चे तीसरे स्थान पर रहें, 31 अंक के साथ 2 बच्चे दूसरे हैं और 32 अंक के साथ एक प्रथम स्थान पर रहे। जवाहर नवोदय, डीएवी राजहरा, एकलव्य डौन्डी, अरिहंत एकेडमी बालोद, जिला के विभिन्न सेजेस हिंदी एवं इंग्लिश मीडियम स्कुल, गारमेंट स्कुल से सब मिला कर 100 प्रतिभागी थे। इसमें छात्रा द्वारा स्थान बनाना सच मे शाला के लिए गर्व का विषय हैं, विद्यालय से 10 विद्यार्थी भाग लिए थे, स्काट टीचर के रूप में कादंबिनी यादव एवं सिधेश्वर यदु उपस्थित थे। साथ ही जिला स्तरीय कला उत्सव में भी टिंकल ने एकल गायन में भरथरी गीत प्रस्तुत कर प्रथम स्थान अर्जित किया था। इन उपलब्धिओ से शाला परिवार हर्षित है। संस्था प्रमुख जेके उइके ने कहा कड़ी मेहनत करने से सफलता अवश्य मिलती हैं, मेहनत का फ्ल मीठा ही होता है, शाला परिवार ने हर्ष जाहिर करते हुए। समस्त विद्यार्थियों एवं सभी शिक्षकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। शाला के प्राचार्य जेके उइके वरिष्ठ व्याख्याता प्रभुराम रात्रे, एनके पडोती, एच चौरके, गाँव के वरिष्ठ नागरिक एवं समिति सदस्य विक्रम साहू, सुरेश साहू मिलुराम साहू आदि, शिक्षक गण रोशन लाल भंडारी, खिलेश्वरी तिवारी, सुशीला ध्रुवे, कादंबिनी यादव, प्यारे लाल सिन्हा, तेजराम लटिये, भेनुमति चतुर्वेदी, केवल सिंह नुरूटी, लोचन प्रसाद साहू, संदीप कुमार वर्मा, प्रेमलाल भुआर्य, केएस परतेती, एसके यदु, एमके पाटिल ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी और आगे बढ़ने रहने की शुभकामनाएं दी हैं।

# नव निर्वाचित अध्यक्ष तोरनलाल साहू एवं पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह 8 मार्च को

पायनियर संवाददाता दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com




आमंत्रण

नगर पालिका परिषद दल्लीराजहरा के नव निर्वाचित अध्यक्ष तोरनलाल साहू एवं पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन 8 मार्च को बीएसपी स्कूल क्रमांक 6 में सुबह 10 बजे रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अरूण साव (उप मुख्यमंत्री, छ.ग. शासन, नगरीय निकाय, लोक निर्माण विभाग) होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भोजराज नाग (सांसद, कांकेर लोकसभा क्षेत्र)करेंगे। इसी के साथ अतिविशिष्ट अतिथि संजय श्रीवास्तव (पूर्व सभापति, नगर पालिका निगम रायपुर), जगदीश रामू रोहरा, (महापौर, नगर पालिका निगम धमतरी), चेमन देशमुख (समाज सेवी) टहल सिंह साहू (समाज सेवी), विशिष्ट अतिथि में प्रीतम साहू पूर्व विधायक संजारी बालोद, पवन साहू (समाज सेवी), यशवंत जैन पूर्व सदस्य बाल संरक्षण आयोग भारत सरकार), दीपक ताराचंद साहू (पूर्व अध्यक्ष, हस्तशिल्प विकास बोर्ड छ.ग. शासन, रायपुर) देवलाल ठाकुर पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद, विरेन्द्र साहू (पूर्व विधायक गुण्डरदेही विधानसभा) यज्ञदत्त शर्मा राकेश यादव, के.सी. पवार (वरिष्ठ समाज सेवी) ,धरमचंद जैन वरिष्ठ समाज सेवी, गोविंद वाधवानी अध्यक्ष, राजहरा व्यापारी संघ, महेन्द्र सिंह (गुड्डू) (समाज सेवी) उपस्थित रहेंगे।

# चांपा में सट्टा कार्रवाई पर सवाल: अब तक कार्रवाई नहीं होना समझ से परे, 'वसूली मास्टर' के नाम से बदनाम हुई साइबर टीम...

पायनियर संवाददाता < जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com

चांपा में हाल ही में हुई सट्टा कार्रवाई को लेकर पुलिस विभाग की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। आरोप है कि साइबर टीम ने जब्ती रकम में हेरफेर कर आरोपी पर दबाव बनाकर एक अन्य व्यक्ति का नाम लेने को मजबूर किया, फिर उसके बड़े भाई से अवैध वसूली की। जानकारी के अनुसार, चांपा में सट्टा कार्रवाई के दौरान पुलिस ने एक घर में दबिश देकर 4 लाख 30 हजार रुपये जब्त किए, लेकिन आधिकारिक रिकॉर्ड में मात्र 1 लाख 500 रुपये ही दर्शाए गए। इसके अलावा, घटना स्थल को बदलकर भालेराय मैदान दिखाया गया। इस घटना को लेकर पूरे जिले में चर्चा तेज हो गई है। लोगों का कहना है कि जब आम नागरिकों पर पुलिस कार्रवाई करती है, तो खुद पुलिसकर्मियों की अवैध हरकतों पर भी अंकुश लगना चाहिए। पुलिस प्रशासन की निष्क्रियता पर भी सवाल उठ रहे हैं। क्या जिले में कानून का राज स्थापित होगा, या फिर अवैध वसूली का यह खेल यूं ही जारी रहेगा?

**पायनियर लगातार**


साइबर पुलिस पर गंभीर आरोप, मारपीट, अवैध वसूली और अवैध जब्ती का मामला, एसपी से हुई शिकायत

पायनियर संवाददाता < चांपा
www.dailypioneer.com

साइबर पुलिस की कार्रवाई पर गंभीर सवाल उठे हैं। चांपा स्थानीय निवासी ... से 4,30,000 नकद जब्त किए, लेकिन आधिकारिक रिकॉर्ड में केवल 1,05,000 की जब्ती दिखाई गई। रेणु कसेर के अनुसार, लगभग शाम ...

... घटना से स्थानीय समुदाय में आक्रोश है, और निष्पक्ष जांच की मांग जोर पकड़ रही है। अब देखना यह होगा कि पुलिस अधीक्षक में शिकायत होने के बाद क्या कार्रवाई होती है।

पीड़ित ने इसकी शिकायत की है इस मामले की जांच कराई जाएगी जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।
विवेक शुक्ला
पुलिस अधीक्षक, जांजगीर-चांपा



**चांपा सट्टा केस:** वसूली मास्टर के नाम से बदनाम हुई साइबर टीम - विगत दिनों हुए सट्टा मामले में कार्रवाई को लेकर साइबर टीम की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। जिले में लोग अब इस टीम को 'वसूली मास्टर' के नाम से पुकारने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि साइबर टीम खुलेआम अवैध वसूली में लिप्त है, जिससे उनकी छवि लगातार धूमिल हो रही है।

**साइबर टीम पर लगातार लग रहे आरोप -** जिले में यह पहली बार नहीं है जब साइबर टीम पर इस तरह के आरोप लगे हैं। इससे पहले भी गुम मोबाइल वापस करने, जुआ-सट्टा कार्रवाई और अन्य मामलों में पैसे लेने की शिकायतें सामने आई हैं। लेकिन अब तक किसी भी पुलिसकर्मी पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ रही है।

**एसपी की कार्यशैली पर उठे सवाल -** इस मामले ने जिले के पुलिस अधीक्षक की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। लोगों का कहना है कि एसपी का अपने अधीनस्थ कर्मियों पर कोई नियंत्रण नहीं है, जिस कारण साइबर टीम बेलगाम हो चुकी है और अवैध वसूली का यह खेल बेखौफ जारी है।

" अब देखना होगा कि इस गंभीर मामले में कोई कार्रवाई होती है या फिर अवैध वसूली का यह खेल यूं ही चलता रहेगा।"

शिकायत मिलने के बाद एसडीओपी चांपा को जांच करने कहा गया है।जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, इसके बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।
**- विवेक शुक्ला, एसपी।**

# निविरोध निर्वाचित हुई जिला पंचायत अध्यक्ष द्रोपदी चंद्रा

पायनियर संवाददाता < जैजैपुर
www.dailypioneer.com



सक्ती जिला बनने के बाद प्रथम जिला पंचायत अध्यक्ष द्रोपदी चंद्रा निविरोध अध्यक्ष बनी। सक्ती जिला में कुल चार विकासखंड आते हैं जिनमें डभरा, मालखरौदा सक्ती एवं जैजैपुर शक्ति जिला में 14 जिला सदस्य हैं जिनमे 10 भारतीय जनता पार्टी, 03 कांग्रेस पार्टी तथा 01 निर्दलीय जिला पंचायत सदस्य विजयी होकर आए हैं। शक्ति जिला बनने के पहली बार यहां से जिला पंचायत अध्यक्ष एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष दोनों निविरोध विजयी घोषित किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष निविरोध चुनाव विजयी होने के बाद नगर पंचायत जैजैपुर मैं उनका आत्मीय स्वागत किया गया जहां पर आतिशबाजी के साथ लोगों ने पुष्प हार से उनका स्वागत किया सभी नगरवासियो का खुला जीप से जिला पंचायत अध्यक्ष द्रोपदी चंद्रा ने हाथ जोड़कर स्वागत किया वहीं पर राम जानकी मंदिर में जाकर मत्था टेका इस प्रकार से पूरे नगर में रैलिया निकालकर देव तुल्य जनता का अभिनंदन की, पत्रकार के पूछे जाने पर उन्होंने यह कहीं की ट्रिपल इंजन की सरकार होने से पूरी शक्ति जिला का विकास होगा यही हमारा लक्ष्य है और हम लक्ष्य को किसी भी हालत में पूरा करेंगे हमें सभी लोगों का आशीर्वाद मिला जिनके बदौलत हम आज जिला पंचायत शक्ति के अध्यक्ष बन पाई हूं। रैली में मुख्य रूप से पूर्व विधायक केशव प्रसाद चंद्रा। पूर्व विधायक, पूव नगर पचायत अध्यक्ष महेंद्र चंद्रा, विष्णु साहू,, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सोनसाय देवांगन,नीलकंठ सोनी, सचिन सिंह, गब्बर तथा भारतीय जनता पार्टी के सैकड़ो कार्यकर्ता दिखाई दिए। चीन में भारतीय जनता पार्टी के जिला पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के लिए नाम निर्देशन पत्र जमा किए थे वहीं पर कांग्रेस एवं निर्दलीय प्रत्याशी के जिला पंचायत सदस्य ने नाम निर्देशन पत्र जिला अध्यक्ष के लिए नहीं भरने पर जिला पंचायत अध्यक्ष की द्रोपती कीर्तन चंद्र एवं उपाध्यक्ष कमल किशोर पटेल को न्यू विरोध निर्वाचित किया गया इस तरह से शक्ति जिले में भारतीय जनता पार्टी के भगवा फहराया हम बात करते हैं जिला पंचायत अध्यक्ष द्रोपदी चंद्र जो की। स्नाकोट्‌तर तक शिक्षक की है महिला शक्ति करण ण होने के कारण यहां जिला पंचायत का प्रथम कमान द्रौपदी चंद्र संभालेगी केंद्र एवं छत्तीसगढ़ के साथ शक्ति जिला में ट्रिपल इंजन की सरकार बन गई है इससे अनुमान यह लगाया जा रहा है कि सक्ती जिला में विकास की गंगा भागी जिला पंचायत अध्यक्ष जयपुर की निवासी है जिसे अब विकास के साथ में केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाएं दिखाई दे रही है और विकास होता हुआ नजर आ रहा है।

# पंचायत सचिवों के लिए बजट निराशापूर्ण करेंगे अनिश्चितकालीन आंदोलन : महेंद्र साहू

पायनियर संवाददाता < उतई
www.dailypioneer.com

प्रदेश पँचायत सचिव संघ के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष एवं दुर्ग जिलाध्यक्ष महेन्द्र कुमार साहू ने बताया, कि पँचायत सचिवों के मांग शासकीयकरण बजट में शामिल नही होने से क्षुब्ध व आक्रोशित है व मांग पूर्ण नही होने कारण पँचायत विभाग के साथ साथ 29 विभाग के 200 प्रकार के काम करने वाले पँचायत सचिव प्रधानमंत्री आवास योजना, महतारी वंदन योजना सहित अन्य विभाग के कार्यो को बहिष्कार करते हुए अनिश्चित कालीन आंदोलन के लिए मजबूर हो रहे है। विदित हो कि पँचायत सचिवो की शासकीयकरण की मांग भाजपा के जन घोषणा पत्र व मोदी जी गारंटी में शामिल है जिसे 100 दिन के भीतर मांग के अनुरूप शासकीयकरण का आश्वासन दिया गया था उक्त मांग को



पूर्ण कराने के लिए प्रदेश अध्यक्ष उपेन्द्र पैकरा के नेतृत्व में पँचायत सचिव पदस्थापना दिवस 07 जुलाई 2024 को इनडोर स्टेडियम रायपुर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया तथा शासकीयकरण की आस में दस हजार से अधिक पँचायत सचिव सह परिवार उपस्थित हुए उक्त कार्यक्रम हमारे प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री और पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, भाजपा घोषणा पत्र समिति के संयोजक व सांसद दुर्ग विजय बघेल सहित अतिथियों की उपस्थिति में मुख्यमंत्री द्वारा पँचायत सचिवों के शासकीयकरण के लिए समिति गठित करके एक माह में मोदी जी की गारंटी में शामिल शासकीयकरण सौगात को पँचायत सचिवो के मांग के अनुरूप पूर्ण करने का भरोषा दिलाया था परंतु मांग पूर्ण नही होने के कारण प्रदेश अध्यक्ष उपेन्द्र पैकरा के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल द्वारा मुख्यमंत्री से सौजन्य मुलाकात करके मांग पूर्ण कराने के लिए अनुरोध किया गया जिस पर मुख्यमंत्री द्वारा आगामी बजट में शासकीयकरण की सौगात का भरोसा दिलाया गया जिसके कारण प्रदेश पँचायत सचिव संघ द्वारा प्रस्तावित रैली एवं धरना प्रदर्शन 27 दिसम्बर 2025 को स्थगित किया गया था। परंतु पँचायत सचिवों की मांग बजट में भी शामिल नही होने व शासकीयकरण के लिए शासन प्रशासन द्वारा लगातार पँचायत सचिवो के साथ छलावा करने के कारण क्षुब्ध व आक्रोशित है।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला सशक्तिकरण और जागरूकता अभियान

## कलेक्टर रणबीर शर्मा के निर्देशन में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

आगामी अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिले में महिलाओं के संवैधानिक अधिकारों और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों का संचालन कलेक्टर रणबीर शर्मा के निर्देशन में किया गया, जिसमें जिला कार्यक्रम अधिकारी चंद्रबेस सिंह सिसोदिया और जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी सी.पी. शर्मा का विशेष मार्गदर्शन रहा। परियोजना नांदघाट के अंतर्गत कोरवाय, संबलपुर, मारो और कुर्रा जैसे क्षेत्रों में महिलाओं को उनके संवैधानिक अधिकारों, घरेलू




हिंसा से बचाव और महिला सशक्तिकरण के विभिन्न पहलुओं पर जानकारी दी गई। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों से अवगत कराना और उनके खिलाफ हो रही हिंसा को रोकना था। सखी वन स्टॉप सेंटर की केस वर्कर सरिता शर्मा और इंद्राणी सिंह ने महिलाओं को वन स्टॉप सेंटर की सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में महिलाओं को घरेलू हिंसा, लिंग भेदभाव, पॉक्सो एक्ट और महिला हेल्पलाइन नंबर 181 की जानकारी दी गई।

सखी वन स्टॉप सेंटर द्वारा प्रदान की जाने वाली प्रमुख सेवाएँ

**काउंसलिंग:** महिलाओं और लड़कियों को मानसिक एवं भावनात्मक सहयोग प्रदान करना।

**चिकित्सा सहायता :** शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल के लिए चिकित्सा सेवाएँ।

# नौकरी लगाने का झांसा देकर लाखों रुपए का किया ठगी

## पुलिस में लिखित शिकायत के एक माह बाद भी कोई कार्रवाई नहीं

पायनियर संवाददाता < शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार नवागढ़ थाना अंतर्गत ग्राम किरित के मनीष साहू को अपनी बातों में उलझा कर और प्रलोभन देकर 21 लाख 87 हजार ऑनलाइन और कैश 70000 रुपए मनीष कुमार साहू से ठग लिया.नौकरी लगाने के लिए उसने समय सीमा भी तय कर दी थी.समय सीमा के भीतर नौकरी लगवाए जाने की कोई कार्यवाही नहीं होने पर मनीष साहू ने उमेश चौहान को दिया रकम वापस मांगा. इस पर उमेश चौहान मुकर गया तब पीड़ित ने 31/01/2025 को थाना नवागढ़ में एफ आई आर करने का आवेदन दिया थाना नवागढ़ ने आवेदन पत्र को ले लिया है।



मनीष साहू का कहना है कि उनको नवागढ़ थाना में शिकायत किए एक माह हो गया है किंतु आज पर्यंत तक संबंधित ठगी करने वाले के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं किया है। उल्लेखनीय है कि इस क्षेत्र में कानून व्यवस्था कमजोर होने के कारण ही चोरी, ठगी गुड़ागर्दी, की घटनाएं और माफिया राज बढ़ते ही जा रहा है पुलिस प्रशासन को चाहिए कि ठगी करने वाले के विरुद्ध आवश्यक अपेक्षित पुलिस कार्यवाही करना सुनिश्चित करें ताकि ऐसे ठगो की नाक में नकेल लग सके।

# जिला पंचायत चुनाव में भाजपा ने मारी बाजी, सक्ती जिले में निर्विरोध निर्वाचित हुए अध्यक्ष-उपाध्यक्ष

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com

विधानसभा चुनाव 2023 में भले ही भारतीय जनता पार्टी ने जांजगीर चाम्पा एवं शक्ति जिले की अपनी सारी विधानसभा की सीटे खो दी थी, किंतु इन चुनाव में पराजय का बदला आखिरकार भारतीय जनता पार्टी ने जिला पंचायत के चुनाव में ले ही लिया,नवगठित शक्ति जिला पंचायत के प्रथम निर्वाचन में जहां भारतीय जनता पार्टी की समर्थित प्रत्याशी द्रौपदी कीर्तन चंद्रा अर्सिया जैजैपुर ने निर्विरोध निर्वाचित होकर एक इतिहास कायम कर दिया तो वहीं जिला पंचायत शक्ति के उपाध्यक्ष पद पर भाजपा के कमल किशोर पटेल निर्विरोध निर्वाचित हुए तथा कांग्रेस पार्टी ने इन दोनों पदों पर अपना प्रत्याशी ही खड़ा नहीं किया एवं जिला पंचायत सदस्य के चुनाव में भाजपा के 9 सदस्य एवं तीन सदस्य कांग्रेस के तथा दो निर्दलीय जीत कर आए थे किंतु भाजपा का तगड़ा बहुमत होने के कारण कांग्रेस ने हिम्मत ही नहीं की,



और भाजपा ने बाजी मार ली, वहीं जांजगीर चांपा जिला पंचायत के चुनाव में भी भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी सत्यलता आनंद मिरी ने अध्यक्ष पद पर अपना कब्जा किया तो वहीं उपाध्यक्ष पद पर दो बार जिला पंचायत के सदस्य रहे एवं रिकॉर्ड वोटो से जीतने वाले गगन जयपुरिया निर्वाचित हुई घोषित हुए दोनों जिला पंचायतो में मिली भाजपा को जीत से भारतीय जनता पार्टी उत्साहित है तथा नगरीय निकाय के चुनाव में नवगठित शक्ति जिले की जिला मुख्यालय की सीट भले भाजपा ने खो दी, किंतु जनपद पंचायत में भी शक्ति जिले की तीनों जनपद पंचायत में भाजपा ने अपना कब्जा कर लिया है, तथा अब 12 मार्च को जनपद पंचायत शक्ति के चुनाव होने हैं देखना है कि इसमें किस पार्टी का अध्यक्ष चुनकर आता है।

# पांचवी-आठवीं बोर्ड परीक्षा की तैयारी के सबंध में हुई बैठक



पायनियर संवाददाता < उतई
www.dailypioneer.com

सत्र 2024-25 में होने वाले 5वी एवं 8वी कक्षा की केंद्रीयकृत परीक्षा एवं 23 मार्च को उल्लास कार्यक्रम अंतर्गत बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता महापरीक्षा के सम्बन्ध में विवेकानंद ऑडिटोरियम सिविल लाइन दुर्ग में ब्लॉक दुर्ग के समस्त प्राचार्यो एवं संकुल समन्वयकों की आवश्यक बैठक रखी गयी। सर्वप्रथम 5वी एवं 8वी कक्षा की केंद्रीयकृत परीक्षा के सम्बन्ध में जिला शिक्षाअधिकारी अरविन्द मिश्रा ने बताया कि राज्य की मंशा एवं दिशानिर्देश के अनुरूप यह परीक्षा सम्पादित करनी है और इसमें संकुल प्राचार्यो एवं केन्द्राध्यक्षो की महती भूमिका है इसलिए इसके आयोजन एवं क्रियान्वयन में गोपनीयता एवं सुरक्षा के सम्बन्ध में किन सावधानियों के अंतर्गत कार्य करना है इसके विषय में विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी। जिला नोडल केंद्रीयकृत परीक्षा अमित घोष द्वारा संकुल प्राचार्यो द्वारा प्रश्नपत्र प्राप्ति, केंद्राध्यक्षो को वितरण, केंद्र में परीक्षा का सफल संचालन, समन्वय केंद्र तक पहुंचाने की प्रक्रिया एवं आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा की गयी। विकासखंड शिक्षाधिकारी गोविन्द साव द्वारा जिला शिक्षाधिकारी एवं जिला नोडल प्रभारी के द्वारा बताये गए महत्वपूर्ण बिंदुओं का पालन करने तथा नवभारत साक्षरता अभियान अंतर्गत 23 मार्च 2025 को होने वाली परीक्षा जिसमें कुल 6000 शिक्षार्थियों का लक्ष्य दुर्ग ब्लॉक को दिया गया है। इसके साथ साथ में पोर्टल में नामांकित सभी शिक्षार्थियों की शत प्रतिशत उपस्थिती सुनिश्चित कराने एवं महापरीक्षा को सफल बनाने की बात कही गई। उक्त बैठक में सहायक विकासखंड शिक्षाधिकारी राजेश्वरी चंद्राकर, सहायक विकासखंड शिक्षाधिकारी संध्या ढीढी, विकासखंड स्रोत समन्वयक श्रवण सिन्हा एवं ब्लॉक के प्राचार्य एवं सकुल समन्वयक उपस्थित थे।

# नगर पंचायत अड़भार के नवनिर्वाचित अध्यक्ष कृष्णा रात्रे सहित पार्षदों का हुआ शपथ ग्रहण समारोह

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com




जिला मुख्यालय शक्ति से लगे नगर पंचायत अड़भार के नवनिर्वाचित अध्यक्ष कृष्णा रात्रे एवं सभी पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन 5 मार्च को पुराना बाजार भारनी तालाब के पास किया गया, इस दौरान मंच पर उपस्थित गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में नवनिर्वाचित अध्यक्ष कृष्णा रात्रे एवं सभी पार्षदों को सक्षम अधिकारी द्वारा पद एवम गोपनीयता की शपथ दिलाई गई, नगर पंचायत अड़भार के मुख्य नगर पालिका अधिकारी आनंद कुमार राय ने आगंतुक अतिथियों एवं नवनिर्वाचित अध्यक्ष तथा पार्षद गणों का स्वागत किया, तथा कहा कि नगर पंचायत अड़भार में नए निर्वाचन संपन्न हुए हैं तथा इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का एवं शहर वासियों का मैं हार्दिक अभिनंदन करता हूं, कार्यक्रम के दौरान जहां भारी संख्या में शहर सहित पूरे जिले के विभिन्न स्थानों से लोग पहुंचे हुए थे, तो वहीं नवनिर्वाचित अध्यक्ष कृष्णा रात्रे ने भी समस्त अड़भार नगर वासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी ने अपना विश्वास मुझ पर करते हुए मुझे जीत दिलाई, मैं शहर के विकास के लिए हर संभव बेहतर कार्य करूंगा, कार्यक्रम के दौरान मंच पर उपस्थित पूर्व मंडी अध्यक्ष रश्मि गबेल, कांग्रेस नेता गुलजार सिंह ठाकुर, कुसुम लता अजगले, हर प्रसाद साहू सहित अन्य अतिथियों ने भी कार्यक्रम के दौरान नवनिर्वाचित सभी जनप्रतिनिधियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की, इस दौरान नगर पंचायत अड़भार के कर्मचारियों ने भी नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का स्वागत किया तथा कहा कि नगर पंचायत अड़भार के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों की इस टीम से आने वाले दिनों में शहर का विकास और अधिक तेजी से होगा एवं लोगों की समस्याओं का निराकरण भी होगा वहीं नगर पंचायत अड़भार के संपन्न शपथ ग्रहण समारोह के दौरान शहर वासियों ने भी अपने जन प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए उनका अभिनंदन किया।

## 18 नव निर्वाचित पार्षदों का भी हुआ शपथ ग्रहण

# नगर पालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल ने ली शपथ

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com

शहर के प्रथम नागरिक नव निर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल एवं 18 वार्डों के नवनिर्वाचित पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह 5 मार्च को नगर पालिका परिषद कार्यालय परिषद शक्ति में संपन्न हुआ, सभी अध्यक्ष एवं पार्षद गणों को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रिटर्निंग ऑफिसर शक्ति अरुण कुमार सोम ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई, इस दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी पुनीत वर्मा भी मौजूद रहे, इस दौरान मंच पर अंचल की महान विद्वान विभूतियां महामंडलेश्वर अमृतानंद सरस्वती भरत महाराज, आचार्य राजेंद्र महाराज टेमर वाले, पंडित भोला शंकर तिवारी, पंडित राधेश्याम शर्मा एवं पंडित पंकज उमरलिया, पंडित श्रीकृष्ण तिवारी तागा वाले, पंडित बसंत दुबे, पंडित रिंकू शर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित थे, तथा शपथ ग्रहण समारोह का शुभारंभ भारत माता के तैल चित्र पर माल्यार्पण, दीप







प्रज्वलन एवं मंत्रोच्चार के साथ हुआ, तत्पश्चात शपथ अधिकारी एसडीएम साहब का स्वागत मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने किया तथा शपथ अधिकारी ने सभी पार्षदों एवं अध्यक्ष से प्रशासनिक औपचारिकताएं पूर्ण कर उनको शपथ दिलाई,कार्यक्रम का स्वागत उद्बोधन मुख्य नगर पालिका अधिकारी शक्ति पुनीत कुमार वर्मा ने देते हुए आगंतुक सभी अतिथियों एवं नवनिर्वाचित अध्यक्ष तथा पार्षद गणों को नगरपालिका परिवार की ओर से बधाई शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की तत्पश्चात मंच पर उपस्थित विद्वान पंडितों ने शहर के प्रथम नागरिक नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल का मंत्रोच्चार के माध्यम से उनका तिलक लगाकर स्वागत किया तथा उन्हें अपना आशीर्वाद प्रदान किया। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शहर के प्रथम नागरिक नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल ने कहा कि शक्ति शहर की जनता ने मुझे दोबारा अध्यक्ष बनने का अवसर प्रदान किया है, मैं शहर की जनता का आभारी हूं, एवं हम सब मिलकर इस शक्ति शहर को एवं इस नगर पालिका को छत्तीसगढ़ प्रदेश की श्रेष्ठ नगर पालिका के रूप में विकसित करेंगे एवं आने वाले दिनों में नगर पालिका क्षेत्र में स्वच्छता एवं कचरा प्रबंधन, जल आपूर्ति, विद्युत व्यवस्था एवं स्ट्रीट लाइट, सड़क एवं नगर सौंदरयीकरन, नगर पालिका के सभी करो में डिजिटल भुगतान एवं पारदर्शिता,टोल फ्री हेल्पलाइन सहित विभिन्न प्रकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से हम सब संकल्प लेकर कार्य करेंगे तथा मेरे सभी 18 पार्षद मेरे एक परिवार की तरह हैं, एवं सभी 18 वार्डों में बिना किसी भेदभाव के विकास के काम होंगे, मैं यह आप सबको विश्वास दिलाता हूं, एवं शक्ति शहर को हम सभी मिलजुल कर श्रेष्ठ शहर के रूप में विकसित करेंगे वहीं कार्यक्रम में उपस्थित विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों तथा विभिन्न सामाजिक, धार्मिक, व्यापारिक संगठनों के उपस्थित सदस्यों ने भी नवनिर्वाचित अध्यक्ष का स्वागत किया तथा इस दौरान नगर पालिका परिषद शक्ति के चुनाव में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले नगर पालिका के अधिकारी तारकेश्वर नायक उप अभियंता, शयन शुक्ला सहायक ग्रेड 3, वैभव चौबे लेखापाल, इब्राहिम खान, रोहिणी कैवर्ती, वेद जायसवाल, रामभरोस यादव, विजय सोनवानी, हरेंद्र रात्रे एवं प्रकाश सिंदूर को एसडीएम साहब एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी तथा नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो के माध्यम से उन्हें सम्मानित किया गया।

# वर्तमान बजट छत्तीसगढ़ प्रदेश एवं बालोद जिला सहित दल्ली राजहरा के निवासियों के लिए अत्यंत निराशाजनक

पायनियर संवाददाता < दल्ली राजहरा
www.dailypioneer.com

जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री रतिराम कोसमा ने कहा कि वर्तमान बजट छत्तीसगढ़ प्रदेश एवं बालोद जिला सहित दल्ली राजहरा के निवासियों के लिए अत्यंत निराशाजनक है देखने में बजट बहुत ही भारी भरकम दिखाई देता है लेकिन यह अत्यंत खोखला है इसमें ना तो आदिवासियों का ख्याल रखा गया है और ना ही बेरोजगार युवाओं का। वित्त मंत्री इतने अधिक फुर्सत में थे की 100 पन्ने का बजट उन्होंने हाथों से लिखा है और दूसरे दिन जब बजट पर आम चर्चा होनी थी तो विधानसभा से गायब हो गए। यह स्पष्ट परिलक्षित करता है कि वह इस बजट पर चर्चा से भाग रहे हैं।



क्योंकि इस बजट में ऐसा कुछ भी नहीं है जिसे वह उल्लेखनीय बता सके। इस बजट को पेश करते हुए उन्होंने गति की बात कही लेकिन यह बजट अर्थव्यवस्था को गति देने वाला बिल्कुल भी नहीं है इस बजट से हमारे क्षेत्र का कोई भी भला होता नहीं दिख रहा है। बालोद जिले के अनेकों मांग इस क्षेत्र की जनता लगातार कर रही है, बजट में उनमें से किसी का भी जिक्र ना होना इस क्षेत्र की उपेक्षा का स्पष्ट प्रमाण है कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि यह बजट पुराने माल को नए रेपर में पेश करके बेचने जैसा है।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवसः बेमेतरा की महिलाओं की प्रेरणादायक भूमिका



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

हर वर्ष 8 मार्च को मनाया जाने वाला अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस केवल एक तारीख नहीं, बल्कि महिलाओं के संघर्ष, सशक्तिकरण और उपलब्धियों का प्रतीक है। इस वर्ष बेमेतरा जिले में यह आयोजन और भी भव्य रूप से मनाया जा रहा है, जहाँ समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा।

### बेमेतरा की महिलाओं की अनूठी पहचान

बेमेतरा की महिलाएँ न केवल परिवार की धुरी हैं, बल्कि वे शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रशासन, स्वच्छता, समाजसेवा और आर्थिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। चाहे आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हों या मितानिन, महिला स्वच्छग्राही हों या नगर निकाय की सफाई कर्मचारी–इन सभी ने जिले को स्वच्छ, स्वस्थ और समृद्ध बनाने में अपनी मेहनत और समर्पण का परिचय दिया है।

### महिला दिवस पर विशेष आयोजन

इस वर्ष टाउन हॉल, बेमेतरा में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह में इन सभी प्रेरणादायी महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा। महिला एवं बाल विकास विभाग, नगरीय निकाय और ग्राम पंचायत स्तर की उन कर्मठ महिलाओं को पहचान दी जाएगी, जिन्होंने अपने कार्यों से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया है। बेमेतरा जिले में महिलाओं की भूमिका केवल परिवार और समाज तक सीमित नहीं है, बल्कि वे प्रशासनिक, सामाजिक और स्वच्छता अभियानों में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। आगामी 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बेमेतरा जिले में एक भव्य आयोजन किया जा रहा है, जिसमें महिलाओं की उपलब्धियों को सम्मानित किया जाएगा। यह आयोजन न केवल महिला सशक्तिकरण का प्रतीक बनेगा, बल्कि जिले की महिलाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा भी देगा।

### महिलाओं की भागीदारी और उपलब्धियाँ

बेमेतरा जिले में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत महिलाओं की भागीदारी उल्लेखनीय रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान को सफल बनाने में महिला स्वच्छग्राही समूह, प्रेरक, सफाई कर्मचारी और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की मेहनत सराहनीय रही है। इन महिलाओं ने गांवों को स्वच्छ और खुले में शौच मुक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसके अलावा, महिला बाल विकास विभाग में कार्यरत महिला अधिकारी और कर्मचारी अपनी सेवाओं के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं। बच्चों और महिलाओं के पोषण, शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़े कार्यक्रमों में उनका योगदान प्रशंसनीय है। मितानिनों ने स्वास्थ्य सेवाओं को जन-जन तक पहुँचाने में अहम भूमिका निभाई है, जिससे जिले में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ी है।

### राजनीति और प्रशासन में महिलाओं का नेतृत्व

बेमेतरा जिले के प्रशासनिक ढांचे में महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। जिला पंचायत की अध्यक्ष और उपाध्यक्ष दोनों पदों पर महिलाओं का नेतृत्व यह दर्शाता है कि महिलाएँ अब नीति-निर्माण की प्रक्रिया का सक्रिय हिस्सा बन रही हैं। इसके अलावा, जिले की कई पंचायतों में महिलाएँ सरपंच और पार्षद के रूप में अपनी सेवाएँ दे रही हैं, जिससे स्थानीय शासन व्यवस्था में उनका प्रभाव बढ़ा है।

### महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक और कदम

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित महिला सम्मान समारोह के माध्यम से उन महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने समाज में अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण से महत्वपूर्ण बदलाव लाए हैं। यह सम्मान समारोह न केवल उनकी उपलब्धियों को मान्यता देगा, बल्कि अन्य महिलाओं को भी प्रेरित करेगा कि वे अपने हक और अधिकारों के लिए आगे बढ़ें।

### समाज में बदलाव की नई लहर

बेमेतरा जिले में महिलाओं के प्रति सोच में तेजी से बदलाव आ रहा है। महिलाएँ केवल घरेलू कार्यों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रशासन, और स्वच्छता अभियानों में भी अपनी भागीदारी निभा रही हैं। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, स्वच्छ भारत मिशन और महिला सशक्तिकरण योजनाओं का प्रभाव जिले में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है।

### समाज के लिए प्रेरणा

महिला दिवस का यह आयोजन न केवल सम्मान और गौरव का अवसर है, बल्कि यह हमें यह भी याद दिलाता है कि जब महिलाओं को समान अवसर और सम्मान मिलता है, तो वे समाज में क्रांतिकारी बदलाव ला सकती हैं। बेमेतरा की महिलाएँ इस बदलाव की जिंदा मिसाल हैं, जो अपने श्रम, संघर्ष और समर्पण से जिले को आगे बढ़ा रही हैं।

### छत्तीसगढ़ सरकार की महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में पहल

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च के अवसर पर, यह गर्व की बात है कि छत्तीसगढ़ सरकार महिलाओं के उत्थान और सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयासरत है। राज्य सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक, सामाजिक और शैक्षिक रूप से सक्षम बना रही है।

**महतारी वंदन योजनाः** छत्तीसगढ़ सरकार ने महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता को सुनिश्चित करने के लिए महतारी वंदन योजना शुरू की है, जिसके तहत राज्य की पात्र महिलाओं को प्रतिमाह 1000 की सहायता राशि प्रदान की जा रही है। यह योजना न केवल महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रही है, बल्कि उनके परिवार की आर्थिक स्थिति को भी मजबूत कर रही है।

**मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनाः** इस योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की बेटियों के विवाह के लिए सहायता राशि दी जाती है, जिससे उनके परिवारों पर वित्तीय बोझ कम होता है और वे सम्मानजनक जीवन जी सकती हैं।

**सखी वन स्टॉप सेंटरः** महिलाओं की सुरक्षा और सहायता के लिए सरकार सखी वन स्टॉप सेंटर चला रही है, जहां उन्हें कानूनी, सामाजिक और मानसिक सहयोग मिलता है।

**स्वयं सहायता समूह (सा्त्र) योजनाएँः** राज्य सरकार महिलाओं के लिए स्वयं सहायता समूहों को बढ़ावा दे रही है, जिससे वे छोटे-छोटे उद्योगों और स्वरोजगार से जुड़कर आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं।छत्तीसगढ़ सरकार महिलाओं की सामाजिक और आर्थिक स्थिति को सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इन योजनाओं से महिलाओं को आत्मनिर्भरता और सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर मिल रहा है। महिला सशक्तिकरण की इस दिशा में उठाए गए ये कदम न केवल वर्तमान बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए भी प्रेरणादायक हैं। बेमेतरा जिले की महिलाएँ किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। वे समाज, राजनीति, स्वच्छता और प्रशासन में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। आगामी अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर यह आयोजन न केवल उनके योगदान को पहचान दिलाएगा, बल्कि अन्य महिलाओं को भी प्रेरित करेगा कि वे आत्मनिर्भर बनें और अपने सपनों को पूरा करने के लिए आगे बढ़ें। बेमेतरा की महिलाएँ न केवल अपने जिले, बल्कि पूरे प्रदेश और देश के लिए एक मिसाल बन रही हैं। इस अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर हम सभी को यह संकल्प लेना चाहिए कि महिलाओं के अधिकार, समानता और सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

# विकसित भारत युवा संसद, युवाओं को संसद में जाने का अवसर

## 9 मार्च तक पंजीकरण, अपलोड करना होगा एक मिनट का वीडियो

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ सहित धमतरी जिले के युवाओं को भारत की संसद में जाने का सुनहरा अवसर मिलने वाला है। विकसित भारत युवा संसद, कार्यक्रम के तहत प्रत्येक प्रदेश से तीन चरणों में चयनित सर्वश्रेष्ठ युवा वक्ताओं को नई दिल्ली के संसद भवन में आयोजित विशेष सत्रों में अपने विचारों को अभिव्यक्त करने का अवसर मिलेगा। इसके लिए युवा 9 मार्च तक माय भारत पोर्टल पर पंजीकरण करा सकते हैं। 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं को पंजीकरण के दौरान एक मिनिट का वीडियो भी पोर्टल पर अपलोड करना होगा। युवा कार्यक्रम विभाग के समन्वयक और बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव पीजी कॉलेज कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट में तीन चरणों में चयन होगा। पहले चरण में माय भारत पोर्टल पर वीडियो अपलोड करना होगा, जिससे 150 युवाओं को नोडल जिला.स्तर पर बुलाया जाएगा। वहां से 10 युवा राज्य स्तरीय यूथ पार्लियामेंट के लिए चुने जाएंगे और राज्य स्तर से चयनित सर्वश्रेष्ठ वक्ताओं को राष्ट्रीय स्तर पर संसद में अपने विचार रखने का मौका मिलेगा।

### ऐसे बनाएं वीडियो

ऑनलाइन स्क्रीनिंग के लिए एक मिनट का वीडियो हिन्दी, अंग्रेजी या किसी भी भारतीय भाषा में रिकॉर्ड करें। बैकग्राउंड सफेद हो और आवाज साफ होनी चाहिए। शुरु में अपना नाम, जिला और नोडल जिला का नाम बताएं। वीडियो का साइज 25 एमबी तक और फॉर्मेट mp4, mkv, mov, mpeg, avi, wmv, flv होना चाहिए। अधिक जानकारी के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें और link to access the document का चयन कर पीडीएफ का अवलोकन करे।

### कैसे होगा पंजीयन

माय भारत पोर्टल, लिंक www. mybharat. gov.in पर जाए, Register as Youth विकल्प का चयन करें और Register बटन पर क्लिक करें, अपना फोन नंबर अथवा ईमेल आईडी डालकर OTP से लॉगिन करे, आवश्यक जानकारी भरें और सबमिट पर क्लिक करें। माय भारत अकाउंट लॉगिन होने पर क्यूआर कोड को स्कैन करे अथवा लिंक https://bit-ly/VBYP-UP पर जाए, Volunteer for Bharat श्रेणी में view more पर जाएं और अपने राज्य एवं नोडल जनपद का चयन कर सर्च करें। इसके बाद नोडल जनपद द्वारा प्रकाशित कार्यक्रम पर क्लिक करें और कार्यक्रम पेज पर । Apply Now का चयन कर नीचे वीडियो अपलोड करे।

# गिरौदपुरी धाम में हुआ संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास पुस्तक का विमोचन



पायनियर संवाददाता < भंवरपुर
www.dailypioneer.com

बाबा गुरु घासीदास के जन्मस्थली तपोभूमि गिरौदपुरी धाम मेला समागम में संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास राष्ट्रीय साझा संग्रह का भव्य विमोचन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कविता प्राण लहरे विधायक बिलाईगढ़, अध्यक्षता राजेन्द्र प्रसाद भतपहरी विशिष्ट अतिथि सरजू प्रसाद घृतलहरे, विनोद भारती, हृदय प्रकाश अनंत, डॉ. अनिल भतपहरी, राजमहंत प्यारे लाल कोसरिया, रामदास जांगड़े, रोहित डहरिया, कौशल मिरी गायक, लीलाधर बानू खूंटे, गोकुल बंजारे (राष्ट्रपति से सम्मानित ),सालिक राम घृतलहरे एवं समाज के पदाधिकारीगण उपस्थित थे। संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास राष्ट्रीय काव्य संग्रह के संपादक डिजेन्द्र कुर्रे कोहिनूर , सह संपादक मणिशंकर दिवाकर गदगद, आशा भारद्वाज के संपादन में सम्पादित हुआ है। जिसमें विभिन्न राज्यों के साहित्यकारों ने रचना प्रेषित किये थे। शुभदा प्रकाशन छत्तीसगढ़ से अनेकों पुस्तक प्रकाशित हो रहे है। अतिथियों ने साहित्यकारों को बाबा के संदेश को काव्यरूपी रस के माध्यम से जन जन तक पहुंचाने के लिए शुभकामनायें दिए है। साहित्यकार में मंगत रविंद्र, खगेन्द्र कुर्रे, भूपेश बारीक, लोकनाथ ताण्डेय, डॉ विजय कनौजे, मनिलाल पटेल, कमल जांगड़े, कल्पना कुर्रे, सुरेश चंद्रा, सूरज खांडे,प्रो. प्यारेलाल आडिले, पी रेखा कौशिक, दुर्गा प्रसाद कुर्रे, मंजूलता मेरसा, सुरेश बंजारे, राम कुमार बंजारे, गजानंद पात्रे, गोकुल बंजारे, लोमेश कुमार, पूर्णिमा तिवारी, मनोज मनहरे, सुंदर डडसेना, गीता सागर, अमिता रवि दुबे, जवाहर बघेल शामिल है। संपादक डिजेन्द्र कुर्रे कोहिनूर ने सभी साहित्यकारों को आभार व्यक्त किया।

# नगर पालिका उपाध्यक्ष व अपील समिति सदस्य का निर्वाचनः पवन जायसवाल उपाध्यक्ष हुए निर्वाचित



पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

नगर पालिका अध्यक्ष चुनाव संपन्न होने के उपरांत प्रथम सम्मिलन का आयोजन किया गया। प्रथम सम्मिलन का आयोजन नगर पालिका परिषद कवर्धा सभाकक्ष में किया गया। प्रथम सम्मिलन में उपाध्यक्ष व अपील समिति सदस्य का निर्वाचन पीठासीन अधिकारी अपर कलेक्टर नरेन्द्र पैंकरा द्वारा संपन्न कराया गया। नगर पालिका परिषद कवर्धा में उपाध्यक्ष व अपील समिति सदस्य का निर्वाचन समस्त पार्षदों की उपस्थिति मे कराया गया। सम्मिलन में अध्यक्ष सहित 26 पार्षदगण उपस्थित रहें व 01 पार्षद अनुपस्थित रहें। जिमसें सभी उपस्थित पार्षदों नें अपने मताधिकार का उपयोग कर उपाध्यक्ष व अपील समिति सदस्य का चुना। उपाध्यक्ष निर्वाचन पीठासीन अधिकारी नरेन्द्र पैंकरा निर्वाचन अधिकारी में उपस्थिति में निर्वाचन कार्य संपन्न हुआ। उपाध्यक्ष निर्वाचन हेतु दो सदस्यों ने नाम निर्देशन फार्म भरा गया जिसमें धर्मेन्द्र बिन्नू महराज (कांग्रेस पार्टी), पवन कुमार जायसवाल (भारतीय जनता पार्टी) दो अभ्यर्थी होने के कारण पार्षदों से मतदान कराया गया। जिसमें-धर्मेन्द्र बिन्नू महराज को 06 वोट एवं पवन कुमार जायसवाल को 21 वोट मिला। जिमसें पवन कुमार जायसवाल को उपाध्यक्ष पद पर विजयी घोषित किया गया।

### अपील समिति सदस्य का निर्वाचन

अपील समिति सदस्य हेतु 4 सदस्यों का निर्वाचन संपन्न होना था निर्वाचन हेतु चार सदस्यों ने नाम निर्देशन फार्म भरा गया जिसमें भीखम दास कोसले (कांग्रेस पार्टी), सीता धुर्वे (कांग्रेस पार्टी), मनीषा साहू (भारतीय जनता पार्टी), रिंकेश वैष्णव (भारतीय जनता पार्टी) चार अभ्यर्थी होने के कारण पार्षदों से मतदान कराया गया। जिसमें भीखम दास कोसले (कांग्रेस पार्टी) को 05 वोट, सीता धुर्वे (कांग्रेस पार्टी) को 05 वोट एवं मनीषा साहू को 21 व रिंकेश वैष्णव को 21 वोट मिला। इस प्रकार मनीषा साहू व रिंकेश वैष्णव को अपील समिति का सदस्य चुना गया। उपस्थित नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, पार्षदगणों ने निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को बधाई शुभकामनाएं दिये।

# एसडीएम बागबाहरा ने किया स्कूलों और छात्रावास का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता < महासमुंद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर विनय कुमार के निर्देशानुसार जिले में शैक्षणिक संस्थानों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सतत निरीक्षण जारी हैं। इसी कड़ी में आज एसडीएम बागबाहरा उमेश साहू द्वारा विभिन्न विद्यालयों एवं छात्रावासों का दौरा किया गया। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों की उपस्थिति, कक्षाओं की स्थिति, विद्यार्थियों को दी जाने वाली सुविधाओं तथा मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता की गहन समीक्षा की। निरीक्षण के तहत प्राथमिक शाला मेंस सुखरी डबरी एवं माध्यमिक विद्यालय सुखरी डबरी का दौरा किया गया। इस दौरान उन्होंने स्कूल की व्यवस्था, शिक्षकों की उपस्थिति तथा छात्रों की शैक्षणिक प्रगति की जानकारी ली। विद्यार्थियों से चर्चा कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं को भी समझने का प्रयास किया गया। एसडीएम ने कक्षाओं में जाकर बच्चों से बातचीत की और उनकी पढ़ाई की स्थिति का जायजा लिया। साथ ही शिक्षकों को निर्देशित किया कि वे पढ़ाई के स्तर को सुधारने और विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए विशेष प्रयास करें। एसडीएम साहू ने निरीक्षण के दौरान छात्रावासों की साफ-सफाई, भोजन व्यवस्था, सुरक्षा एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं की भी जांच की। उन्होंने छात्रावास में रह रहे विद्यार्थियों से चर्चा कर उनकी समस्याओं को समझा तथा उनके समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के उपरांत एसडीएम ने शिक्षकों एवं विद्यालय प्रशासन को निर्देश दिए कि वे शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने, छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने विशेष ध्यान दें। इसके अलावा, यदि किसी विद्यालय या छात्रावास में कोई कमी पाई गई, तो उसे शीघ्र सुधारने के लिए संबंधित विभाग को निर्देशित किया गया।

### मोंगरा किशन लाल पटेल अध्यक्ष एवं भीखम सिंह ठाकुर उपाध्यक्ष निर्वाचित

**महासमुंद।** त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन में निर्वाचित होने के उपरांत गुरुवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिला पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के निर्वाचन की प्रक्रिया किया गया। दोनों पदों के लिए नाम निर्देशन पत्र भरा गया। नामांकन दाखिल होने के उपरांत निर्धारित समय पर 15 सदस्यों द्वारा मतदान किया गया। जिसमें अध्यक्ष पद हेतु निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 15 से मांगरा किशन लाल पटेल तथा उपाध्यक्ष पद हेतु भीखम सिंह ठाकुर निवार्चन क्षेत्र क्रमांक 6 निर्वाचित हुए। मतदान उपरांत परिणाम की घोषणा की गई और पीठासीन अधिकारी रविराज ठाकुर द्वारा नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष को निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

### बैंकिंग से संबंधित बैठक एवं शिकायतों का निवारण 10 मार्च को फिंगेश्वर में

**गरियाबंद ।** त्रैमासिक सार्वजनिक बैठक का संचालन एवं शिकायत निवारण के संबंध में सोमवार 10 मार्च 2025 को जनपद पंचायत फिंगेश्वर में दोपहर 2 बजे से 3 बजे तक बैठक रखी गई है। लीड बैंक अधिकारी ने बताया कि इस बैठक में आम व्यक्ति से संबंधित विभिन्न बैंकिंग नीतियों और विनियमों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए रिजर्व बैंक के एलडीओ, क्षेत्र में मौजूद और अन्य हितधारकों के समन्वय से जिले में जनवरी - मार्च 2025 तिमाही के लिए त्रैमासिक सार्वजनिक बैठक किया जायेगा। उन्होंने सर्व संबंधितों को उपस्थित होने का आग्रह किया है।

# नगर पंचायत उतई के अध्यक्ष व पार्षद 8 मार्च को लेंगे पद व गोपनीयता की शपथ

### उपाध्यक्ष का भी होगा चुनाव

पायनियर संवाददाता < उतई
www.dailypioneer.com



नगर पंचायत उतई के सभागार में नवनिर्वाचित अध्यक्ष सरस्वती साहू सहित 15 निर्वाचित पार्षद 8 मार्च सुबह 10 बजे पद व गोपनियता की शपथ लेंगे। सभी को प्राधिकृत अधिकारी शपथ दिलाएंगे। कार्यक्रम के मुखूय अतिथि दूर्ग लोकसभा के सासद विजय बघेल होंगे। विशेष अतिथि के रूप में दूर्ग ग्रामीण के विधायक ललित चन्द्राकर सहित अन्य अतिथिगण समारोह में शामिल होंगे। नगर पंचायत उतई के सीएमओ राजेन्द्र नायक ने बताया कि सुबह 10 से 11 बजे तक शपथ ग्रहण समारोह आयोजित है। पश्चात 11:30 से 12:30 बजे तक उपाध्यक्ष पद के लिये नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किया जा सकता है। 12, :30 बजे के बाद उपाध्यक्ष पद हेतु निर्वाचन प्रक्रिया शुरू होगी। 12:35 से दोपहर 1 बजे तक पीठासीन अधिकारी के द्वारा नाम निर्देशन पत्रों की जांच व आपत्तियों का निराकरण किया जायेगा।दोपहर 1:30 बजे उपाध्यक्ष पद हेतु भरे नामाकन कर्ता अपना नाम वापस ले सकते है। दोपहर 1:30 बजे से दोपहर 2 बजे के मध्य उपाध्यक्ष पद हेतु मतदान होगा।मतदान के तत्काल बाद मतगणना व उपाध्यक्ष को निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया जायेगा।


**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी उपतहसील देवरबीजा जिला-बेमेतरा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

**ग्राम मोहभट्ठा प.ह.नं. 03 / ब-121 वर्ष 2024-25**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक पुनाराम पाल पिता प्रेम पाल निवासी ग्राम मोहभट्ठा प.ह.नं. 03 पुलिस चौकी एवं उपतहसील देवरबीजा जिला बेमेतरा (छ.ग.) ने आवेदक पुनाराम पाल पिता प्रेम पाल ने अपने माता रेजा बाई पति प्रेमलाल के लिए मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने / जारी करने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय को पेश किया कि आवेदक पुनाराम पाल पिता प्रेम पाल ने अपने माता रेजा बाई पति प्रेमलाल के लिए मृत्यु स्थान ग्राम मोहभट्ठा प.ह.नं. 03 दिनांक 10/03/2020 को हो हुआ है। तत्संबंध में इस न्यायालय में ब-121/2024-25 विचाराधिन है ।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था / समूह को कोई दावा आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 10/03/2025 तक दावा आपत्ति पेश कर सकते है। उक्त नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से आज दिनांक 20 /02/2025 को जारी किया गया।

मुहर

**कार्यपालन दण्डाधिकारी**
**देवरबीजा जिला-बेमेतरा (छ.ग.)**



**कार्यालय नगर पालिका परिषद, भाटापारा**
**जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
Tel. No. - 07726-220368 Email Address : cmobhatapara@rediffmail.com

क्रमांक/1333/लो.नि.व./न.पा.प./2024-25 भाटापारा, दिनांक 05/03/2025

**// मैन्यूवल निविदा सूचना //**

नगर पालिका परिषद भाटापारा क्षेत्रांतर्गत स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 20 अंतर्गत सार्वजनिक / सामुदायिक शौचालयों के मरम्मत / उन्नयन कार्य हेतु (कुल 05 कार्य लागत राशि 53.75 लाख रु.) एकीकृत पंजीयन प्रणाली से लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों से प्रपत्र ''अ'' में निविदा दर 03 लिफाफा पद्धति में (As Per PWD SOR (B) 01.01.2015 & (Elect.) 01.06.2020) प्रतिशत दर पर (कम/अधिक) स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक के माध्यम से आमंत्रित की जाती है, विवरण निम्नानुसार है-

1. **निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि- 26.03.2025 समय सायः 05:00 बजे तक**
2. **निविदा प्रपत्र हेतु राशि जमा करने की अंतिम तिथि - 28.03.2025 समय सायः 05:00 बजे तक**
3. **निविदा प्रपत्र प्रदाय करने की अंतिम तिथि - 02.04.2025 समय सायः 05:00 बजे तक**
4. **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 09.04.2025 समय सायः 03:00 बजे तक**
5. **निविदा खोले जाने की अंतिम तिथि - 09.04.2025 समय सायः 05:00 बजे**

**टीप :-** उपरोक्त निविदा से सम्बधित नियम/शर्तों एवं विस्तृत जानकारी लोक निर्माण खण्ड से कार्यालयीन दिवस में प्राप्त की जा सकती है, तथा निविदा विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in पर देखी जा सकती हैं।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, भाटापारा**



**छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग**

**// भानुप्रतापपुर काष्ठागार (पूर्व भानुप्रतापपुर वनमंडल) के ई-नीलाम का संक्षिप्त विवरण //**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व भानुप्रतापपुर वनमंडल अंतर्गत काष्ठागार भानुप्रतापपुर एवं बांसागार कराठी संग्रहित ईमारती काष्ठ/बल्ली/औद्योगिक/व्यापारिक बांस का निम्न दर्शाये गये स्थल में भण्डारीत है। जिसका निर्वतन ई-नीलाम तिथि 10.03.2025 को किया जावेगा तदानुरूप इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है, कि घोष विक्रय में भाग लेवें।

नीलाम में प्रस्तावित मात्रा कम या अधिक हो सकती है। बोली लगाने से पूर्व कृपया वनोपज का निरीक्षण कर लेवें। घोष विक्रय की शर्तों एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में संबंधित वनमंडल से प्राप्त की जा सकती है।

| वनमंडल का नाम | काष्ठागार का नाम | स्थान / नीलाम दिनांक व समय |
|---|---|---|
| पूर्व भानुप्रतापपुर वनमंडल | काष्ठागार भानुप्रतापपुर | काष्ठागार भानुप्रतापपुर नीलाम दिनांक 10.03.2025 प्रातः 09:00 बजे से |

**-: अनुमानित मात्रा काष्ठ एवं बल्लियाँ :-**

| अ. क्र. | प्रजाति | नया वनोपज | | अविक्रित वनापेज | | योग | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | काष्ठ घ.मी | बल्ली | काष्ठ घ.मी | बल्ली | काष्ठ घ.मी | बल्ली |
| 1 | सागौन | 26 | 0 | 166 | 405 | 192 | 405 |
| 2 | साल | 146 | 0 | 98 | 0 | 244 | 0 |
| 3 | बीजा | 8 | 0 | 17 | 2 | 25 | 2 |
| 4 | साजा | 37 | 0 | 87 | 150 | 124 | 150 |
| 6 | हल्दू/मुण्डी | 17 | 0 | 21 | 0 | 38 | 0 |
| 7 | सलिहा/मोदे | 2 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 |
| 8 | तिन्सा | 0 | 0 | 2 | 0 | 2 | 0 |
| 9 | नीलगिरी | 2 | 4 | 0 | 0 | 2 | 4 |
| 10 | धावड़ा | 13 | 0 | 12 | 0 | 25 | 0 |
| 11 | कर्रा | 4 | 0 | 0 | 0 | 4 | 0 |
| 12 | तेन्दू | 0 | 0 | 29 | 0 | 29 | 0 |
| 13 | अन्य | 50 | 0 | 77 | 176 | 127 | 176 |
| | **योग :-** | **305** | **4** | **509** | **733** | **814** | **737** |

**नीलाम हेतु प्रस्तावित औद्योगिक/व्यापारिक बांस :-**

| क्र. | वनमण्डल | बांसागार भानुप्रतापपुर | नग | नो.टन |
|---|---|---|---|---|
| | पूर्व वनमंडल भानुप्रतापपुर | व्यापारिक बांसागार भानुप्रतापपुर (पुराना लॉट) | 7380 | 20.595 |
| | | **बांसागार अंतागढ़** | **बंडल** | **नो.टन** |
| | | औद्योगिक बांसागार अंतागढ़ (नया लॉट) | 215 | 3.193 |
| | | औद्योगिक बांसागार अंतागढ़ (पुराना लॉट) | 394 | 4.972 |

**दूरभाष क्रमांक - पूर्व भानुप्रतापपुर वनमंडल (07850-252223)**

1. क्रेताओं को ई-नीलाम के पूर्व एम.एस.टी.सी. ई-कार्मस पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है।
2. क्रेताओं को ई-नीलाम के पूर्व क्रय लॉटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई.एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है।
3. लॉट की थप्पी सूची एवं फोटो एम.एस.टी.सी.ई-कार्मस पोर्टल में अपने आईडी से लॉगइन करके देख सकते है।
4. ई-ऑक्शन में लॉट क्रय के पश्चात् प्रथम क्रेता को 40 सेंकड का समय प्राप्त होगा उसी लॉट में अन्य क्रेताओं द्वारा 40 सेकंड के पूर्व क्रय करने पर 30 सेकंड का समय प्राप्त होगा।

G-242505738/4

**वनमंडलाधिकारी**
**पूर्व भानुप्रतापपुर वनमंडल**
**भानुप्रतापपुर**

# सरयू साहित्य का पुरातत्व धरोहर अध्ययन अभियान लक्ष्मणा धाम का दर्शन इस दिशा मे अहम पायदान

## सिरपुर से प्रारंभ इस अभियान के तहत अब तक विभिन्न स्थलों का दर्शन

पायनियर संवाददाता भाटापारा
www.dailypioneer.com

पुरातत्व महज इतिहास नहीं वरन वह प्रेरणा है जो वर्तमान को सशक्त बनाती है एवं अतीत के वैभव का ऐहसास कराती है,इन धरोहरों मे वर्तमान के लिए बहुत कुछ प्रदान करने की क्षमता रहती है,नगर की रचनात्मक संस्था सरयू साहित्य परिषद द्वारा इन्ही पुरातात्विक धरोहरों की महत्ता को समझते हुए इनके दर्शन एवं अध्ययन का अभियान प्रारंभ किया गया है।



### लक्ष्मणा धाम का दर्शन अध्ययन

सरयू साहित्य परिषद के अध्यक्ष गौरीशंकर शर्मा के नेतृत्व मे संचालित हो रहे इस महा अभियान की महत्वपूर्ण कड़ी भाटापारा क्षेत्र स्थित ढाबाडीह लक्ष्मणा धाम के दर्शन अध्ययन के रुप मे भी संपन्न हुई परिषद के अध्यक्ष गौरीशंकर शर्मा एवं मुकेश शर्मा द्वारा साधक की स्मृति स्थल लक्ष्मणा धाम पंहुच कर उनसे जुड़ी ऐतिहासिक जानकारी संकलित की गयी,लगभग सौ वर्षों से अधिक का इतिहास अपने मे समेटे लक्ष्मणा धाम के संबंध मे स्थानीय रुपेश मिश्रा द्वारा बताया गया कि एक समय मे यहां घुमक्कड़ भटरी जाति का आना जाना था एवं लंबे समय तक वे यहां ठहरते थे,उन्ही के साथ उनके गुरु लक्ष्मण भी साथ रहते थे, जो अत्यंत साधक किस्म के व्यक्ति थे,सदैव कांवड़ के साथ चलने वाले गुरु जी के कांवड़ के एक हिस्से मे देवी देवताओं की प्रतिमा होती थी, उनकी मृत्यु के बाद यहीं उन्हे दफनाया गया एवं उनकी पूजित मूर्तियों की स्थापना की गयी और यही लक्ष्मणा धाम के रुप मे ख्याति को प्राप्त हुई, उन्होने यह भी बताया कि मनोकामना पूर्ति के लिए प्रसिद्ध इस स्थल की बड़ी महत्ता है दूर दूर से लोग लक्ष्मणा धाम दर्शन को पंहुचते है तथा छेर छेरा पुन्नी के अवसर पर यहां भव्य मेला का आयोजन होता है,रोहरा से लगभग पांच किलोमीटर दूर धर्म एवं अध्यात्म के इस महत्वपूर्ण स्थल मे सड़क निर्माण के बाद पंहुच और भी सुगम हो गया है।

### सिरपुर से अभियान का श्रीगणेश

धार्मिक और आध्यात्मिक ज्ञान-विज्ञान के साथ-साथ महत्वपूर्ण और मौलिक प्रयोगों के महत्व को अपने मे समाहित किए हुए भारतीय कला के इतिहास में सिरपुर का विशेष स्थान है,सरयू साहित्य परिषद द्वारा अपने अभियान का शुभारंभ इसी स्थल से किया गया, एवं इस स्थल की पुरातात्विक एवं आस्था की महत्ता का अध्ययन एवं दर्शन के उपरांत राजिम गरियाबंद पाण्डूका भोरमदेव जैसे विभिन्न धार्मिक आस्था एवं पुरातात्विक महत्व के स्थलों का अध्ययन करते हुए इनसे जुड़ी जानकारियां एवं प्रेरणा को संकलित किया गया।

### प्रेरणा का प्रसार एवं जागरण अहम उद्देश्य

पुरातत्व एवं धर्म अध्यात्म के महत्व के स्थलों के दर्शन एवं अध्ययन के उद्देश्य के संबंध मे परिषद के अध्यक्ष गौरीशंकर शर्मा से चर्चा करने पर उन्होने बताया कि इस अभियान के पीछे यही उद्देश्य है कि पुरातत्व एवं धर्म अध्यात्म से जुडे स्थलों को जनमानस के बीच प्रचारित करना तथा लोगों को इससे जोड़ना जिससे नयी पीढ़ी इससे प्रेरणा ग्रहण कर सके,इसके अलावा इन स्थलों के उन्नयन के लिए शासन प्रशासन का ध्यान भी आकृष्ट कराना भी अहम उद्देश्य बताया गया, उन्होने यह भी कहा कि छत्तीसगढ के विभिन्न पुरातात्विक एवं धर्म अध्यात्म के महत्व के स्थलों का अध्ययन एवं दर्शन निरंतर जारी रहेगा तथा इससे जुड़ी जानकारियों को पुस्तक के रुप मे लिपीबध्द किया जायेगा जिससे यह अहम दस्तावेज के रुप मे सदैव जीवंत बने रहे।

# डिफॉल्टर ऋणियों पर जिला प्रशासन की सख्ती, वसूली के लिए जारी हुए नोटिस

पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com

जिला प्रशासन ने छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के डिफॉल्टर ऋणियों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए वसूली की प्रक्रिया तेज कर दी है। कलेक्टर राहुल देव के निर्देशानुसार बैंक से डिफॉल्टर खाताधारकों की सूची मंगाकर आरआरसी (दंडात्मक कार्रवाई) दर्ज की गई है। कलेक्टर ने कहा है कि किसी भी हाल में बकाया वसूली को लेकर समझौता नहीं किया जाएगा और आवश्यकतानुसार सख्त कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने बकाया राशि की वसूली नहीं होने पर ऋणियों की संपत्ति को नीलाम करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर के निर्देश पर तहसीलदार द्वारा सभी ऋणियों को नोटिस जारी कर दिए गए हैं।

### बैंक डिफॉल्टरों की तैयार की गई है सूची

छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक मुंगेली शाखा के ब्रांच मैनेजर विनय कुर्रे ने बताया कि बैंक द्वारा 139 डिफॉल्टर ऋणियों के खिलाफ आरआरसी दर्ज किया है, जिनसे कुल 1.40 करोड़ रुपए की वसूली की जानी है। कुछ शिक्षकों ने छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक मुंगेली से ऋण लिया था, लेकिन बाद में उन्होंने अपना वेतन खाता अन्य बैंकों में स्थानांतरित कर दिया। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिया है कि इन शिक्षकों के वेतन को पुनः छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक में स्थानांतरित किया जाए। वहीं, किसानों के मामले में यह पाया गया कि उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक, मुंगेली से ऋण लिया, लेकिन उनकी धान विक्रय की राशि जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में जमा हो रही है। प्रशासन अब इस पर भी सख्ती बरतने की तैयारी कर रहा है, ताकि बैंक को उचित समय पर वसूली मिल सके।

# पीएम आशा योजना के तहत प्राईस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत फसल उपार्जन कार्य की शुरुआत

पायनियर संवाददाता कवर्धा
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान योजना (पीएम-आशा योजना) के अंतर्गत जिले में किसानों के पंजीयन और फसल उपार्जन कार्य की शुरुआत हो गई है। इस योजना के तहत खरीफविपणन वर्ष 2024-25 में अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली, सोयाबीन और रबी विपणन वर्ष 2025-26 में चना, मसूर एवं सरसों फसलों की बुवाई करने वाले किसानों का पंजीयन एकीकृत किसान पोर्टल पर प्रारंभ हो गया है। कृषक अपनी क्षेत्रीय ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों के माध्यम से सेवा सहकारी समितियों में आवेदन पत्र के साथ ऋण पुस्तिका, बी-1, पी-2, आधार कार्ड और बैंक पासबुक की छायाप्रति जमा कर पोर्टल पर पंजीयन करवा सकते हैं। इस प्रक्रिया के माध्यम से किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अपनी फसल बेच सकते हैं। किसान को संबंधित समिति में पंजीयन कराना होगा और उसके बाद वह न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अपनी फसल बेच सकेंगे। उप संचालक कृषि अमित कुमार मोहंती ने किसानों से अपील की है कि वे समय रहते पंजीयन करवा लें ताकि उन्हें अपनी फसल का उचित मूल्य मिल सके।

**उपार्जन केंद्रों की सूची**-शासन द्वारा जिले में खरीदी और भण्डारण कार्य के लिए विभिन्न उपार्जन केंद्रों का चयन किया गया है। इनमें कवर्धा, बोड़ला, पण्डरिया, स.लोहारा और अन्य विकासखण्डों में स्थित सेवा सहकारी समितियां शामिल हैं।

**न्यूनतम समर्थन मूल्य** -केंद्र सरकार ने विभिन्न फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य तय किया है, जो इस प्रकार है। अरहर 7550 रुपये प्रति क्विंटल, मूंग 8682 रुपये प्रति क्विंटल, उड़द 7400 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफलीः 6743 रुपये प्रति क्विंटल, सोयाबीनः 4892 रुपये प्रति क्विंटल, चना 5440 रुपये प्रति क्विंटल, मसूर 6425 रुपये प्रति क्विंटल, सरसोंः 5650 रुपये प्रति क्विंटल है।

**उपार्जन की अवधि** -खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली और सोयाबीन फसलों का उपार्जन 15 फरवरी 2025 से 15 मई 2025 तक किया जाएगा। रबी विपणन वर्ष 2025-26 में चना और मसूर फसलों का उपार्जन 01 मार्च 2025 से 30 मई 2025 तक होगा। सरसों फसल का उपार्जन 15 फरवरी 2025 से 15 मई 2025 तक किया जाएगा।

**उपार्जन दरें**-शासन द्वारा पंजीकृत किसानों से उपार्जन की दरें भी निर्धारित की गई हैं। अरहर 3.00 क्विंटल/एकड़ , मूंगः 3.00 क्विंटल/एकड़, उड़द 3.00 क्विंटल/एकड़, मूंगफलीः 7.00 क्विंटल/एकड़, सोयाबीन 5.00 क्विंटल/एकड़, चना 6.00 क्विंटल/एकड़, मसूर 2.00 क्विंटल/एकड़, सरसों 5.00 क्विंटल/एकड़ है।

# अदाणी फाउंडेशन तमनार द्वारा ग्राम कुंजेमुरा में मेगा हेल्थ कैंप का सफल आयोजन

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

अदाणी फाउंडेशन तमनार ने ग्राम कुंजेमुरा में एक मेगा हेल्थ कैंप का सफलतापूर्वक आयोजन किया। यह मिलूपारा और खम्हारिया के बाद क्षेत्र में आयोजित तीसरा मेगा हेल्थ कैंप था, जिसमें सैकड़ों ग्रामीणों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। यह कैंप सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक कुंजेमुरा बीच बस्ती में आयोजित किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और उनकी स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान करना था। इस शिविर में मेडिकल कॉलेजों और निजी प्रैक्टिस से जुड़े डॉक्टरों ने अपनी सेवाएँ दीं। निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएँ और जाँचः शिविर में विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने चर्म, हड्डी, नेत्र, प्रसूति, दंत और सामान्य बीमारियों के लिए परामर्श प्रदान किया। मरीजों को निःशुल्क





दवाएँ वितरित की गईं और 34 लाभार्थियों को निःशुल्क चश्मे भी उपलब्ध कराए गए। इसके अलावा, शिविर में ब्लड टेस्ट, शुगर जाँच और वजन माप जैसी सेवाएँ भी निःशुल्क प्रदान की गईं। स्थानीय समुदाय की सकारात्मक प्रतिक्रियाः कुल 157 मरीजों को इस हेल्थ कैंप से लाभ मिला। जरूरतमंद मरीजों को आगे भी आवश्यक फॉलो-अप की सुविधा दी जाएगी। स्थानीय समुदाय ने इस पहल की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे शिविरों के आयोजन की सलाह दी। लाभार्थियों के अनुभवः बीरबल यादव ने कहा, मेगा हेल्थ कैंप में आज मैंने हड्डी रोग विशेषज्ञ की सलाह प्राप्त की है और मुफ्त दवा भी मिली है, जिसे पाकर मैं खुश हूँ। संतोषी निषाद ने कहा, मुझे देखने में तकलीफ हो रही थी। कैंप में अपनी आँखों की जाँच कराकर मैंने मुफ्त चश्मा प्राप्त किया, जिससे अब मुझे अच्छे से दिखाई दे रहा है। इसके लिए मैं अदाणी फाउंडेशन को धन्यवाद् देती हूँ। मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथिः इस स्वास्थ्य शिविर के मुख्य अतिथि लैलूंगा विधायक प्रतिनिधि बिहारी लाल पटेल रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व सरपंच जयपाल भगत उपस्थित थे। अदाणी नेचुरल रिसोर्सेस तमनार के क्लस्टर हेड मुकेश कुमार, गारे पेलमा 2 के साइट हेड बिपिन कुमार सिंह, भू-विभाग प्रमुख राघवेंद्र शर्मा तथा सीएसआर विभाग के सदस्य भी इस अवसर पर मौजूद रहे। समाज के समग्र विकास में योगदानः अदाणी समूह, अदाणी फाउंडेशन के माध्यम से रायगढ़ जिले के तमनार और पुसौर प्रखंड में सीएसआर की विभिन्न गतिविधियों का संचालन कर रहा है, जिनमें शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, आजीविका उन्नयन और ढाँचागत विकास जैसे कार्यक्रम शामिल हैं। इस पहल से 100 से अधिक गाँवों के लोगों को स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध हो रही हैं। इस सफल आयोजन के माध्यम से अदाणी फाउंडेशन ने ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है।

# कलर्स की प्रमुख अभिनेत्रियों ने महिला दिवस पर सशक्तिकरण और सीमाओं को तोड़ने पर साझा किए अपने विचार

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

रुबीना दिलैक, जो कलर्स के 'लॉफ्टर शेफ्स अनिलिमिटेड एंटरटेमेंट' में नजर आ रही हैं, ने कहा, मैं एक ऐसे घर में पली-बढ़ी हूं जहां महिलाओं की चलती हैं और पुरुष हमारी सफलता देखकर गर्व महसूस करते हैं। मेरी दादी हमारे परिवार की रीढ़ हैं, और हमारी पीढ़ी की हर महिला–चाहे वह मेरी मां हों, मेरी बुआएं हों, या अब मैं–हम सभी को केवल प्यार से ही नहीं, बल्कि सच्चे सम्मान के साथ रानी की तरह रखा गया है। हमारे जीवन के पुरुष–मेरे पति, मेरे पिता, मेरे ससुर–सिर्फ हमारी ताकत को स्वीकार ही नहीं करते, बल्कि उसे बढ़ावा भी देते हैं। ऐसा हर जगह होना चाहिए। 'लॉफ्टर शेफ्स' में हर सेलिब्रिटी मुझे बॉस लेडी के रूप में देखता है, और यही माहौल हर महिला को मिलना चाहिए। महिला दिवस सिर्फ एक दिन मनाने का नहीं, बल्कि सोच





बदलने और सम्मान व सशक्तिकरण को रोजमर्रा की वास्तविकता बनाने का अवसर है। हर महिला के लिए मेरा संदेश यही है–दुनिया के आपको पहचानने का इंतजार मत कीजिए, खुद अपनी पहचान बनाइए और एक-दूसरे को ऊपर उठाइए। दीपिका सिंह, जो कलर्स के 'मंगल लक्ष्मी' में मंगल की भूमिका निभा रही हैं, ने कहा, अक्सर महिलाओं से कहा जाता है कि उनके सपनों की समय सीमा होती है, कि उनकी महत्वाकांक्षाएं सीमित होनी चाहिए और वे समाज द्वारा तय भूमिकाओं में ही फिट बैठें। कई महिलाएं अपने सपनों को पूरा करना चाहती हैं, लेकिन असफलता का डर और घर की जिम्मेदारियां उन्हें रोक देती हैं। लेकिन मंगल की कहानी कुछ और ही दिखाती है। 36 साल की उम्र में, एक मां, एक पत्नी और अब एक उद्यमी होने के बावजूद, वह उस दुनिया में कदम रखती है जो उसके लिए नहीं बनी थी–और पीछे हटने से इंकार कर देती है। शो का 'एक ट्राय तो बनता है' एंथम हर उस महिला को समर्पित है जिसने कभी अपने सपनों को लेकर संदेह किया हो। पहला कदम उठाना आसान नहीं होता–यह वर्षों की धारणाओं को तोड़ना, आत्म-संदेह को पीछे छोड़ना और उन आवाजों को शांत करना होता है जो कहती हैं कि 'यह तुम्हारे लिए नहीं है'। लेकिन सच यह है कि जब एक महिला सपने देखने की हिम्मत करती है, तो वह अकेली नहीं होती–वह अनगिनत अन्य महिलाओं की उम्मीदों को साथ लेकर चलती है। अपने अंदर की शक्ति को कम मत समझिए, आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़िए, और अपने सपनों को हकीकत में बदलिए। सिर्फ़ सपने देखना ही काफी नहीं है – आपको कुछ करने की ज़रूरत है और खुद पर भरोसा करना होगा। पहला कदम बड़ा लग सकता है, लेकिन आगे बढ़ने के लिए बस इतना ही काफी है। जब हम खुद पर भरोसा करते हैं और एक कदम आगे बढ़ाते हैं, तो हर तरह की बाधाएँ दूर हो जाती हैं। हम एक साथ कई काम कर सकते हैं और मंगल की तरह का सपोर्ट सिस्टम होना एक वरदान है, जो हमारी सास के रूप में है, जो हमें बहुत सपोर्ट करती हैं। एक बार जब आप विश्वास की छलांग लगाने का फैसला करते हैं, तो चीजें उस तरह से काम करना शुरू कर देती हैं, जिसकी आपने उम्मीद नहीं की थी। वित्तीय स्वतंत्रता बहुत महत्वपूर्ण है, लेकिन इससे भी बढ़कर, जब आप अपने लिए कुछ करते हैं, तो आपका आत्मविश्वास बहुत बढ़ जाता है। याद रखें, आप जितना सोचते हैं, उससे कहीं ज़्यादा करने में सक्षम हैं। इसलिए ज़्यादा न सोचें, बस शुरू करें और चलते रहें।

सभी बेहतरीन महिलाओं को - महिला दिवस की शुभकामनाएँ, चमकते रहें, विश्वास करते रहें और उस जीवन की ओर बढ़ते रहें, जिसकी आप हकदार हैं। इस महिला दिवस पर, आइए उस जगह को हासिल करें जो हमेशा से हमारी रही है। जब हममें से कोई ऊपर उठता है, तो हम सभी ऊपर उठते हैं।

# स्व. ठाकुर महाराज सिंह शासकीय महाविद्यालय, थानखम्हरिया में रोजगार परामर्श एवं नैतिक शिक्षा पर एक दिवसीय जागरूकता व्याख्यान का आयोजन

पायनियर संवाददाता थानखम्हरिया
www.dailypioneer.com

स्व. ठाकुर महाराज सिंह शासकीय महाविद्यालय, थानखम्हरिया में रोजगार परामर्श और नैतिक शिक्षा पर एक दिवसीय जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को पीएससी, व्यापम सहायक प्राध्यापक भर्ती परीक्षाओं की तैयारी के बारे में मार्गदर्शन प्रदान करना और नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूक बनाना था। इस अवसर पर विषय विशेषज्ञ उमेश पाठक सहायक प्राध्यापक अतिथि वक्ता के रूप में उपस्थित हुए। मुख्य वक्ता ने प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने की रणनीतियाँ, अध्ययन सामग्री का चयन, समय प्रबंधन, साक्षात्कार की तैयारी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। साथ ही, नैतिक शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए नैतिक मूल्यों, सामाजिक उत्तरदायित्व और ईमानदारी जैसे




विषयों पर व्याख्यान दिया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वीना त्रिपाठी ने अपने संबोधन में कहा, प्रतिस्पर्धात्मक युग में केवल अकादमिक ज्ञान ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि नैतिक मूल्यों का होना भी आवश्यक है। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों को न केवल उनके करियर के लिए मार्गदर्शन देगा, बल्कि उन्हें एक अच्छा नागरिक बनने की दिशा में भी प्रेरित करेगा। सहायक प्राध्यापक ओमप्रकाश मरकाम और डॉ. कन्हैया साहु और डॉ टी एल साहु ने भी इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त किए और विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। महाविद्यालय प्रशासन ने इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों को भविष्य में भी जारी रखने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

# नगर के किला पहाड़ी में आग लगने से हड़कंप

## प्राचीन मंदिर एवं घोड़े हाथी तक पहुंची आग, असामाजिक तत्वों द्वारा आगजनी की आशंका

पायनियर संवाददाता डोंगरगांव
www.dailypioneer.com

नगर के आउटर में किला पहाड़ी में 5 मार्च को रात्रि 7 बजे अचानक आगजनी हो गई। आगजनी का कारण अज्ञात है। देर शाम छोटी सी आगजनी कुछ ही देर में तेजी से फैलते हुए बड़ी आग में तब्दील हो गई। किला पहाड़ी में आग लगने की खबर वन विभाग को मिलते ही विभाग में हड़कंप मच गया। आगजनी में वन क्षेत्र के अनेक कीमती व ईमारती वृक्ष के जलने की आशंका जताई गई है। नगर के बाहरी हिस्से में जामसरार रोड से लगे वनविभाग के किला पहाड़ी क्षेत्र आग लगने से पहाड़ी क्षेत्र में स्थित मंदिर के मूर्ति के इर्दगिर्द का हिस्सा झुलसने की खबर है। वहीं कीमती सागौन जैसे अनेक ईमारती व कीमती वृक्ष आग की लपट में आ गये हैं। उल्लेखनीय है कि समीप ही नगर में सेवतापारा के आस्था के केंद्र प्राचीन मंदिर भी स्थापित



है। मंदिर में प्राचीन मान्यता के घोड़ा हाथी में लपटें पहुंचने की अपुष्ट खबर है। इसके अलावा पहाड़ी क्षेत्र में ईव जंतुओं को भी भारी क्षति की आशंका व्यक्त की जा रही है। उल्लेखनीय है कि जामसरार मार्ग में स्थित बस्ती में काफी दिनों से अवैध शराब व गांजा की बिक्री की शिकायतें रही है। इस लिहाज से असामाजिक तत्वों द्वारा ही आगजनी को अंजाम देने का अंदाजा लगाया जा रहा है। बहरहाल देर रात्रि तक पुलिस बल व 112 के मौजूदगी में आग में काबू पाने लेने की खबर है।

# कोने एलिवेटर इंडिया ने रायपुर में नए कार्यालय के साथ छत्तीसगढ़ में अपनी उपस्थिति मजबूत की

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

कोने एलिवेटर इंडिया, जो एलिवेटर, एस्केलेटर और ऑटोमेशन समाधान प्रदान करने वाली अग्रणी कंपनी ने रायपुर में नए विस्तारित कार्यालय के साथ छत्तीसगढ़ में अपनी उपस्थिति का विस्तार किया है। यह उपलब्धि भारत के सबसे तेजी से बढ़ते क्षेत्रों में से एक में अपनी उपस्थिति को मजबूत करते हुए उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद और सेवाएं प्रदान करने के लिए कोने इंडिया की प्रतिबद्धता को पुष्ट करती है। नई ऑफिस, जो रणनीतिक रूप से वीआईपी स्क्वायर, रायपुर में स्थित है, छत्तीसगढ़ में एलिवेटर और एस्केलेटर समाधानों की बढ़ती मांग को पूरा करेगी। यह प्रदर्शनी केंद्र के रूप में भी काम करेगा, जिसमें कोने के उन्नत एलिवेटर डिज़ाइन, अभिनव सुविधाएँ और अत्याधुनिक तकनीक का प्रदर्शन किया जाएगा। यह कार्यालय रायपुर, बिलासपुर,



कोरबा, रायगढ़, अंबिकापुर, दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव, धमतरी, कांकेर और जगदलपुर सहित प्रमुख शहरों में काम करने वाली बिक्री, स्थापना, सेवा और आधुनिकीकरण टीमों का समर्थन करेगा। कोने एलिवेटर इंडिया को छत्तीसगढ़ में प्रतिष्ठित परियोजनाओं और संस्थानों के साथ साझेदारी करने पर गर्व है, जिसमें अविनाश वन, अविनाश सिग्नेचर होम्स, अविनाश ग्रुप द्वारा मैग्नेटो मॉल, वॉलफोर्ट ग्रुप द्वारा वॉलफोर्ट ओमेगा और वॉलफोर्ट हाइट्स, एम्स हॉस्पिटल रायपुर, संजीवनी कैंसर हॉस्पिटल, आशीष अग्रवाल द्वारा रोज़बे रिसॉर्ट और मैरा रिसॉर्ट, कन्वेंशन सेंटर, रियल स्पेस ग्रुप द्वारा द अल्टेयर और गोल्ड ब्रिक्स ग्रुप द्वारा कमर्शियल स्काई शामिल हैं। कई मौजूदा और आगामी परियोजनाओं का प्रबंधन नए कार्यालय से किया जाएगा। लॉन्च के अवसर पर बोलते हुए, कोने इंडिया और दक्षिण एशिया के प्रबंध निदेशक अमित गोसाई ने कहा, हम रायपुर में अपनी उपस्थिति का विस्तार करने के लिए उत्साहित हैं, जो ऊर्जा और विकास के अवसरों से भरा शहर है। यह नया कार्यालय हमें अपने ग्राहकों के करीब लाता है, जिससे हम क्षेत्र के विकास में योगदान करते हुए उन्हें बेहतर सेवा प्रदान कर सकते हैं। हम अपने नवीनतम नवाचारों को पेश करने और शहरी गतिशीलता को आसान, सुरक्षित और अधिक टिकाऊ बनाने वाले समाधान देने के लिए उत्साहित हैं, अंततः लोगों के रहने और चलने के तरीके में सुधार करते हैं। प्रमुख शहरों में कार्यालयों के एक मजबूत नेटवर्क के साथ, वन इंडिया आवासीय, वाणिज्यिक और औद्योगिक क्षेत्रों की उभरती जरूरतों को पूरा करने के लिए समर्पित है। कंपनी स्थिरता, तकनीकी नवाचार और ग्राहक-केंद्रित समाधानों के लिए प्रतिबद्ध है, यह सुनिश्चित करते हुए कि इसके उत्पाद और सेवाएँ उद्योग के मानक निर्धारित करना जारी रखें। नया कार्यालय वन एलिवेटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, कार्यालय संख्याः 001, अरोमा टॉवर, चौथी मंजिल, जी.ई. रोड, वीआईपी स्क्वायर, रायपुर में स्थित है।

# हाइवा चोरी करने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह का मुंगेली पुलिस द्वारा पर्दाफाश किया गया

पायनियर संवाददाता ◂ मुंगेली
www.dailypioneer.com

हाइवा चोरी करने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह का मुंगेली पुलिस द्वारा पर्दाफाश किया गया। पुलिस के अनुसार मामले में प्रार्थी धर्मेन्द्र सिंह ठाकुर पिता दिनेश सिंह उम्र 36 वर्ष निवासी वार्ड क्र.03 पण्डरिया, जिला कबीरधाम छ.ग., 26.फरवरी 2025 के दरम्यान रात्रि 09.00 बजे ग्राम रेहुंटा निवासी ड्रायवर दीपक निषाद हाइवा से रेती खाली कर थाना जरहागांव क्षेत्रातंर्गत ग्राम बरेला मे गजेन्द्र टायर दुकान के सामने ड्रायवर बदलने के लिये खड़ी करके चाबी को गजेन्द्र टायर दुकान मे चाबी को छोड़कर चला गया ड्रायवर नही मिलने पर हाइवा गजेन्द्र टायर दुकान मे खड़ी रह गयी 26-27.02.2025 के रात्रि कोई अज्ञात व्यक्ति के द्वारा हाइवा को चोरी कर ले गया रिपोर्ट पर अपराध क्र. 17/25 धारा 303 (2) बीएनएस के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया मामले की गंभीरता को देखते हुये पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज बिलासपुर डॉ. संजीव शुक्ला (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन पर



अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुंगेली नवनीत कौर छाबड़ा, उप पुलिस अधीक्षक एस. आर. घृतलहरे के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर घटना स्थल की बारिकी से निरीक्षण एवं घटना से संबंधित व्यक्तियो से पूछताछ कर अनेको सीसीटीव्ही फुटेज खंगाले गये जिसमे हाइवा जिसमे नंबर प्लेट चेंज कर तथा एक सफेद स्कार्पियो जो सामने मे हाइवा को फालो करते ले जा रहे है जिसका रूट चार्ट तैयार किया गया एवं सायबर तकनीकी साक्ष्य एकत्रित किया गया, विवेचना दौरान जिला-दाहोद गुजरात पुलिस लोकल क्राइम ब्रांच के द्वारा प्रकरण मे चोरी किये गये हाइवा ट्रक क्रमांक सीजी 10 बीएन 5500 (बिना नंबर प्लेट) जिसकी कीमत 45,000,00 रूपये एवं घटना में प्रयुक्त स्कार्पियो (बिना नंबर प्लेट) कीमत 7,50,000 रूपये एवं 5 नग मोबाईल कीमती 75,000 रूपये कुल कीमत 52,75,000 रूपये को घेराबंदी दौरान 02 आरोपी सहित पकड़ा गया एवं 03 आरोपी फरार हो गये जिस पर जरहागांव पुलिस द्वारा तत्काल गुजरात पुलिस टीम भेजकर आरोपीगण अकरम खान पिता जीमल उम्र 25 वर्ष निवासी झाण्डा जिला पलवल हा.मु.बिकटी थाना चुहाना जिला नूह राज्य हरियाणा, आजाद मिया पिता मंगतू मियां उम्र 26 वर्ष निवासी मेहराणा थाना बरसाना जिला मथुरा उत्तरप्रदेश को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर साथी मोहम्द निवासी सिगांर हरियाणा एवं 02 अन्य साथी हाइवा क्रमांक सीजी 10 बीएन 5500 को डीजल टंकी के लॉकर को तोड़कर हाइवा को चोरी कर स्कार्पियो वाहन से फॉलो करते एवं हाइवा मे लिखे अंशु कंट्रक्शन पण्डरिया को कुछ भाग को मिटाकर ग्राम बरेला से मसना गोड़खाम्ही पण्डरिया, जबलपुर मध्यप्रदेश होते हुये गुजरात जाना बताये एवं घटना कारित करना स्वीकार किये जिस पर उक्त हाइवा एवं घटना मे प्रयुक्त स्कार्पियो तथा 05 नग मोबाइल को बरामद जप्ती कार्यवाही कर आरोपीगण अकरम खान, आजाद मिया को गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमाण्ड पर भेजा गया। उक्त कार्यवाही मे उपनिरी. सुशील कुमार बंछोर थाना प्रभारी जरहागांव, प्र.आर. लोकेश राजपूत, महेश राज, रवि जांगड़े आरक्षक प्रवीण मिश्रा, चारूचंद नेताम की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

# छत्तीसगढ़ सिक्ख संगठन के द्वारा नांदेड़ साहिब यात्रा 12 को, छत्तीसगढ़ से 1200 संगत जाएगी

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ सिक्ख संगठन के द्वारा नांदेड़ साहिब यात्रा 12 मार्च को होला महिला मनाने के लिए नांदेड़ साहिब एवं नानक जीरा बीदर जा रही है जो की यात्रा बिल्कुल भी निशुल्क है जिसमें छत्तीसगढ़ से लगभग 1200 संगत जाएगी, 13 बस 4 ट्रक जा रहे हैं , जिसका फॉर्म स्टेशन रोड गुरुद्वारे में भरना आरंभ हो गया है, यात्रा स्टेशन रोड गुरुद्वारा से 12 तारीख को 2:00 बजे रवाना होगी यात्रा में जत्थेदार दलजीत सिंह चावला, हरपाल सिंह भामरा,



गुरुवचन सिंह टैंक, तेजेंद्र सिंह सलूजा, गुरुभेज सिंह, सागर सिंह, आशु राजपाल, मुरली खेमलानी, राजविंदर सिंह खालसा, रोहित मोनू, यसवंत सिंह, भरत सिंह, मोनू सलूजा आदि सेवादारी करेंगे।

# उचित मूल्य की दुकान के संचालन हेतु आवेदन 20 मार्च तक

पायनियर संवाददाता ◂ मुंगेली
www.dailypioneer.com

विकासखण्ड मुंगेली के ग्राम भथरी में शासकीय उचित मूल्य की दुकान के संचालन हेतु ग्राम पंचायत, महिला स्व सहायता समूह, प्राथमिक कृषि साख समितियां एवं अन्य सहकारी समितियों से 20 मार्च तक आवेदन मंगाए गए हैं। मुंगेली अनुविभाग के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ने बताया कि इच्छुक समितियां आवेदन पत्र आवश्यक दस्तावेजों के साथ कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मुंगेली में कार्यालयीन समय पर जमा कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया और पात्रता संबंधी अधिक जानकारी संबंधित कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

# जिला प्रशासन की तत्परता से रूका नाबालिग बालिका का विवाह

पायनियर संवाददाता ◂ मुंगेली
www.dailypioneer.com

जिला प्रशासन की तत्परता से 05 मार्च को लोरमी विकासखण्ड के ग्राम साल्हेघोरी में एक नाबालिग बालिका का विवाह रूकवाया गया। कलेक्टर राहुल देव के निर्देशानुसार जिले में बाल विवाह को रोकने के लिए महिला बाल विकास विभाग अंतर्गत जिला स्तरीय टीम का गठन किया गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी संजुला शर्मा ने बताया कि लोरमी अंतर्गत नाबालिग बालिका के विवाह की सूचना मिलने पर टीम तत्काल मौके पर पहुंची और परिजनों को दुष्परिणाम बताते हुए बाल विवाह नहीं कराने की समझाईश देते हुए हल्दी की रस्म शुरू होने से पहले विवाह को स्थगित कराया गया। बालिका के परिजन



गरीबी, अशिक्षा व आर्थिक स्थिति कमजोर होने एवं मजदूरी करने अन्य राज्य पलायन करने के लिए विवाह करा रहे थे। बालिका ने विवाह से इंकार करते हुए बताया कि वह कक्षा 10वीं तक पढ़ी है और आगे पढ़ना चाहती है। बालिका को बाल कल्याण समिति में प्रस्तुत किया गया। इस दौरान बाल कल्याण समिति के सदस्य लक्ष्मी साहू, जिला बाल संरक्षण अधिकारी अंजुबाला शुक्ला और चाईल्ड हेल्पलाइन समन्वयक उमाशंकर कश्यप द्वारा बालिका को श्रीफल, पेन और डायरी प्रदान कर सम्मानित किया गया और बालिका के माता-पिता को हरसंभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया गया। गौरतलब है कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 अंतर्गत बाल विवाह कराए जाने पर 02 वर्ष की सजा के साथ 01 लाख रूपए का जुर्माने का प्रावधान है। बाल विवाह रोकने एवं संरक्षण वाले बच्चों की मदद के लिए चाईल्ड हेल्पलाईन नम्बर 1098 पर कॉल कर सकते हैं।

# बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के तहत हस्ताक्षर अभियान आयोजित

पायनियर संवाददाता ◂ मुंगेली
www.dailypioneer.com

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिले में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के तहत बालिकाओं की सुरक्षा एवं शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए 08 मार्च तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर राहुल देव के निर्देशानुसार 05 व 06 मार्च को रामानुज प्रसाद देवागंन शासकीय प्राथमिक स्कूल मुंगेली, शासकीय प्राथमिक कन्या स्कूल रेहुंटा, शासकीय हाईस्कूल बरेला, शासकीय प्राथमिक स्कूल ठकुरीकापा और शासकीय प्राथमिक स्कूल आवास बरेला में हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी संजुला शर्मा ने




बताया कि कार्यक्रम में संरक्षण अधिकारी श्रीमती सीतामणी कच्छप, सखी वन स्टॉप सेंटर की केंद्र प्रशासक सुनीता दादवानी के द्वारा बच्चों को गुड टच, बैड टच, बच्चों की सुरक्षा, चाइल्ड हेल्पलाईन 1098 एवं सखी वन स्टाप सेंटर के संबंध में जानकारी दी गई। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षकगण और बड़ी संख्या में स्कूली विद्यार्थी मौजूद रहे।

# मत्स्य रोग प्रबंधन विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन



पायनियर संवाददाता ◂ मुंगेली
www.dailypioneer.com

केन्द्रीय मात्स्यिकी शिक्षा संस्थान, मुम्बई द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र, मुंगेली के संयुक्त तत्वाधान में अनुसूचित जाति उपयोजना के तहत मत्स्य रोग प्रबंधन विषय पर मुंगेली विकासखण्ड के ग्राम फ़रहदा में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में केन्द्रीय मात्स्यिकी शिक्षा संस्थान, मुम्बई के वैज्ञानिक डॉ. अरुण शर्मा ने उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को मत्स्य स्वास्थ्य प्रबंधन पर विस्तृत जानकारी दी। वहीं डॉ. सलोनी शिवम ने मछलियों में होने वाले रोगों और उनके नियंत्रण के संबंध में बताया। मत्स्य विशेषज्ञ डॉ. प्रदीप सिंह ने ग्रामीण तालाबों के प्रबंधन एवं मत्स्य पालन हेतु आवश्यक भौतिक-रासायनिक गुणों के बारे में जानकारी साझा की। इस दौरान गॉव के सरपंच उमेश साहू ने ग्रामीण आजीविका विकास हेतु मछलीपालन के महत्व को बताते हुए इसके आर्थिक लाभों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के समापन में तालाब में मत्स्य बीज संचय किया गया। इस अवसर पर स्व सहायता समूहों की महिलाएं एवं कृषकगण मौजूद रहे।

# जिले के होनहार छात्र अंशुमान शुक्ला को फिजियोथैरेपी में सिल्वर मेडल से सम्मानित किया गया

पायनियर संवाददाता ◂ मुंगेली
www.dailypioneer.com

मुंगेली जिले के होनहार विद्यार्थी ने शासकीय महाविद्यालय रायपुर से शिक्षा प्राप्त कर जयपुर से मास्टर की डीग्री प्राप्त कि जैन इंटरनेशनल कॉलेज से सिल्वर मेडल प्राप्त किया है। जयपुर स्थित कॉलेज में वार्षिक मेडल वितरण कार्यक्रम के आयोजन में मुंगेली जिले के होनहार छात्र अंशुमान शुक्ला को फिजियोथैरेपी में सिल्वर मेडल से सम्मानित किया गया। यह सम्मान माननीय उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड के हाथों प्राप्त हुआ। मुंगेली जिले के अजय शुक्ला के सुपुत्र अंशुमान शुक्ला शुरू से ही कडी मेहनत करने वाला रहा है, अंशुमान ने विद्यार्थी जीवन से ही अपनी प्रतिभा का परिचय दिया और नर्सरी से बारहवीं तक प्रत्येक कक्षा में श्रेष्ठ अंक प्राप्त कर अपनी लगन से सर्मपण का प्रमाण दिया। अपनी शिक्षा यात्रा को आगे बढाते हुए अंशुमान ने शासकीय फिजियोथैरेपी कॉलेज, रायपुर में



बीपीटी पाठ्यक्रम में प्रवेश लिया। कडी मेहनत और लगन के बल पर उन्होनें चतुर्थ वर्ष में सफलता हासिल कर मास्टर डिग्री लेने जयपुर नेशनल युनिवर्सिटी राजस्थान से शिक्षा प्राप्त कर सिल्वर मेडल प्राप्त किया है। अंशुमान ने न केवल अपने परिवार बल्कि अपने स्कूल और शहर का भी नाम रोशन किया। अपनी सफलता का श्रेय अंशुमान ने माता पिता व स्कूल के शिक्षकों को देते हुए कहा की उनके मार्गदर्शन और प्रेरणा ने उन्हें हमेशा आगे बढने के लिये प्रेरित किया है। इस उपलब्धि पर कॉलेज के प्रबंधक, प्राचार्य और संकाय सदस्यों सहित नगरवासियों व परिजनों नें अंशुमान शुक्ला को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की मंगल कामना की है।

# व्यवहार न्यायालय चांपा में लोक अदालत 8 को, आपसी समझाइश व सुलह से सौहाद्रपूर्वक वार्ता कर होगा प्रकरणों का निराकरण

पायनियर संवाददाता ◂ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com

लोगों को शीघ्र एवं सस्ता न्याय सुलभ कराने हेतु व्यवहार न्यायालय चांपा में शनिवार 8 मार्च को सुबह 11 बजे से लोक अदालत का आयोजन किया गया है। लोक अदालत में आपसी समझाईस एवं सुलह के आधार पर सौहाद्रपूर्वक वार्ता कर प्रकरणों का निराकरण किया जाता है। लोक अदालतों में दीवानी फौजदारी (समझौता योग्य), बैंक, नगरपालिका, दूरसंचार, राजस्व, श्रम तथा अन्य न्यायालीन प्रकरणों के निराकरण हेतु संबंधित न्यायालय में आवेदन दिया जा सकता है। निराकृत प्रकरणों की अपील नहीं की जा सकती है। निराकृत प्रकरणों पर पूर्व में लगाया गया न्याय शुल्क की संपूर्ण राशि वापस की जाती है। ऐसे प्रकरण जो न्यायालय में पेश नहीं हुये हैं प्री-लिटिगेशन को भी लोक अदालत में निराकरण हेतु विधिवत तैयार कर




बिना न्याय शुल्क के पेश किया जा सकता है। लोक अदालत का अधिनिर्णय सिविल न्यायालय की डिक्री के समतुल्य है तथा उसी प्रकार निष्पादित किया जा सकता है। आयोजित होने वाले इस लोक अदालत के लिए विभिन्न प्रकरणों में व्यवहार न्यायालय के माननीय न्यायाधीश द्वारा नोटिस जारी किया गया है, इनके अलावा अन्य कोई भी व्यक्ति अपने न्यायालयीन प्रकरण जो न्यायालय में पेश नहीं हुए हैं, को आपसी सहमति से निराकृत कराने इस लोक अदालत में निःशुल्क आवेदन पेश कर भाग ले सकता है। इस लोक अदालत में तालुका विधिक सेवा समिति चांपा के पीठासीन अधिकारी एवं खंडपीठ असलम खान, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी/व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 01 चांपा तथा सुलहकर्ता अधिवक्ता सदस्य अनिल कुमार महार उपस्थित रहेंगे।

# कलेक्टर आकाश छिकारा के साथ सेलिब्रेटी विक्की जैन पहुंचे हसदेव क्रिएटर्स हब

## कहा : युवाओं के सृजनात्मक प्रतिभा को सामने लाने का बेहतर मंच

पायनियर संवाददाता ◂ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com

फिल्म टीव्ही एवं वेबसीरिज के सुप्रसिद्ध कलाकार निर्माता विक्की जैन आज कलेक्टर आकाश छिकारा के साथ जांजगीर के हसदेव क्रिएटर्स हब पहुंचे। उन्होंने हसदेव क्रिएटर्स हब की सराहना की। उन्होंने कहा कि युवाओं की सृजनात्मक प्रतिभा को सामने लाने का यह एक बेहतर मंच है। यह स्टूडियो एवं यहां उपलब्ध संसाधन कंटेट क्रिएटर्स, इनफ्लूएंसर्स, यूट्यूबर्स एवं इस क्षेत्र में रूचि रखने वाले युवाओं के लिए मील का पत्थर साबित होंगे। उन्होंने कलेक्टर आकाश छिकारा की सोंच और युवा प्रतिभाओं के लिए की गई अभिनव पहल की सराहना की। उन्होंने हसदेव क्रिएटर्स हब में पॉडकास्ट के दौरान अपने संघर्ष व मुकाम के बारे मे बताते हुए जवाब में कहा कि मै भी छोटे शहर हूं लेकिन



अपने कार्य में बेहतर करते हुए आज मै इस मुकाम पर हूं। आप सभी युवा अपने क्षेत्र में ईमानदारी के साथ मेहनत करते हुए आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि प्रतिभाओं को आगे आने के लिए एक प्लेटफार्म मिलना चाहिए जो आपके पास हसदेव क्रिएटर्स हब के रूप मे है।

आप आत्मविश्वास के साथ अपनी कला को सोशल मीडिया के माध्यम से प्रदर्शित करें सफलता अवश्य मिलेगी। व्यवसाय व फिल्म दोनो क्षेत्रो में कार्य करते हुए आप किस तरह सामंजस्य स्थापित करते है? इस पर उन्होंने कहा कि जीवन में समय प्रबंधन व अनुशासन अत्यंत आवश्यक है। जिसने इसे समक्ष लिया वह किसी भी क्षेत्र में आगे बढ़ सकता है। इससे पहले जिले के कंटेट क्रिएटर्स, इनफ्लूएंसर्स, यूट्यूबर्स ने उनका हसदेव क्रिएटर्स हब में स्वागत किया। इस दौरान सहायक संचालक जनसंपर्क जरीफ खान, व्याख्याता दीपक कुमार यादव, सहायक प्रचार-प्रसार अधिकारी देवेन्द्र कुमार यादव, जिला समन्वयक अमित कश्यप, यूट्यूबर्स योगेश राठौर, आकाश कश्यप, प्रकाश, ऋतिक सहित कंटेट क्रिएटर्स, इनफ्लूएंसर्स, यूट्यूबर्स उपस्थित थे।

**मार्च माह तक सभी किसानों का कार्ड बनाने के दिए निर्देश**

# कलेक्टर एवं एसपी ने सिलतरा में किसान कार्ड निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◂ मुंगेली
www.dailypioneer.com

कलेक्टर राहुल देव और पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने पथरिया विकासखंड के ग्राम सिलतरा का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत भवन में एग्रीस्टेक परियोजना के तहत किसान कार्ड (फार्मर पंजीयन) निर्माण प्रक्रिया का जायजा लिया और मार्च माह तक सभी किसानों का पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि मार्च माह तक शत-प्रतिशत किसानों का कार्ड बनाए जाएं, जिससे वे पीएम किसान योजना, किसान क्रेडिट कार्ड बनवाने, बैंक से लोन व सोसायटी से खाद-बीज लेने, सोसायटी में धान



बेचने के साथ ही शासन की सभी योजनाओं का लाभ आसानी से प्राप्त कर सकें। कलेक्टर ने बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य देशभर में कृषि भू-स्वामियों का एक एकीकृत पंजीकरण तैयार करना है, जिससे कृषि अनुदान, फसल बीमा और अन्य योजनाओं का पारदर्शी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके। गौरतलब है कि ग्राम पंचायत सिलतरा के कुल 589 किसानों में से 202 किसानों का कार्ड निर्माण हेतु पंजीयन किया जा चुका है। कलेक्टर ने शेष किसानों को जल्द से जल्द पंजीयन कराने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि किसान बी-1 (भू-अधिकार पत्र), आधार कार्ड और मोबाइल नंबर के साथ कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केन्द्र, धान खरीदी केन्द्र में जाकर या पटवारी के माध्यम से पंजीयन करा सकते हैं।

**खेल मैदान समतलीकरण एवं बुनियादी समस्याओं पर त्वरित निर्देश**-ग्रामीणों ने कलेक्टर से खेल मैदान समतलीकरण की मांग रखी। उन्होंने बताया कि गांव के युवा विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं में भाग लेते हैं और कई युवा पुलिस एवं सैन्य भर्ती की तैयारी कर रहे हैं, लेकिन असमतल मैदान के कारण उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कलेक्टर ने इस संबंध में जनपद सीईओ को स्थानीय विधायक की सहमति से शीघ्र प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। ग्रामीणों द्वारा बिजली, पेयजल, राजस्व संबंधी समस्या और तालाब के गहरीकरण एवं मेड़ बंधान को भी लेकर चर्चा की गई, जिस पर कलेक्टर ने संबंधित विभागों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। वहीं पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने गांव में सुरक्षा संबंधी मुद्दों की समीक्षा की और युवाओं को नशा एवं गलत संगत से दूर रहते हुए लक्ष्य आधारित मेहनत करने के लिए प्रेरित किया।

**ग्राम धरदेई में धान उठाव कार्य का निरीक्षण**-पथरिया विकासखंड के ग्राम धरदेई खरीदी केंद्र का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने धान उठाव कार्य की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को जीरो शॉर्टेज का लक्ष्य रखते हुए शीघ्र धान उठाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि खरीदी केन्द्र में 78 हजार क्विंटल धान की खरीदी की गई है, जिनमें से 70 हजार क्विंटल धान का उठाव किया जा चुका है। वहीं 08 हजार क्विंटल धान उठाव के लिए शेष है। कलेक्टर ने कहा कि यदि धान उठाव में देरी होती है तो संबंधित के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**सरगांव में निर्माणाधीन पटाखा भंडारगृह निर्माण का अवलोकन**-कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने सरगांव क्षेत्र में निर्माणाधीन पटाखा भंडार गृह का निरीक्षण किया और लाइसेंस एवं पर्यावरण विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित व्यक्ति को निर्देशित किया कि सभी नियमों एवं सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान अपर कलेक्टर जी.एल. यादव, पथरिया एसडीएम भरोसा राम ठाकुर, तहसीलदार छाया अग्रवाल, जनपद सीईओ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# बालको के ट्रांसजेंडर कर्मचारियों ने कार्यस्थल के साथ बीपीएल में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

## विविधता और समावेशिता को बढ़ावा देता बालको प्रीमियर लीग



पायनियर संवाददाता ◄ बालकोनगर
www.dailypioneer.com

बालको प्रबंधन की ओर से आयोजित अंतरविभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता बालको प्रीमियर लीग (बीपीएल) कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार की उपस्थिति में धूमधाम से सपन्न हुआ। लैंगिंग विविधता को बढ़ावा देने पर समर्पित इस प्रतियोगिता में लगभग 145 डायवर्स टीमों ने हिस्सा लिया। लगभग 60 दिनों तक चले क्रिकेट प्रतियोगिता डायवर्सिटी और इंक्लूजन का फेस्टिवल बन गया जिसमें महिला, पुरुष एवं ट्रांसजेंडर कर्मचारियों तथा व्यावसायिक भागीदारों सामुदायिक लाभार्थी सहित विभिन्न टीमों ने अपने बेहतरीन प्रदर्शन से खेल प्रेमियों का भरपूर मनोरंजन किया। एक समान कार्य संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता के रूप में बालको विविधता और समावेशिता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न कदम उठाया है। इसी क्रम में कंपनी ने प्रगतिशील कदम उठाते हुए बीपीएल छठवें के संस्करण में लैंगिग विविधता को बढ़ावा देते हुए ट्रांसजेंडर खिलाड़ियों को भी शामिल किया। बालको ने कार्यस्थल के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में मौका देकर इन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का अवसर प्रदान किया जिसपर खरा उतरते खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन किया। कंपनी ने संवेदीकरण कार्यशालाओं और प्रशिक्षण से बेहतर कार्यस्थल संस्कृति को बढ़ावा दिया है जिसके वजह से यह संभव हो सका है।

कंपनी ने समानता को बढ़ावा देने और लिंग के आधार पर असुविधा या पूर्वाग्रह की आशंका खत्म करने के लिए 'जेंडर-न्यूट्रल' का बुनियादी ढांचा विकसित किया है। संयंत्र में समावेशिता को आगे ले जाने के दृढ़ संकल्प के साथ कंपनी ने अनेक लाभकारी योजनाएं लागू की हैं। ट्रांसजेंडर कर्मचारियों के लिंग परिवर्तन/पुनः निर्धारण सर्जरी के लिए दो लाख रुपये की एकमुश्त अनुदान नीति। अनुदान के साथ ही 30 दिनों का अनुपस्थिति अवकाश तथा इस अवधि में उनकी देखभाल का प्रावधान भी शामिल है। नीति के कार्यान्वयन के बाद से मुआवजा और छुट्टी संबंधी प्रावधानों का लाभ अबतक 5 जरूरतमंद कर्मचारियों को मिल चुका है। कंपनी ने उन्हें उच्च शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता नीति के साथ सशक्त बनाया है, जिससे वो अपने सपनों को पूरा करऔर आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो सकें।

प्रतियोगिता में सभी टीमों के खेल की सराहना करते हुए बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने विजेता टीमों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि बीपीएल के इस संस्करण में लैंगिग विविधता देखने को मिली जो बालको परिवार के दृढ़ संकल्प का नतीजा है। इस पहल से टीम भावना, एकजुटता और पारस्परिक सौहार्द्र बढ़ाने के उद्देश्य से खेल स्पर्धाओं का आयोजन बालको के लिए सही मायनों में सफल साबित हुआ। बालको परिवार हर साल पूरा इस टूर्नामेंट का बेसब्री से इंतजार करता है।

कंपनी में कार्यरत ट्रांसजेंडर गीतू यादव ने बीपीएल का अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि बीपीएल में खेलना मेरे लिए रोमांचकारी और यादगार अनुभव रहा। मैच के दौरान मुझे बहुत सीखने को मिला जैसे टीम के बीच समन्वय तथा एक दूसरे के साथ मिलकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाना तथा जीत-हार से बढ़कर अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देना शामिल है।बीपीएल के छठवे संस्करण में बीपीएल में हॉस्पिटल स्टार और पॉटरूम पाइरट्स टीम विजेता बनी। शक्ति टाउनशिप तथा स्ट्राइकिंग इंगल की टीम उपविजेता रही। प्रतियोगिता में कुल 2200 से अधिक क्रिकेट प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। टीम भावना को बढ़ावा देने के लिए प्रतिस्पर्धा मैच के साथ सदभावना मैच, सीनियर लीडरशिप सीईओ-11 बनाम सीएफ्ओ-11 तथा सीनियर मैनेजमेंट बनाम यूनियन बीच खेला गया। यह मैच पूरे टूर्नामेंट के दौरान मुख्य आकर्षक का केंद्र था। टीमों ने खेल भावना परिचय देते हुए प्रतिस्पर्धा की जिससे संगठन के भीतर सौहार्द और मजबूत हुआ।

# श्री बालाजी मेडिकल कॉलेज में प्रथम अंतर चिकित्सा महाविद्यालयीन युवक समारोह का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



श्री बालाजी मेडिकल कॉलेज द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के तत्वाधान में प्रथम अंतर चिकित्सा महाविद्यालयीन युवक समारोह का आयोजन 7 एवं 8 मार्च को किया गया है। इसमें स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के 16 चिकित्सा महाविद्यालय के लगभग 300 विद्यार्थी हिस्सा ले रहे है। विश्वविद्यालय के इस युवक समारोह में वाद-विवाद तात्कालिक भाषण, रंगोली, पेटिंग गायन एकल एवं युगल नृत्य के अलावा लघुनाटक की प्रतियोगिता होगी। 7 मार्च को युवक समारोह का उद्घाटन प्रातः 11 बजे श्री बालाजी मेडिकल कालेज के सभागार में सम्पन्न होगा। समारोह के मुख्य अतिथी डॉ.पी. के पात्रा, कुलपति आयुष विश्वविद्यालय एवं अति विशिष्टि अतिथी किरण कौशल, आयुक्त चिकित्सा शिक्षा होगी। समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण शानिवार, 8 मार्च 2025 को दोपहर 12 बजे होगा।

# नवपदस्थ आयुक्त व एमडी स्मार्ट सिटी विश्वदीप ने रायपुर नगर निगम में सम्हाला पदभार

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



नवपदस्थ रायपुर नगर निगम आयुक्त एवं रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के प्रबंध संचालक विश्वदीप ने नगर निगम मुख्यालय भवन महात्मा गॉधी सदन के द्वितीय तल पर निगम आयुक्त कार्यालयीन कक्ष में निगम आयुक्त एवं रायपुर स्मार्ट सिटी के प्रबंध संचालक का प्रशासनिक पदभार सम्हाल लिया है। जिला धमतरी के नवपदस्थ कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने नवपदस्थ आयुक्त विश्वदीप को नगर निगम आयुक्त और रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के प्रबंध संचालक का प्रशासनिक पदभार सौपा। इस अवसर पर भारतीय प्रशासनिक सेवा बैच 2018 के नवपदस्थ जिला धमतरी कलेक्टर अबिनाश मिश्रा एवं भारतीय प्रशासनिक सेवा बैच 2019 के नवपदस्थ रायपुर नगर निगम आयुक्त विश्वदीप को रायपुर नगर निगम अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, यू.एस. अग्रवाल, पंकज के. शर्मा, विनोद पाण्डेय, कृष्णा खटीक, मुख्य अभियंता यू.के. धलेन्द्र, उपायुक्त डॉ. अंजलि शर्मा, जसदेव सिंह बाबरा, प्रीति सिंह, डॉ. दिव्या चंद्रवंशी, जोन 4 जोन कमिश्नर अरूण ध्रुव, रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के महाप्रबंधक तकनीकी पंकज कुमार पंचायती सहित रायपुर नगर निगम एवं रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बुके प्रदत्त कर हार्दिक शुभकामनाएं दी।

# दिल्ली के राष्ट्रीय कार्यक्रम से लौटे बिजली कर्मियों ने कहा- लाइनमेन का ऐसा सम्मान कल्पना के बाहर की बात



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के तीन बिजली कर्मवीरों को दिल्ली में आयोजित लाइनमेन दिवस समारोह में सम्मानित होने का गौरव प्राप्त हुआ है। सम्मान पाकर लौटे बिजलीकर्मियों ने इसे अपने जीवन का सबसे बड़ा पुरस्कार बताया और कहा कि फील्ड में काम करते हुए हमें अनेक कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है लेकिन सभी चुनौतियों के बीच हमारा साहस ही हमें आगे बढ़ाता है। लाइनमेन दिवस पर सम्मान होने से हमारा साहस और बढ़ गया है। इस सम्मान से हमें और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा मिली है। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के लाइनमेन जोगेश्वर प्रसाद वर्मा सारागांव भूपेश्वर ध्रुव मैनपुर और परमेश्वर चंद्राकर नेहरूनगर को उत्कृष्टता सम्मान प्रदान किया गया। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए पॉवर कंपनी के अध्यक्ष सुबोध सिंह एवं प्रबंध निदेशक भीमसिंह कंवर का भी आभार व्यक्त किया है। केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय ने देशभर में लाइनमेन दिवस पर विविध आयोजन किये। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में देशभर के चुने हुए लाइनमेन को केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण सीईए के अध्यक्ष घनश्याम प्रसाद एवं दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के सीईओ गजानंद एस काले ने सम्मानित किया। इसमें हर प्रदेश के तीन-तीन लाइनमेन को चुना गया था। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के अतिरिक्त मुख्य अभियंता केएस भारती भी प्रतिनिधि मंडल के लीडर के रूप में इस कार्यक्रम में शामिल हुए। लौटने के पश्चात् भूपेश्वर ध्रुव ने बताया कि वे 15 साल से लाइनमेन के पद पर कार्यरत् हैं। उनकी पदस्थापना घने वनांचल और नक्सल प्रभावित क्षेत्र में है। बारिश और आंधी के कारण उनके क्षेत्र में जब फाल्ट आता है तो वे बिना समय गंवाए अपने टीम के साथ पेट्रोलिंग करते हैं और फाल्ट सुधारते हैं। तीन साल पहले गांव में बहुत अधिक बारिश हुई थी। तब नदी में बाढ़ के कारण वहां जाना मुश्किल था। तब वे नदी पार करके दूसरी ओर पहुंचे और विद्युत आपूर्ति बहाल की।

# यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित करने स्पेशल ट्रेन का परिचालन हुआ शुरू

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को नियंत्रित करने तथा उन्हे सुगम, सुरक्षित एवं आरामदायक यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मऊ और विशाखापट्टनम के मध्य एक फेरे के लिए स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है। यह गाड़ी दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के उमरिया, शहडोल, अनूपपुर, पेंड्रारोड, बिलासपुर, चांपा एवं रायगढ़ स्टेशनों पर ठहरकर विशाखापट्टनम जाएगी। गाड़ी संख्या 05064 मऊ-विशाखापटनम स्पेशल ट्रेन 06 मार्च (गुरुवार) 2025 को मऊ से 18.20 बजे रवाना होगी तथा अगले दिन 07 मार्च 2025 को उमरिया स्टेशन आगमन 11.45 बजे, प्रस्थान 11.47 बजे, शहडोल स्टेशन आगमन 13.05 बजे प्रस्थान 13.10 बजे, अनूपपुर स्टेशन आगमन 13.55 बजे प्रस्थान 14.00 बजे, पेंड्रारोड स्टेशन आगमन 14.50 बजे, प्रस्थान 14.52 बजे, बिलासपुर स्टेशन आगमन 17.50 बजे, प्रस्थान 18.05 बजे, चांपा स्टेशन आगमन 18.50 बजे, प्रस्थान 18.52 बजे , रायगढ़ स्टेशन आगमन 19.55 बजे प्रस्थान 19.57 बजे होते हुये तीसरे दिन 08 मार्च 2025 को 12.15 बजे विशाखापटनम स्टेशन पहुंचेगी। इस ट्रेन में 02 एसएलआरडी, 06 सामान्य तथा 12 शयनयान कोच की सुविधा उपलब्ध है।

## एनआईए की छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्र में छापेमारी जारी

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के नक्सल प्रभावित आमाबेड़ा क्षेत्र में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की छापेमारी जारी है और चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस निरीक्षक विनोद साहू ने बताया कि यह कार्रवाई नक्सल नेटवर्क और उससे जुड़े संदिग्धों के खिलाफकी जा रही है। इसी दौरान, चार व्यक्ति यों को गिरफ्तार भी किया गया है। गिरफ्तार में से भुवन जैन, सुरेश सलाम, शैलेन्द्र बघेल (गोलू) और अंदू सलाम हैं। इससे पहले भी एनआईए की टीम इन व्यक्तियों से पूछताछ की थी।




# कांग्रेस ने किया महिला पत्रकारों का ''कलम वीरांगना सम्मान''




पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के पूर्व मीडिया के क्षेत्र में काम करने वाली महिला पत्रकारों का सम्मान कांग्रेस संचार विभाग द्वारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, कांग्रेस के राष्ट्रीय सह प्रभारी विजय जांगिड़ ने शाल एवं मोमेंटो देकर महिला पत्रकार बहनों का सम्मान किया। इस अवसर पर उद्बोधन देते हुये पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि मीडिया के क्षेत्र में इतनी बड़ी संख्या में महिलाओं को काम करते हुए देख कर सुखद अनुभूति होती है। पहले के जमाने में प्रिंट मीडिया में पूरे रायपुर में तीन-चार महिला पत्रकार ही दिखती थी। यह बड़ी उपलब्धि है कि रिपोर्टिंग और एंकरिंग दोनों ही स्थानों पर महिलाओं ने अपनी जगह बनाई है। आज की नारी सशक्त हो गयी है। कांग्रेस पार्टी लगातार तीन वर्षों से महिला पत्रकारों का सम्मान करते आ रही है। आप सबका यहां आना कांग्रेस के लिए गौरव का क्षण है। आजादी के समय से पत्रकारिता और पत्रकारों की अहम भूमिका रही है। पहले कहा जाता था ''खीचों न कमानो को, न तलवार निकालो, जब तोप मुकाबिल हो तो अखबार निकालो।'' आप सबका देश के नवनिर्माण लोकतंत्र को बचाने में बड़ी भूमिका है। महिला पत्रकारों के सम्मान की परंपरा आगे बढ़ाने के लिए संचार विभाग को बधाई। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि पत्रकारिता के क्षेत्र में काम करना महिलाओं के लिये बड़ी चुनौती है आप सब इस चुनौती को बखूबी निभा रही है। आम सबको सम्मानित करके हमें खुशी हो रही है। विपक्ष के रूप में हमें मीडिया से विशेष संरक्षण की अपेक्षा रहती है। महिला पत्रकार देश के लोकतंत्र को संरक्षित एवं सुरक्षित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। आम आदमी की आवाज पत्रकार होते है, आपका काम कठिन है, घर एवं काम में सामंजस्य बना कर जनता की सेवा करना महत्वपूर्ण है। हम सब आप को सेल्यूट करते है। राष्ट्रीय सह सचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी विजय जांगिड़ ने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में महिला पत्रकार है यह देख कर आश्चर्य हो रहा है। महिला दिवस पर महिला पत्रकारों के सम्मान की यह परंपरा केवल छत्तीसगढ़ में देखने को मिलती है। कांग्रेस पार्टी हमेशा से महिलाओं का सम्मान करती है। महिला पत्रकार देश के सामने एक मिसाल है जो अपनी कर्मठता से समाज की रक्षा करती है। खबरों की दुनिया में अपना मुकाम बनना बड़ी चुनौती है। जिसका आप सबने सामना किया है। कांग्रेस संचार विभाग को इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए बधाई देता हूं। कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि आप सबका सम्मान ग्रहण करने आना कांग्रेस के लिए बड़ी उपलब्धि है। महिला पत्रकार बहनें समाज में नारी की सशक्तीकरण का बड़ा उदाहरण है। पत्रकार के रूप में आपकी कर्मठता समाज के लिए प्रेरणा है। कांग्रेस संचार विभाग आपको सम्मानित करके खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहा है। कार्यक्रम में पत्रकार ज्योति ठाकुर, प्रियंका कौशल, सोनल भारद्वाज, रचना नितेश, शगुप्ता शिरीन, ममता लांझेवार, सुमी राजप्पन, स्वाति कौशिक, सुप्रिया पांडे, निधि प्रसाद, निशा द्विवेदी, ताजिन नाज, सोमा देवांगन, रजनी ठाकुर, तनु वर्मा, चित्रा पटेल, करिश्मा सोनी, मोनिका दुबे, लक्षिका साहू, तृप्ति सोनी, दामिनी बंजारे, सोनाली शर्मा, रसिका पांडेय, रिया साहू, अंबिका मिश्रा, किरण नायक, विनय त्रिवेदी, आकांक्षा पांडेय, जिज्ञासा चंद्रा, रेखा क्रिस्टाफर, पूनम रितु सेन, शबनम यजमानी, सुधा बाघ, दिव्या टंडन, सीमा दुबे, प्राची पांडेय, पुष्पांजली साहू, अर्चना, वर्षा यादव, गुलेश पाल, मनीषा त्रिपाठी, वर्षा नामदेव, प्रियांशा लोजरस, फानिया देवांगन, शुभांगी सिंह, पूजा गुप्ता, आरती बेनिया, प्रीति जोशी, अंजली देवांगन, मोनिका लोधी, सोना राजपूत, ज्योति राव, रेणु तिवारी, आंकाक्षा दुबे, नेहा श्रीवास्तव, श्वेता शर्मा, शोभा यादव, महिमा पाण्डेय, सुरभि वर्मा, रूची निर्मलकर, साधना पाण्डेय, शारदा काछी, आहना पुंज, राजश्री थवाईत, पदमा कुलदीप, सारिका श्रीवास्तव, ललिता चक्रधारी, अपूर्वा सिंह, पूजा पुजारा, धानी पटेल, रष्का गौरी, इफत खान, योगिता वाजपेयी, छाया चौधरी, सृष्टि पांडेय सम्मान किया गया।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403